✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 48 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 14 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 का शुभारंभ करते सीएम सम्राट चौधरी

### मुख्यमंत्री ने किया बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 का शुभारंभ

# पर्यटन से बढ़ेगा रोजगार-निवेश : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पर्यटन को नई रफ्तार देने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह योजना बिहार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। योजना के तहत सोमवार 13 जुलाई से ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है जबकि 18 जुलाई से प्रत्येक शनिवार और रविवार को हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध होंगी। योजना के पहले चरण में पटना से राजगीर, वाल्मीकिनगर और कैमूर के लिए हेली-टूरिज्म सेवा शुरू की गई है। सरकार आम नागरिकों को किफायती दरों पर हवाई पर्यटन उपलब्ध कराने के लिए प्रति टिकट अधिकतम 15,422 रुपये तक का अनुदान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन केवल घूमने-फिरने तक सीमित नहीं है बल्कि यह रोजगार, निवेश और आर्थिक विकास का मजबूत आधार भी है। राज्य सरकार होम स्टे, स्थानीय हस्तशिल्प, लोक संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार कर रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार का हर नागरिक राज्य का सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिहार की ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत का सकारात्मक प्रचार करें ताकि देश-विदेश से अधिक से अधिक पर्यटक यहां आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र में पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल को बढ़ावा दे रही है। साथ ही नए पर्यटन सर्किट, होटल, रोप-वे और अन्य आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का भी विकास किया जा रहा है। उन्होंने जेपी गंगा पथ से सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर तक रोप-वे विकसित करने की योजना का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार पर्यटन नीति-2023 के तहत हितधारकों को डमी चेक और मुख्यमंत्री होम स्टे प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सिविल विमानन विभाग के सचिव नीलेष रामचन्द्र देवरे, पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर आदि उपस्थित थे। बता दें कि राज्य सरकार ने आम लोगों और पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए रियायती किराया तय किया है। पटना से राजगीर का किराया 4000 रुपये प्रति यात्री रखा गया है। पटना से वाल्मीकिनगर जाने के लिए 5000 रुपये और पटना से कैमूर के लिए 6000 रुपये प्रति यात्री देने होंगे। वहीं पटना शहर की 10 मिनट की हेलीकॉप्टर जॉय राइड का किराया 2100 रुपये प्रति सीट निर्धारित किया गया है।



# बांकीपुर उपचुनाव में नीरज सिन्हा एवं प्रशांत किशोर का नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा में हो रहे उप चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को तीन प्रमुख प्रत्याशियों का नामांकन हुआ जिसके कारण समाहरणालय में भारी गहमागहमी रही। भारतीय जनता पार्टी के नए प्रत्याशी नीरज सिन्हा, जन सुराज पार्टी के संरक्षक प्रशांत किशोर और जनशक्ति जनता दल की वीणा मानवी ने नामांकन किया। इससे पहले प्रशांत किशोर और नीरज सिन्हा भारी संख्या में समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। कलेक्ट्रेट तक पहुंचने के पहले इनके साथ बाइक और गाड़ियों का बड़ा काफिला था। समर्थकों की भीड़, जुलूस और शक्ति प्रदर्शन के बीच आज बांकीपुर की राजनीति का माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में नजर आया। उप चुनाव में नामांकन के इच्छुक लोगों ने कुल 44 नॉमिनेशन रसीद कटा रखे थे। तीन बजे तक नामांकन होना था। भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा का काफिला डाकबंगला चौराहा, एस. पी. वर्मा रोड, बिस्कोमान, डीएम आवास, कारगिल चौक होकर गांधी मैदान से घूमते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां नामांकन के पहले और बाद में भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि पार्टी अपने काम की बदौलत 31 साल से यहां जनता की आंखों का तारा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता ने अपने विधायक को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते देखा है और अब उनके सामने एक कार्यकर्ता आगे बढ़ाया जा रहा है। नीरज के नामांकन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद रविशंकर प्रसाद, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सहित एनडीए के अनेक वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने किया सरेंडर

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने सोमवार को बेगूसराय के एमपी-एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। यह सुनवाई स्पेशल जज विवेक चंद्र वर्मा की अदालत में हुई। कोर्ट में पेश होने के बाद उनकी ओर से जमानत की अर्जी दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कन्हैया कुमार की जमानत याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये के दो पर्सनल बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया। तय शर्त पूरी होने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### जेजेडी प्रत्याशी वीणा मानवी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जनशक्ति जनता दल की उम्मीदवार वीणा मानवी को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने समाहरणालय पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया लेकिन जैसे ही बाहर निकलीं उन्हें पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वीणा मानवी की गिरफ्तारी का उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। पुलिस ने उन्हें समझाने-बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। इसके बाद समाहरणालय परिसर के बाहर जमकर हंगामा हुआ।

### पिता-पुत्र हत्याकांड का मुख्य आरोपित मुठभेड़ में घायल

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर पूर्वी स्थित आम बाग में सोमवार को पुलिस और एक आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी घायल हो गया। घायल की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव निवासी जगदीश राय के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल अपराधी पिता-पुत्र हत्याकांड का आरोपित है।

# ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो, भाई-बहन समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** उत्तर प्रदेश में कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर सोमवार सुबह 6 बजे खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो जा घुसी। हादसे में भाई-बहन समेत तीन की मौके पर मौत हो गई जबकि नौ लोग गंभीर घायल हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के पार्ट्स 15-20 फीट दूर तक बिखर गए। उसकी छत उड़ गई। स्कॉर्पियो में सवार लोग अंदर फंस गए। गाड़ी इस तरह टूटी थी कि कोई बाहर ही नहीं निकल पा रहा था। अंदर ही दर्द से तड़पते रहे। मदद की गुहार लगाते रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से गाड़ी काटी। राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत में उन्हें हैलेट अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो में 12 लोग सवार थे। रफ्तार 100 से ज्यादा थी। सभी हरियाणा के सिरसा से बिहार के गया जा रहे थे। हादसे में डिग बड्डी, सिरसा (हरियाणा) के रहने वाले कार चालक बजरंग (45), बिहार के गया के धमना के खपिया गांव रहने वाले नरेश मांझी के बेटे दिलकुश कुमार (11) और बेटी नेहा (15) की मौत हो गई। नरेश और उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। हादसा जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर प्रयागराज की तरफ महाराजपुर के रूमा में हुआ है।

### मानव तस्करी में मां-बेटे को आजीवन कारावास

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** सोमवार को बगहा कोर्ट ने मानव तस्करी के एक गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी है। साथ ही एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। बगहा जिला एवं अपर सत्र-न्यायाधीश (चतुर्थ) मानवेंद्र मिश्र की अदालत के इस निर्णय से मानव तस्करों को स्पष्ट संदेश गया है कि ऐसे मामलों में भी सख्त से सख्त सजा मिलेगी। नौरंगिया थाना कांड संख्या 05/2026 में पश्चिम बंगाल के रहने वाले नियोति देवी और उसके बेटे नागेश भुइयां को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई है। जुर्माना नहीं देने पर दोनों को तीन वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

# फरार अपराधियों की ढोल-नगाड़े के साथ होगी कुर्की-जब्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में कानून का शिकंजा कसने और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय ने सख्त रुख अपनाया किया है। राज्य के सभी जिलों में गंभीर मामलों में फरार चल रहे आरोपियों और वारंटियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। सभी एसपी को कोर्ट के आदेश और वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश पुलिस मुख्यालय ने दिया है। उनके खिलाफ बिना किसी देरी के कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए ढोल-नगाड़े के साथ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्र के टॉप-10 और लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों और वारंटियों की लिस्ट अपडेट करने को कहा गया है। पुलिस की विशेष टीमें कोर्ट से समन्वय बैठाकर फरार आरोपियों के खिलाफ इश्तहार और कुर्की का आदेश (वारंट) जल्द से जल्द हासिल कर रही हैं। कार्रवाई के तहत पुलिस फरार आरोपियों के घरों पर जाकर लाउड स्पीकर और ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कर रही है ताकि समाज में अपराधियों के प्रति डर और कानून का इकबाल कायम हो सके।

### विधायक अनंत सिंह और अभिनेता गुंजन सिंह ने किया सरेंडर, मिली जमानत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित सिविल कोर्ट में सोमवार को विधायक अनंत सिंह और प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेता गुंजन सिंह ने आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए दोनों अदालत में सशरीर उपस्थित हुए और आत्मसमर्पण की अर्जी दाखिल की। न्यायालय में आत्मसमर्पण के बाद मामले की नियमित सुनवाई शुरू हुई। दोनों पक्षों की दलीलों और मामले के तथ्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने दोनो को जमानत (बेल) प्रदान कर दी।

# बिहार में इको टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से सोमवार को इको टूरिज्म इनवेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य के 29 जलाशयों और 247 तालाबों, पोखरों, झीलों और आर्द्रभूमियों पर इको टूरिज्म आधारित परियोजनाओं के विकास के लिए उपलब्ध निवेश अवसरों पर चर्चा की गई। इसका शुभारंभ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने किया। इस सम्मेलन में राज्य और बाहर से आए 50 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य राज्य में उपलब्ध इको टूरिज्म निवेश संभावनाओं को निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करना और सार्वजनिक-निजी सहभागिता मॉडल के माध्यम से इको टूरिज्म परियोजनाओं के विकास को गति प्रदान करना था। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर भी मौजूद रहे। मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि बिहार में इको टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इको टूरिज्म केवल पर्यटन गतिविधि नहीं बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्थानीय समुदायों के आर्थिक सशक्तीकरण तथा हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण का प्रभावी माध्यम है। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने तथा निवेश संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने देशभर के निवेशकों से बिहार की प्राकृतिक एवं पर्यटन संभावनाओं का लाभ उठाते हुए इको टूरिज्म क्षेत्र में निवेश करने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान निवेशकों को वर्तमान में जारी विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी भी दी गई। भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य में इको टूरिज्म परियोजना के विकास के लिए जारी रिक्वेस्ट फॉर प्रोपोजल की अंतिम तिथि 28 जुलाई निर्धारित की गई है। राज्य के चयनित इकोटूरिज्म स्थलों पर एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियों और वाटर स्पोर्ट्स सुविधाओं के विकास, संचालन एवं अनुरक्षण के लिए योग्य एजेंसियों से क्क्र आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 6 अगस्त निर्धारित है। परियोजनाओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है।










# विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में खाली पड़े पदों पर समयबद्ध तरीके से की जाएं नियुक्तियां : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवा झारखंड की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसलिए उन्हें ऐसी गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और बाजार की जरूरतों के अनुरूप शिक्षा मिलनी चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों और रोजगार के अवसरों के लिए तैयार हो सकें। बैठक में मुख्यमंत्री ने झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन से जुड़े मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में खाली पड़े पदों पर समयबद्ध तरीके से नियुक्तियां की जाएं ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी महाविद्यालयों की रैंकिंग के आधार पर श्रेणी तय करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कॉलेज की जरूरत के अनुसार सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार की जाये जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को अधिक सशक्त, आधुनिक और विद्यार्थी केंद्रित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए विभाग को तय समय सीमा के भीतर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

C M Y K

# जलकुंभी को आय का प्रभावी साधन बनाया जा रहा : श्रेयसी सिंह

## जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** उद्योग विभाग और नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (नेडफी) के बीच भारत सरकार के राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) कार्यक्रम के तहत जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। श्रेयसी सिंह ने कहा कि जलाशयों में तेजी से फैलने वाली जलकुंभी अब पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि आय सृजन का प्रभावी साधन बनेगी। उन्होंने कहा कि जलकुंभी को मूल्यवर्धित शिल्प उत्पादों में बदलकर पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जाएगी। इस पहल से जल निकायों की सफाई, पारिस्थितिक संतुलन और ग्रामीण कारीगरों, विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर विपणन से जोड़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। रैम्प कार्यक्रम के तहत कारीगरों को कौशल विकास, गुणवत्ता सुधार, ब्रांडिंग और बाजार संपर्क की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि यह परियोजना सतत उद्यमिता और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत साझा सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे जहां आधुनिक उत्पादन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही कारीगरों को कौशल विकास, क्षमता निर्माण, उत्पाद डिजाइन, गुणवत्ता संवर्धन तथा प्रभावी विपणन का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे जलकुंभी आधारित शिल्प उत्पादों की मजबूत मूल्य श्रृंखला विकसित होगी और स्थानीय संसाधनों को आर्थिक अवसरों में बदला जा सकेगा। परियोजना के तहत अगले आठ महीनों में 200 कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इनमें सहरसा जिले के 150 और वैशाली जिले के 50 कारीगर शामिल हैं। साझा सुविधा केंद्रों के माध्यम से आधुनिक उत्पादन व्यवस्था, उत्पाद नवाचार और बाजार संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में एमएसएमई निदेशक अमन समीर, नेडफी के महाप्रबंधक आशीम कुमार दास, कार्यकारी अधिकारी चंद्रकांत दास तथा उद्योग विभाग और नेडफी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस परियोजना से जलकुंभी का वाणिज्यिक उपयोग बढ़ेगा, हस्तशिल्प एवं वस्त्र क्षेत्र को नई गति मिलेगी, ग्रामीण समुदायों की आय में वृद्धि होगी तथा पर्यावरण संरक्षण और समावेशी औद्योगिक विकास के राज्य सरकार के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

# बांकीपुर विधानसभा सीट पर एनडीए उम्मीदवार की होगी प्रचंड जीत : मंगल पांडेय

## प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य के मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर जनता का विश्वास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने दावा किया है कि बांकीपुर विधानसभा सीट पर एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की राष्ट्रभक्त जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के पक्ष में अपना मन पूरी तरह बना लिया है। श्री पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा प्रधानमंत्री जी की जनकल्याणकारी नीतियों और देश को परम वैभव पर ले जाने के संकल्प का असर आज बिहार के कोने-कोने में दिख रहा है। बांकीपुर की जनता प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर अटूट विश्वास रखती है। श्री पांडेय ने वर्तमान नेतृत्व और संगठन की मजबूती को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा नितिन नवीन ने बांकीपुर के विधायक और एक जननेता के रूप में क्षेत्र के विकास के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने हर वर्ग के कल्याण और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए जो प्रयास किए हैं, उसी का परिणाम है कि आज जनता स्वतः स्फूर्त होकर भाजपा के पक्ष में खड़ी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व और पूर्व सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बिहार को विकास और कानून व्यवस्था के नए शिखर पर ले जा रही है। एनडीए सरकार की डबल इंजन की ताकत का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। श्री पांडेय ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास न तो कोई नीति है और न ही कोई नीयत। बांकीपुर विधानसभा की जागरूक जनता विपक्ष के भ्रामक दावों को नकारते हुए एनडीए-भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाकर एक बार फिर विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगाएगी।

# कविता 'फरियाद क्या करना' समाज को देती है आत्मबल और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** प्रख्यात शिक्षाविद, समाजसेवी एवं साहित्यकार डॉ. आनंद रंजन झा की नवीन प्रेरणादायी कविता 'फरियाद क्या करना' प्रकाशित हुई है। यह कविता अन्याय, छल, कपट और विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, आत्मविश्वास तथा सत्य के मार्ग पर अडिग रहने का संदेश देती है। कविता में कवि ने जीवन के कटु अनुभवों को शब्दों में पिरोते हुए बताया है कि जब व्यवस्था संवेदनहीन हो जाए और सत्य की उपेक्षा होने लगे, तब निराश होने के बजाय अपने कर्म, साहस और आत्मबल को ही सबसे बड़ा सहारा बनाना चाहिए। कविता की प्रत्येक पंक्ति पाठकों को संघर्ष के बीच भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह कविता किसी व्यक्ति विशेष पर आधारित नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त परिस्थितियों को देखते हुए लिखी गई है। इसका उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच, आत्मसम्मान, कर्मनिष्ठा और सत्य के प्रति विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि शिकायतों में समय गंवाने के बजाय व्यक्ति को अपने लक्ष्य और कर्म पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि अंततः सत्य और परिश्रम की ही विजय होती है। साहित्य प्रेमियों एवं पाठकों ने कविता की भाषा, भाव और संदेश की सराहना करते हुए इसे वर्तमान समय की परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक बताया है। उनका मानना है कि यह रचना युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग को संघर्षों का सामना साहसपूर्वक करने तथा निराशा से बाहर निकलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

## ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के नामांकन समारोह में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में लगभग तीन हजार से अधिक ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस विशाल नामांकन जुलूस में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जोशीले नारों के बीच निकले इस जनसैलाब ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना दिया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह अभूतपूर्व जनसमर्थन बाकीपुर विधानसभा के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा समाज के विश्वास और भाजपा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन ने अपने जनसेवा और विकास कार्यों से बाकीपुर की जनता का दिल जीता है। यही उनके लोकप्रिय नेतृत्व का परिणाम है कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व मिला है जिस पर केवल बाकीपुर ही नहीं बल्कि पूरा बिहार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बाकीपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर केंद्रीय नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार तथा देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों के आधार पर भाजपा इस उपचुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी और अब तक के सभी मतदान रिकॉर्ड टूटेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा एवं एनडीए सरकार ने पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पंचायत एवं नगर निकायों में आरक्षण लागू कर उन्हें सशक्त बनाया। गरीबों के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे अति पिछड़ा समाज का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आज से ही घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं तथा भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लें।

# आद्विक ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम दास अग्रवाल के पौत्र आद्विक अग्रवाल ने हैदराबाद में आयोजित आरबीए इंटर बैडमिंटन लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (चैंपियन) जीतकर परिवार और बिहार का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 11 और 12 जुलाई को हैदराबाद में आयोजित हुई जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आद्विक अग्रवाल ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन खेल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए अपने सभी मुकाबलों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और फाइनल में जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। आद्विक की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, परिजनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। घनश्याम दास अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि आद्विक भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगा।

# अब सपनों की उड़ान नहीं रुकेगी, 5.65 लाख बेटियों को मिलेगा 25,000 का संबल

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का संकल्प: हर बेटी बने शिक्षित और आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत राज्य की 5.65 लाख से अधिक इंटर उत्तीर्ण छात्राओं के बैंक खातों में 25,000 की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जाएगी जिससे छात्राएं उच्च शिक्षा जारी रख सके। इस योजना को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा 700 करोड़ की राशि प्रदान की गयी है।

**बिहार की बेटियों को सरकार का बड़ा उपहार**

प्रोत्साहन राशि मिलने के पश्चात उत्साहित होकर लाभार्थी छात्राओं ने कहा कि बिहार सरकार ने नौवीं से लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी करने में आर्थिक संबल प्रदान किया। छात्राओं ने कहा कि पहले आर्थिक कठिनाइयों के कारण अनेक परिवारों में इंटरमीडिएट के बाद बेटियों की पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता था, लेकिन राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं ने इस स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाया है। राज्य सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए कन्या उत्थान योजना के तहत मिलने वाली 25 हजार रु. से हम कॉलेज में फीस के साथ अपने लक्ष्य को पूरा करने की योजना बना सकते हैं।

**रौशनी कुमारी, छात्रा**

बिहार में महिलाओं को सशक्त व प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत की है जिसमें कन्या उत्थान का बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए सरकार का हम बेहद धन्यवाद करती हूं।

**प्रियंका कुमारी, छात्रा**

25 हजार की राशि मिलने के बाद हम छात्राओं के हौसले को नया पंख हासिल हुआ है। अब दुनिया के सामने बिहार की बेटी की प्रतिभा को देखने का मौका मिलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री को बेहद आभार

**मानसी कपूर, छात्रा**

# खान सर समेत चार को मिली अग्रिम जमानत

## जेल में बंद दो सुरक्षाकर्मी भी नियमित जमानत पर होंगे मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हत्या के प्रयास एवं आग्नेयास्त्रों के अवैध इस्तेमाल के मामले में अभियुक्त बनाए गए खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक खान सर उर्फ फैजल खान और उनके तीन सहकर्मियों अजीत कुमार, कन्हैया कुमार सिंह और अंकित कुमार पाण्डेय को पटना के प्रधान जिला जज की अदालत ने आज अग्रिम जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत ने इस मामले में 8 जुलाई को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। आज अपना आदेश सुनाते हुए प्रधान जिला जज ने खान सर और उनके तीनों सहकर्मियों को गिरफ्तारी या न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की स्थिति में 10000 के निजी मुचलके के साथ उसी राशि के दो जमानतदारों का बंध पत्र दाखिल करने पर जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों जमानतदारों में से एक जमानतदार नजदीकी रिश्तेदार होगा जबकि दूसरा पटना का निवासी होगा। दूसरी ओर इसी मामले में खान सर के जेल में बंद दो सुरक्षाकर्मियों की नियमित जमानत याचिका भी अदालत ने स्वीकृत की और दोनों सुरक्षा कर्मियों को उपरोक्त शर्तों पर ही जमानत पर जेल से मुक्त किए जाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि खान सर के कोचिंग संस्थान के नजदीक हुई गोलीबारी के वायरल वीडियो के आधार पर कदमकुआं थाना की पुलिस ने खान सर और उनके दो सुरक्षा कर्मियों के अलावा अन्य अज्ञात के खिलाफ बी एन एस और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में 4 जून 2026 को कदम कुआं थाना में कांड संख्या 418/2026 दर्ज किया है।

# बिहार के कृषि बाजार बनेंगे आधुनिक व्यापार केंद्र, भंडारण से विपणन तक मिलेगी नई सुविधाएं

## कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण से किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनके कृषि उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने तथा कृषि विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कृषि रोड मैप (2023-28) के अंतर्गत कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत कृषि उत्पादों के विपणन से जुड़ी सभी गतिविधियों को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 22 बाजार प्रांगणों के जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास की योजनाएं लगभग 1288.66 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित की जा रही है। इनमें से 8 बाजार प्रांगणों का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि शेष बाजार प्रांगणों में निर्माण एवं विकास कार्य तेजी से जारी है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक भंडारण, आधुनिक विपणन, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण तथा बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि लंबे समय तक उपेक्षित रहे कृषि बाजारों को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक कृषि व्यापार केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन बाजारों में आधुनिक गोदाम, प्रशासनिक भवन, किसान विश्राम गृह, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, आंतरिक सड़कें, इलेक्ट्रॉनिक तौल प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा होगी तथा कृषि उत्पादों के विपणन की लागत भी कम होगी। उन्होंने बताया कि राज्य के 12 बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास के लिए नाबार्ड सहायता से संचालित योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में लगभग 46.03 करोड़ रुपये की राशि व्यय हेतु स्वीकृत की गई है।

# साइबर अपराध, नारकोटिक्स समेत अन्य अपराधों की स्थिति की हुई समीक्षा

## राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गृह सचिव कुंदन कुमार ने सोमवार को भारत सरकार के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव कुमार की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें राज्यभर में साइबर अपराध नियंत्रण, नारकोटिक्स उन्मूलन, आपदा प्रबंधन, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीन नए आपराधिक कानूनों) के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान गृह सचिव कुंदन कुमार की तरफ से पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उपर्युक्त विषयों के अंतर्गत राज्य में किए गए कार्यों, प्रगति, उपलब्धियों एवं अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराया। समीक्षा के उपरांत संयुक्त सचिव (एलडब्ल्यूई) राजीव कुमार ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की। उनके द्वारा तीनों नए आपराधिक कानूनों को चरणबद्ध तरीके से निश्चित समयसीमा के अन्दर लागू करने, सीसीटीएनएस के प्रभावी क्रियान्वयन, शत प्रतिशत ई-साक्ष्य का संबंधित एफआईआर के साथ लिंकेज, फॉरेंसिक से संबंधित मामलों का तीन नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप प्रभावी अनुपालन, सात या सात वर्ष से अधिक वर्ष की सजा वाले अपराधों के मामले में फोरेंसिक से संबंधित जांच का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, 60 या 90 दिनों के अंदर चार्जशीट दाखिल करने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किया गया तथा समन्वित प्रयासों के साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति निश्चित समय सीमा के भीतर प्राप्त करने का निदेश पुलिस विभाग के संबंधित प्रभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में गृह विभाग के विशेष सचिव क्षत्रनील सिंह, निदेशक अभियोजन सुधांशु कुमार चौबे, संयुक्त सचिव कमल नयन, संयुक्त सचिव अमलेंदु कुमार सहित गृह विभाग एवं पुलिस विभाग के संबंधित प्रभागों के अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# पुलिस पर हमला करने एवं हर्ष फायरिंग करने वालों पर हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर में पुलिस टीम पर हमला करने के साथ ही हर्ष फायरिंग और भीड़ के माध्यम से हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी कर रखा है। इसके तहत इस महीने 5 से 10 जुलाई तक चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत सभी जिलों से इन अपराधों में शामिल 365 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान के तहत सर्वाधिक संख्या में 348 अभियुक्तों को पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा हर्ष फायरिंग से जुड़े मामले में 14 और भीड़ के स्तर से हिंसा करने में 3 आरोपियों को गिरफ्तारी की गई है। इन सभी तीन मामलों में सर्वाधिक गिरफ्तारी करने वाले तीन जिलों में नवगछिया से 63, मोतिहारी से 41 और कटिहार से 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस तरह की कार्रवाई को पूरे जिले में निरंतर स्तर पर जारी रखने का आदेश पुलिस मुख्यालय में दिया है। ताकि इस तरह की आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसी जा सके।

# नालंदा के मरीजों को मिलेगी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, आशा हॉस्पिटल का हुआ नया चिकित्सा टाई-अप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए जलालपुर, बिहारशरीफ, नालंदा स्थित आशा हॉस्पिटल ने क्षेत्र के मरीजों को उत्कृष्ट और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान के साथ टाई-अप की घोषणा की है। इस टाई-अप का मुख्य उद्देश्य नालंदा और आसपास के जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को एक नए स्तर पर ले जाना है। इस नए टाई-अप के बाद अस्पताल विशेष रूप से तीन प्रमुख विभागों-स्त्री रोग, प्रसूति रोग और बाल रोग में अपनी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत करेगा। इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार तथा आशा हॉस्पिटल उपस्थित रहे। उन्होंने इस नए जुड़ाव से अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, चौबीसों घंटे आपातकालीन प्रसूति सेवाओं और गंभीर रूप से बीमार नवजातों के लिए विशेष देखभाल इकाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# टिकट चेकिंग अभियान में पुनपुन एवं तारेगना स्टेशनों पर 217 यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में 13.07.2026 (सोमवार) को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के पुनपुन एवं तारेगना स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इन स्टेशनों से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव लेकर प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 217 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 148395/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया।

# बिहार लगातार 22वें महीने दवा आपूर्ति में देश में पहले स्थान पर : मंत्री निशांत

## हर मरीज तक मुफ्त दवा पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस (ड्रग्स एंड वैक्सिन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के अनुसार बिहार लगातार 22 वें महीने दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। बिहार सितम्बर 2024 से जून 2026 तक लगातार 22 महीने से देश में नंबर वन पर है। डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार 80.32 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। पंजाब 71.67 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और राजस्थान 69.75 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की एक नई दिशा की शुरुआत हुई थी। इसी क्रम में 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण नीति लागू की गई। 2006 में केवल 47 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 504 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रकार की दवाएं एवं 132 प्रकार के मेडिकल डिवाइसेज/कन्ज्यूमेबल भी मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं से लेकर कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी जटिल बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क मिले। श्री निशांत ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों में मरीजों को 362 प्रकार की, अनुमंडलीय अस्पतालों में 256 प्रकार की, रेफरल अस्पतालों में 241 प्रकार की, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 252 प्रकार की, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 239 प्रकार की, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 137 प्रकार की, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में 139 प्रकार की तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 115 प्रकार की एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में 25 प्रकार की दवाइयां मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# 27 जुलाई से सजेगी 'प्रेमनाथ खन्ना स्मृति नाट्य उत्सव' की महफिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कला और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली संस्था 'सामयिक परिवेश' द्वारा आगामी 27 जुलाई से तीन दिवसीय 'प्रेमनाथ खन्ना स्मृति नाट्य उत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह त्रि-दिवसीय नाट्य महोत्सव पटना के प्रतिष्ठित प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित होगा। इस महोत्सव की संचालिका देश की वरिष्ठ लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता ममता मेहरोत्रा हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नाट्य उत्सव का मुख्य आकर्षण नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी जो समाज को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेंगी। महोत्सव के पहले दिन (27 जुलाई) उद्घाटन प्रस्तुति के रूप में वरिष्ठ लेखिका ममता मेहरोत्रा की प्रसिद्ध कहानी 'या देवी सर्वभूतेषु' का मंचन किया जाएगा। यह एक संपूर्ण संगीतमय नाट्य प्रस्तुति होगी जो महिला शक्ति, उनके अधिकारों और समाज में उनके संघर्ष व सम्मान को रेखांकित करेगी। इस मुख्य नाटक का नाट्य रूपांतरण और कुशल निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी व निर्देशक आशुतोष कुमार द्वारा किया जा रहा है। नाटक को संगीतमय रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की गई है जिसमें पारंपरिक और आधुनिक रंग-संगीत का बेजोड़ तालमेल दर्शकों को देखने को मिलेगा।

# कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, बंदी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), रोहतास द्वारा मंडल कारा, सासाराम परिसर में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई 2026 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 35 बंदी प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह में मंडल कारा, सासाराम के जेल उपाधीक्षक नंदमोहन कुमार सहायक अधीक्षक सुरेश कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), रोहतास अभय आनंद, पीएनबी आरसेटी रोहतास के संकाय सदस्य एजाज अहमद एवं कार्यालय सहायक विकास कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। अपने संबोधन में जेल उपाधीक्षक नंदमोहन कुमार ने कहा कि कारागार में आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बंदियों के पुनर्वास एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कौशल एवं ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है तथा समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित हो सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग सकारात्मक जीवन निर्माण में करें। सहायक अधीक्षक सुरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण एवं कौशल विकास व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग स्वरोजगार स्थापित करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए करें। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर जीवन में नई सफलता प्राप्त की जा सकती है।

अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), रोहतास अभय आनंद ने कहा कि पीएनबी आरसेटी का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण बंदी प्रतिभागियों के लिए एक नई शुरुआत का अवसर है जिससे वे रिहाई के बाद स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया। पीएनबी आरसेटी रोहतास के संकाय सदस्य एजाज अहमद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास, आत्मविश्वास निर्माण, आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, मृदा प्रबंधन, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, कृषि व्यवसाय, विपणन, बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में उल्लेखनीय उत्साह एवं सीखने की अभिरुचि देखने को मिली।

# डी.डी.यू.-गया पैसेंजर ट्रेन से 47.625 लीटर लावारिस विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन सोन ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बड़ी कार्रवाई करते हुए डी.डी.यू.-गया पैसेंजर ट्रेन से 47.625 लीटर लावारिस विदेशी एवं देसी शराब बरामद की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 29,700 रुपये बताई गई है। आरपीएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक प्रभारी राज किशोर कच्छवाहा के पर्यवेक्षण में सोमवार को उप निरीक्षक अमरजीत दास के नेतृत्व में आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने ट्रेन संख्या 63296 डाउन (डी.डी.यू.-गया पैसेंजर) की डिहरी ऑन सोन स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर जांच की। जांच के दौरान इंजन से चौथे एवं पांचवें कोच में यात्रियों की सीट के नीचे रखे दो सफेद प्लास्टिक बोरे और दो प्लास्टिक झोले संदिग्ध अवस्था में मिले। आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी सामान पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद वीडियोग्राफी कर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी में विभिन्न ब्रांडों की शराब बरामद हुई जिनमें रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की, किंगफिशर अल्ट्रा मैक्स स्ट्रांग बियर, बडवाइजर मैग्नम बियर, किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल स्ट्रांग बियर, गॉडफादर स्ट्रांग बियर तथा ब्लू लाइम मसाला देसी शराब शामिल है। कुल मिलाकर 47 लीटर 625 मिलीलीटर शराब जब्त की गई। आरपीएफ ने सुबह करीब 7 बजे विधिवत जब्ती सूची तैयार कर बरामद शराब को अपने कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई के लिए शिकायत पत्र के साथ जीआरपी थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया। जीआरपी ने इस मामले में कांड संख्या 44/26, दिनांक 13 जुलाई 2026 दर्ज करते हुए बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल शराब तस्करी से जुड़े आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

# सिविल कोर्ट में कामेश्वर सिंह की पुण्यतिथि मनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** व्यवहार न्यायालय स्थित रोहतास जिला विधिज्ञ संघ भवन के सेंट्रल हॉल में सोमवार को जिले के वरीय अधिवक्ता स्व. कामेश्वर सिंह की 32वीं पुणयतिथि मनाई गई। बताते चलें कि स्व. सिंह की मृत्यु 32 वर्ष पूर्व 19 जुलाई 1994 को हो गयी थी। वे फौजदारी मामलों में जिले के जाने-माने अधिवक्ताओं में शुमार थे। इस मौके पर संघ भवन में दोपहर 1:30 बजे उपस्थित अधिवक्ताओं ने स्व. कामेश्वर सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित होने वालों में संघ के अध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, महासचिव शैलेंद्र ओझा, वरीय अधिवक्ता राममूर्ति सिंह, बसंत सिंह, मित्रभान सिंह, अजय सिंह, निर्मला कुमारी, हेमजीत राणा, चंद्रशेखर सिंह, उपेंद्र सिंह, राजन कुमार, विजय प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार, दिनेश सिंह सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# अनजबित सिंह महाविद्यालय में नवप्रवेशियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज स्थित अनजबित सिंह महाविद्यालय में सोमवार, 13 जुलाई 2026 को सत्र 2026-27 के नवप्रवेशी बी.ए. ऑनर्स के छात्र-छात्राओं के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बड़ी उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों तथा विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली से विस्तृत रूप से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को क्रेडिट आधारित शिक्षा प्रणाली, सेमेस्टर पद्धति, आंतरिक मूल्यांकन, प्रोजेक्ट कार्य, असाइनमेंट, सेमिनार, कक्षा में उपस्थिति की अनिवार्यता और सेमेस्टर परीक्षाओं से जुड़े सभी महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि नियमित अध्ययन, समय पर असाइनमेंट जमा करना और कक्षा में सक्रिय सहभागिता ही उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम की कुंजी है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास, तार्किक चिंतन, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का प्रमुख केंद्र है। विद्यार्थियों को पुस्तकालय, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया गया ताकि वे सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम में यह भी सूचित किया गया कि नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है और सभी छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे प्रतिदिन महाविद्यालय आकर कक्षाओं में उपस्थित रहें जिससे वे पाठ्यक्रम और आंतरिक मूल्यांकन के किसी भी अवसर से वंचित न रहें। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए अनुशासन, समयपालन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश राम ने की और अपने आशीर्वचन से विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया। डॉ. अखलाख अहमद, डॉ. सरोज राम, डॉ. देवेश पाण्डेय, डॉ. रोशनी तथा सहायक प्रोफेसर चंद्रशेखर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नवप्रवेशियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके सफल, अनुशासित एवं उज्ज्वल शैक्षणिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।


# फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तहार, हाजिर नहीं होने पर होगी कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अकोढ़ीगोला थाना पुलिस ने फरार इश्तहार वारंटी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके आवास पर न्यायालय का इश्तहार चस्पा किया। पुलिस निरीक्षक सह अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि एसडीजेएम सिविल कोर्ट, डिहरी के आदेश के आलोक में इश्तहार वारंटी गौरी शंकर उर्फ माना, पिता स्वर्गीय जगा सिंह, निवासी ग्राम चांदी, थाना अकोढ़ीगोला, जिला-रोहतास के घर पर विधिवत न्यायालय का इश्तहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार संबंधित वारंटी को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। यदि वह तय समय सीमा के भीतर न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसके विरुद्ध न्यायालय के निर्देशानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। रोहतास पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी फरार वारंटी के संबंध में कोई जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस को दें, ताकि उसके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
## आवश्यक सूचना।
## ( लापता सिम्पी कुमारी, उम्र–करीब 16 वर्ष )



मेराल थाना कांड सं0–155/26, दिनांक–01.07.26, धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता सिम्पी कुमारी, उम्र करीब–16 वर्श, पिता–शंकर साव, ग्राम+पो0–लातदाग, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक कुन्ती देवी के द्वारा उल्लेख किया किया गया कि इनकी पुत्री सिम्पी कुमारी दिनांक–27.06.26 से अपने घर लापता है, जो अबतक अपने घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–सिम्पी कुमारी, लम्बाई–04 फीट 05 इंच, रंग–सॉवला,
पहनावा–गुलाबी रंग का सूट सलवार एवं ओढ़नी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 384855 Police(26-27)D


# दहेज के लिए लड़की वाले को न करें परेशान : उमेश श्रीवास्तव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** शहर के लालगंज स्थित श्रेया प्लेस में लोजपा 'रा' जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव के लड़के के रिंग सेरेमनी में दोनों पक्ष से पहुंचे अतिथियों ने मनजीत और अमीषा को शुभकामनाएं दी दोनों ने एक दूसरे को रिंग पहना कर जीवन की नई पारी की शुरुआत की। उमेश श्रीवास्तव ने बताया कि दान दहेज को लेकर लड़की वाले को न करें परेशान, लड़की वधू नहीं बेटी है। उसे करें सम्मान लड़की के पिता सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि किसी का भी परिवार मिले तो ऐसा ही मिले नाना प्रकार का व्यंजन की व्यवस्था की गई थी जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाएं। आयोजित कार्यक्रम में ताराचंडी धाम स्थित आश्रम का महंत रंजीतानंद महाराज, डीआरएम इलाहाबाद दीपक सिन्हा, पूर्व आकाशवाणी संवाददाता पूर्व मुखिया देववंश तिवारी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला सिंह, समाजसेवी विनोद पांडेय कोनार, पैक्स अध्यक्ष भास्कर पांडेय, नरेंद्र राय, अजीत सहारा, राजू दुबे, असलम परवेज, लोजपा 'रा' जिला अध्यक्ष प्रेमतोष कुमार उर्फ बंटी सिंह, जनता दल यूनाइटेड नेता बद्री सिंह, चंदन कुमार, संजय तिवारी, खेल पदाधिकारी विनय कृष्णा सिंह, संदीप भेलारी, पूर्व मुखिया वर्मा चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि डब्लू गुप्ता, बीडीसी पप्पू राउत, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मदन राम, ज्वाला साह, हरेंद्र दुबे, कमलेश दुबे, नितिन तिवारी चितरंजन सिंह, जितेंद्र सिंह, शेखर सिंह, उमाशंकर लाल, सुमन लाल, अंजुम, सरपंच राजेन्द्र खरवार सहित सैकड़ों लोगों ने मनजीत और अमीषा को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

# रुद्रपुरा पहुंचे राजद नेता गुड्डू चंद्रवंशी, मृतक विकास के परिजनों से मिल जताई संवेदना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने प्रखंड क्षेत्र के रुद्रपुरा गांव पहुंचकर मृतक विकास कुमार के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक की मां एवं अन्य स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए घटना पर गहरा दुख जताया। इस दौरान गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि पुलिस को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने रोहतास के पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। गौरतलब है कि गत 6 जुलाई को पश्चिम सोन नहर की हाईडल नहर से 27 वर्षीय विकास कुमार का शव बरामद हुआ था। शव पर मारपीट के निशान मिलने के बाद हत्या की आशंका जताई गई थी। परिजनों के अनुसार 4 जुलाई की रात किसी ने विकास को फोन कर घर से बुलाया था जिसके बाद वह लापता हो गया था। मृतक के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर राजद नेता धनंजय यादव सहित अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# झरना में डूबने से एक की मौत

**चेनारी (नबिटा सं.)।** थाना अंतर्गत करमचट डैम गुप्ता धाम मार्ग स्थित कौरहा झड़ना में निखिल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता भुनेश्वर राम ग्राम शहीद बाबा लालापुर थाना कुदरा जिला कैमूर के डूबने के कारण मृत्यु हो गयी। शव बरामद कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरी लालापुर गांव निवासी स्वर्गीय भुवनेश्वर राम के 18 वर्षीय पुत्र निक्की कुमार के रूप में हुई है।


## खोया-पाया

मैं संजय सिंह पिता- रामइकबाल सिंह ग्राम परस्थुआ पो करसाई जिला रोहतास का निवासी हैं। दिनांक 26/06/2026 को अपने घर से फ़ोटो कॉपी कराने जाने के क्रम में मेरे झोला से मदर डीड दस्तावेज कही गिर गया बहुत खोजने पर भी दस्तावेज नहीं मिला। दस्तावेज का संख्या 3253 दिनांक 21-05-1999 और दस्तावेज का संख्या 11441 दिनांक 03-12-2011 हैजिन सज्जनों को मिले वे कृपया इस पता पर सूचित करें।विकास अमृतराज एडवोकेट, पटना हाई कोर्टकार्यालय- फ्लैट वंबर 401, चौथा तल्ला, जगतारिनी टावर एवं वासुदेवा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, जमाल रोड, पटना-800001 ईमेल-Vikash1amritraj@gmail.com मोबाईल नंबर-98356985259123178201


# बीडीओ राहुल कुमार सिंह को भावभीनी विदाई, विकास कार्यों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड स्थित गोडारी के बीस सूत्री कार्यालय में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के सम्मान में एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राहुल कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रखंड के विकास को नई गति प्रदान की। उनके द्वारा जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का सफल प्रयास किया गया जिससे आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा। बीस सूत्री उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने भी बीडीओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राहुल कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जिसके परिणामस्वरूप विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सका। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह के दौरान समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बारी-बारी से बीडीओ को सम्मानित किया और उन्हें आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली का आरोप, छोटी-छोटी मरम्मत के लिए भी मांगे जा रहे रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि विभाग के कुछ कर्मी बिना अतिरिक्त पैसे लिए छोटे-बड़े कार्य करने को तैयार नहीं होते जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली कनेक्शन में मामूली खराबी आने पर सूचना देने के बावजूद विभाग की ओर से समय पर कार्रवाई नहीं की जाती। आरोप है कि फॉल्ट ठीक करने या एक तार जोड़ने जैसे छोटे कार्य के लिए भी 200 रुपये या उससे अधिक की मांग की जाती है। लोगों का यह भी कहना है कि कई स्थानों पर बिजली के खंभों पर लगे वितरण बॉक्स लंबे समय से जले हुए हैं, लेकिन उन्हें बदलने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या झेलनी पड़ रही है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार जब वे विभागीय कार्यालय में इसकी शिकायत करते हैं तो समाधान के बजाय कनेक्टर लगाने की सलाह दी जाती है। आरोप है कि इसके लिए भी 1,000 से 1,500 रुपये तक की मांग की जाती है और कम से कम 600 रुपये दिए बिना काम नहीं होने की बात कही जाती है। इसके अलावा बिजली बिल में त्रुटियों को सुधारवाने में भी उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि बिल संबंधी शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं होने से लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि कहीं अवैध वसूली या लापरवाही की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही विभाग में जवाबदेही तय कर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने की पहल

## रेलवे इंटर कॉलेज और डीडीयू जंक्शन पर लगी सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिलाओं एवं बालिकाओं में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरत के समय सेनेटरी नैपकिन की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की ओर से सोमवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंटर कॉलेज एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने किया। इस अवसर पर रेलवे इंटर कॉलेज की 160 छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया तथा 'मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में मंडल रेल अस्पताल, डीडीयू की डॉ. श्वाती ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण से बचाव, वैज्ञानिक तथ्यों तथा इससे जुड़े मिथकों और भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उचित स्वच्छता अपनाने और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चित्रा सिंह ने कहा कि मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों की स्थापना छात्राओं, महिला कर्मचारियों और महिला यात्रियों के स्वास्थ्य, सुविधा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने समाज में मासिक धर्म से जुड़े संकोच और भ्रांतियों को दूर करने की भी अपील की। इसके साथ ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 स्थित महिला उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय में भी एक सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया गया जिससे यात्रा के दौरान महिला यात्रियों को आवश्यक सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती दीपिका, सचिव शालिनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव सहित मीता नारी, सोमा चटर्जी, कंचन पांडेय, आरती एवं दुर्गेश्वरी तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची
## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू
Email Id-dhopalamau@gmail.com

### आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0–27 दिनांक 22.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2026–27 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुसार पलामू जिला के कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है। उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत विभागीय अनुदान पर भौतिक लक्ष्य की प्राप्ति एवं योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक/महिला समूह/सखी मंडल/कृषक समूह/FPO (कृषक उत्पादक संगठन) आवेदन कार्यालय से या प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/उद्यान मित्र से प्राप्त कर सत्यापित कराते हुए पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा प्राप्त कर **दिनांक–31.07.2026** तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | अवयव | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या/एकड़) |
|---|---|---|
| 1 | बागवान/उद्यान मित्रों/कृषकों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण (संख्या में) | 220 संख्या |
| 2 | युवाओं की 25 दिवसीय माली प्रषिक्षण | 25 युवाओं को |
| 3 | मिर्चा की खेती | 20 हे0 |
| 4 | ओल की खेती | 35 हे0 |
| 5 | अदरख की खेती | 33 हे0 |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 26 इकाई |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती | 15 हे0 |
| 8 | टिषुकल्चर केला की खेती | 14 हे0 |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 40 इकाई |
| 10 | सब्जी की खरीफ एवं रब्बी की खेती | 170 हे0 |
| 11 | मष्रूम कीट वितरण एवं प्रषिक्षण | 5400 इकाई (180 किसान को 30 इकाई प्रति लाभुक) |
| 12 | संरक्षित फूलों की खेती | 0.7 हे0 |
| 13 | आँवला की खेती | 10 हे0 |
| 14 | टिषूकल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती | 50 हे0 |
| 15 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फल, फूल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैपलिंग/नर्सरी) | 42 इकाई |

नोट:–1.वैसे कृषकों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा, जो विगत तीन वर्षो से उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का कोई लाभ नही लिए हों।
2.वित्तीय वर्ष 2026–27 में सब्जी प्रत्यक्षण, मिर्चा की खेती, ओल की खेती, केला की खेती एवं फूलों की खेती 10 हे0 के कलस्टर में की जायेगी।
3-ST, SC एवं लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4.पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है, चयन में उन ग्रामों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5.माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा, जिनकी उम्र 20 से 45 वर्ष की बीच हो तथा मैट्रिक उतीर्ण या समकक्ष (प्रमाण पत्र) कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6.आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7.अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
8.योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड उद्यान मित्र तथा जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 384795 (District)26-27*D

जिला उद्यान पदाधिकारी पलामू

# जिलाधिकारी ने सुनीं जन शिकायतें



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के अंतर्गत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 26 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया। शेष मामलों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना रोह अंतर्गत ग्राम बारा पाण्डेय निवासी रामचन्द्र पंडित द्वारा रास्ता अवरुद्ध किए जाने से संबंधित, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम हाजीपुर निवासी सुन्दर प्रसाद द्वारा ट्यूबवेल लगवाने से संबंधित, थाना रजौली अंतर्गत ग्राम धमनी निवासी नीतू देवी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित तथा थाना नवादा सदर अंतर्गत प्रसाद बिगहा निवासी टींकू कुमारी द्वारा एफडी तुड़वाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## शिव ही सृष्टि के मूल आधारः मंटू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**इस्लामपुर।** नगर के गया रोड स्थित वृंदावन वाटिका में आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में शिव भक्त प्रवचनकर्ता मनोज कुमार उर्फ मंटू ने महिलाओं के विशाल समूह को संबोधित करते हुए भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव ही परमात्मा हैं और संपूर्ण सृष्टि उनकी इच्छा का परिणाम है। जब तक मानव का सृष्टिकर्ता से जुड़ाव नहीं होगा, तब तक उसके जीवन का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि माता भगवती के प्रश्न पर भगवान शिव ने सृष्टि का रहस्य बताया था, इसलिए शिव प्रथम गुरु और माता भगवती प्रथम शिष्या हैं। उन्होने कहा कि शरीर से आत्मा निकलने के बाद विभिन्न योनियों में भटकती रहती है, इसलिए मनुष्य को ईश्वर भक्ति और सद्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने धर्म और संप्रदाय नहीं बनाए, सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का वास है, इसलिए ष्ईश्वर एक हैष् का संदेश मानवता की सबसे बड़ी सीख है। प्रवचन के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव की आराधना करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिव के बिना इस संसार की कल्पना भी संभव नहीं है।

# राजगीर के गर्म कुंडों की सूखती धाराओं पर सरकार गंभीर : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने ब्रह्मकुंड परिसर स्थित विभिन्न गर्म जल कुंडों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ कुंडों की धाराओं से पानी पूरी तरह बंद है, जबकि कुछ में पानी का प्रवाह काफी कम हो गया है। मंत्री ने कहा कि कुंडों की धाराओं में पानी कम होने अथवा सूखने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों से विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंडा कमेटी के कुछ सदस्यों ने जानकारी दी है कि पंचम पहाड़ के ऊपर स्थित भेलवा ढोव तालाब की उड़ाही (सफाई) कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे जलस्रोतों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ स्थानों पर बोरिंग के माध्यम से गर्म पानी निकाले जाने की जानकारी मिली है। यदि जांच में यह पाया जाता है कि बोरिंग के कारण कुंडों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, तो संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व में भी वर्षा की कमी के कारण कुंडों की धाराओं में पानी का प्रवाह घटने की स्थिति सामने आ चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि इस वर्ष भी पर्याप्त बारिश नहीं होने के



कारण कुछ कुंडों की धाराओं से पानी कम निकल रहा है या पूरी तरह बंद हो गया है। निरीक्षण के दौरान जदयू नेता मुन्ना कुमार, अजीत कुमार उपाध्याय, अश्विनी कुमार उपाध्याय, बाल्मीकि कुमार उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आपदा पीडित परिवारों की मदद सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः श्रवण कुमार

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री, क्षेत्रीय विधायक तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि आपदा पीडित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा कहते थे कि राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा पीडित परिवारों का है। सोमवार को मंत्री बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड संख्या-47 स्थित खरजम्मा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने आपदा में मृतक सूरज कुमार की आश्रित माता टुन्नी देवी को राज्य सरकार की ओर से सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।मंत्री ने कहा कि नीतीश सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी और न्याय के साथ विकास के संकल्प के तहत बिहार को नई पहचान दिलाई। वर्तमान सरकार उसी विकास मॉडल को आगे बढ़ाते हुए जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।इस मौके पर बीडीओ मनीष कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, मुखिया विश्वास सिंह, प्रमोद यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# संयुक्त सचिव ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**महिला ओपीडी में टोकन डिस्प्ले बंद मिलने पर एच एम को लगाई फटकार**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सचिव मीरा श्रीवास्तव ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी, महिला ओपीडी और प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, मरीजों की सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों की कार्यक्षमता तथा स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की विस्तार से समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान महिला ओपीडी में टोकन सिस्टम का डिस्प्ले बंद मिलने पर संयुक्त सचिव ने अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई और इसे तत्काल चालू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ओपीडी में मौजूद चिकित्सकों से महिलाओं एवं गर्भवती मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार प्रक्रिया, जांच सुविधाओं तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल की जानकारी ली। संयुक्त सचिव ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, सभी चिकित्सा उपकरणों को हमेशा कार्यशील रखने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे प्रभावी ढंग से संचालित हों, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी समय पर अपनी ड्यूटी निभाएं तथा प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड संधारण और मरीजों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, डॉ. संत कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्याम कुमार निर्मल, अस्पताल प्रबंधक मो. इमरान, सुरजीत कुमार सहित कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कौआकोल अंचल में नए सीओ चंदन चौधरी ने संभाला पदभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित अंचलाधिकारी (सीओ) चंदन चौधरी ने सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने राजस्व अधिकारी अनीश कुमार से प्रभार लिया। ज्ञात हो कि निवर्तमान अंचलाधिकारी मनीष कुमार का गुरुआ (गयाजी) अंचल में तबादला होने के बाद 9 जुलाई को उन्होंने राजस्व अधिकारी अनीश कुमार को अंचल का प्रभार सौंपा था। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीओ चंदन चौधरी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता राजस्व संबंधी कार्यों का समयबद्ध निष्पादन



सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान,अभियान बसेरा सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी,जबकि प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में आने वाले सभी फरियादियों के साथ पारदर्शी एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। इसके पूर्व नवपदस्थापित सीओ चन्दन चौधरी के कौआकोल पहुंचने के बाद राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार, दीपक कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया।

## एक नजर

### सर्पदंश से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरीसराय।** प्रखंड की दरवेशपुरा पंचायत अंतर्गत दरवेशपुरा गांव निवासी सुधीर सिंह की पत्नी सरोज देवी की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, सांप के काटने के बाद उन्हें इलाज के लिए वर्धमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पावापुरी में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार की देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं दरवेशपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया नवेंदु झा ने सरोज देवी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि सरोज देवी एक कुशल गृहिणी और धर्मपरायण महिला थीं। उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।नवेंदु झा ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश और बिच्छू के डंक की घटनाएं हर वर्ष बढ़ जाती हैं। ऐसे में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सर्पदंश के उपचार के लिए जीवनरक्षक दवाओं, एंटी-स्नेक वेनम तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने बिहार सरकार से मांग की कि प्राकृतिक आपदा के तहत सर्पदंश से मृतक के परिजनों को मिलने वाली निर्धारित अनुग्रह राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए।

### खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में सोमवार को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका रोग) राउंड-7 के निःशुल्क टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों से अपने सभी मवेशियों को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीका अवश्य लगवाने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जाएगा,ताकि अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण कर उन्हें इस संक्रामक रोग से सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर कौआकोल के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी (टीभीओ) डॉ. शम्भू शरण,छबैल के टीभीओ डॉ. राजेश कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,वैज्ञानिक डॉ. रजत रंजन,टीकाकर्मी संतोष कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### अंचल कार्यकाल में जनसुनवाई, समाधान का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली अंचल कार्यालय में सोमवार को हुई जनसुनवाई में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने विभिन्न गांवों से आए कुल आठ मामले पहुंचे। अंचलाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार 'सबका सम्मान,जीवन आसान' को लेकर प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जनसुनवाई की जाती है। सोमवार को हुई जनसुनवाई में करमा कला निवासी मो. इम्तियाज व शोहदा निवासी लालो देवी को पर्चा से प्राप्त भूमि पर विवाद था,मंधार निवासी पूनम देवी व हरदिया निवासी राजकुमार को जमीन मापी,तारगीर निवासी उषा देवी को रैयती भूमि संबंधित विवाद,अमावां निवासी मुसाफिर महतो को जमाबंदी डिजिटल,अंधरवारी निवासी रामखेलावन पंडित को दाखिल खारिज की आपत्ति एवं बंधन छपरा निवासी श्रीकांत मुरारी को परिमार्जन संबंधित समस्या थी। अंचलाधिकारी ने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वहीं अंचल कार्यालय में मौजूद माधोरामपुर निवासी संगीता देवी ने बताई कि उनके आवागमन के रास्ते को उनके चाचा रामलगन प्रसाद द्वारा ईंट का दीवार देकर अवरुद्ध कर दिया गया है,जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं धमनी निवासी राजकुमार राजवंशी ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा जबरन घर और गुमटी बैठा दिया गया है। अंचल परिसर में मौजूद तारगीर निवासी उषा देवी ने बताई कि वे अपनी ढाई बिगहा जमीन गांव के ही अयोध्या पाण्डेय को दी थी,जिसने धोखाधड़ी करके अपने नाम करवा ली है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान आए मामलों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के साथ अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया है।

### बहु की हत्या मामले में ससुर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव में बीते 30 अप्रैल को बहू के हत्या मामले में पुलिस बलों ने आरोपित ससुर को गिरफ्तार किया है। बीते 30 अप्रैल को अंधरवारी गांव निवासी कुंदन कुमार की पत्नी नेहा देवी की मौत संदेहास्पद रूप से हुई थी। नेहा के पिता अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुलना गांव निवासी होमगार्ड रामाशीष प्रसाद ने नवादा सदर अस्पताल में ब्यान दिया था कि दामाद अमित कुमार ने नेहा की तबीयत खराब होने की बात बताई थी। जब वे अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल कर्मियों ने द्वारा बताया गया कि उनकी बेटी मृत अवस्था में अस्पताल लाई गई थी। अस्पताल से बेटी के ससुराल के लोग लाश को छोड़ भाग गए थे। बेटी की मौत के बाद पीड़ित होमगार्ड द्वारा दामाद अमित कुमार, समधी विनोद सिंह व समधन किरण देवी के अलावे बेटी की ननद ऋचा कुमारी और सलोनी कुमारी के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दामाद अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं नेहा की सास व ननद ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि एसआई सचिन कुमार द्वारा हत्यारोपी अंधरवारी निवासी स्व. रामनरेश सिंह के पुत्र विनोद सिंह को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से आवश्यक पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# कांग्रेस में संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन का अभियान चलाया जा रहा है और संगठन सृजन के तहत ही जिला कमिटी, ब्लॉक कमिटी बनाया जाएगा। श्री झा ने कहा कि नवादा जिला अंतर्गत आठ ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति संगठन सृजन के विशेष सदस्यता अभियान के तहत की गई शेष ब्लॉक पकरीबरावां, कौआकोल, सिरदला, नरहट, अकबरपुर और नारदीगंज तथा जिला कांग्रेस कमिटी में 31 से 41 सदस्यों की नियुक्ति भी संगठन सृजन के विशेष सदस्यता अभियान के तहत शीघ्र ही हो जाएगी। श्री झा ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि 14 ब्लॉक में से आठ ब्लॉक नवादा, हिसुआ, रजौली, मेसकौर, गोविंदपुर, रोह, वारसलीगंज, काशीचक में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है तथा संगठन विस्तार करते हुए बिना सदस्यता के ब्लॉक कमिटी में 21 से 31 लोगो की कमिटी एवं 3 से 4 पंचायत पर तथा नगर में 2 से 3 वार्ड पर एक मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र से शीघ्र करने का दिशा निर्देश दिया गया जिससे कि जनहित की समस्याओं को लेकर संगठन सड़को पर उतर कर डबल इंजन की सरकार के कानों तक आवाज पहुंचा सके। श्री झा ने कहा कि मौजूदा समय में जिला कमिटी अभी भंग है और नई कमिटी संगठन सृजन के तहत शीघ्र से शीघ्र बनाई जाएगी इसलिए जिला कमिटी के कोई भी पूर्व के पदाधिकारी अपनी इस्तीफा समाचार पत्रों में प्रकाशित कर कार्यकर्ता को सिर्फ गुमराह कर रहे है लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता गुमराह होने वाले नहीं है। इस बैठक में पीसीसी डेलिगेट बलिराम सिंह , जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सह हिसुआ ब्लॉक के संगठन सृजन पर्यवेक्षक गोपाल कुमार, नवादा प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष रामजन्म सिंह, हिसुआ प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष विक्की कुमार, वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, रजौली प्रखंड अध्यक्ष कुंदनदीप, मेसकौर ब्लॉक अध्यक्ष इंदु सिन्हा, इंटक जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, भारत यात्री नवीन पासवान हिसुआ प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार , सत्येंद्र प्रसाद, अनुसूचित जाति के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार, अजय कुमार, अमित कुमार, चंदन आदि उपस्थित रहे।

# बीपीएससी अभियोजन पदाधिकारी परीक्षा 15 जुलाई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार लोक सेवा आयोग की अभियोजन पदाधिकारी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त रंजन कुमार चौधरी की अध्यक्षता में केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। 15 जुलाई को परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। बिहारशरीफ जिला मुख्यालय के 12 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6,744 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक केंद्र पर एक ऑब्जर्वर, दो-दो स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 24



स्टैटिक दंडाधिकारी, छह जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल और तीन वरीय उड़नदस्ता दल की प्रतिनियुक्ति की गई है।अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले तक ही केंद्र में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन एवं किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है, जिसका टोल-फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# राजगीर के गर्म कुंडों को बचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान

**19 जुलाई की महापंचायत में शामिल होने की अपील**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** आध्यात्मिक नगरी एवं प्राचीन मगध साम्राज्य की राजधानी राजगीर में ऐतिहासिक गर्म कुंड झरनों को अवैध निर्माण से बचाने के उद्देश्य से राजगीर विकास समिति के तत्वावधान में धरोहर बचाओ अभियान के तहत सोमवार को पटेल चौक के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य 19 जुलाई को प्रस्तावित धरोहर बचाओ महापंचायत को सफल बनाना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस जनआंदोलन से जोड़ना है। समिति के अध्यक्ष उमराव प्रसाद निर्मल ने कहा कि कुंड क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण के कारण ब्रह्म कुंड, सूर्य कुंड, सरस्वती कुंड सहित कई ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के कुंड गंभीर संकट में हैं। उन्होंने कहा कि इन अमूल्य धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए सरकार के साथ-साथ आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। समिति के सदस्य उपेंद्र कुमार विभूति ने बताया कि अभियान के दौरान जुटाए गए हस्ताक्षरों की प्रतियां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, बिहार के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को भेजी जाएंगी। समाजसेवी एवं पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि राजगीर की पहचान उसके ऐतिहासिक कुंडों से है और इन्हें बचाना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अभियान का समर्थन किया। मंच संचालन प्रो. सुधीर मालाकार ने किया, जबकि व्यवस्था मनोहर कुमार चौधरी ने संभाली। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु सुखनारायण प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार, रमेश कुमार पान, गोपाल भदानी, सरपंच राजेंद्र राजवंशी, बलराम तांती, नारायण प्रसाद, अनुपम कुमार तांती, रंजीत कुमार और सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत नवादा पुलिस ने 22 गुम/चोरी हुए मोबाइल लौटाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत लोगों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत वारिसलीगंज थाना पुलिस ने गुम एवं चोरी हुए कुल 22 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने खुशी व्यक्त की और नवादा पुलिस तथा वारिसलीगंज थाना की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीक और सतत प्रयास के कारण मोबाइलों का पता लगाकर उन्हें बरामद किया गया।




उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना में सूचना दें, ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके। नवादा पुलिस का यह अभियान लोगों का विश्वास जीतने के साथ-साथ पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'ऑपरेशन मुस्कान' के माध्यम से लगातार लोगों को उनकी खोई हुई संपत्ति वापस दिलाई जा रही है।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में डीएम सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरदेव भवन में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, लोक शिकायत, भूमि विवाद, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली तथा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी बीडीओ और सीओ को समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए अगले 10 दिनों में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शत-प्रतिशत लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग और उसका ऑनलाइन अपडेट सुनिश्चित करने को कहा।डीएम ने राशन कार्ड के लंबित आवेदनों पर भी सख्ती दिखाते हुए सभी बीडीओ को एक सप्ताह के भीतर 5,000 पात्र



परिवारों के नए राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त 14,160 आवेदनों में 13,441 का निष्पादन हो चुका है, जबकि 719 मामले लंबित हैं। लापरवाही पर 21 अधिकारियों को शो-कॉज जारी किया गया है।भूमि विवाद के 270 मामलों में 170 का निपटारा किया गया है। अनुमंडल स्तर पर हिलसा 76 प्रतिशत निष्पादन के साथ सबसे आगे रहा। डीएम ने राजगीर और बिहारशरीफ डीसीएलआर कार्यालयों में 30 दिन से अधिक पुराने मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजल, बिजली और सड़क से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान तथा सोहसराय आरओबी एवं ऐतवारी बाजारदूउपरौरा मोड़ सड़क परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# 15 अगस्त 2026 तक चलेगा ग्राम पंचायत खेल क्लब सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि खेल विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम एवं नगर पंचायतों में गठित खेल क्लबों को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पंचायत स्तर पर अधिक-से-अधिक युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को खेल क्लबों से जोड़ते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिले तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी ग्राम एवं नगर पंचायतों में खेल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया जा चुका है। अब इन क्लबों में अधिकाधिक सदस्यों का पंजीकरण कर क्लबों को प्रभावी एवं क्रियाशील बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2026 से आगामी तीन माह तक पंचायत स्तर पर खेल महोत्सव आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत पंचायतों के खेल क्लबों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रखंड एवं जिला स्तर पर भी खेल महोत्सव आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

जिला खेल पदाधिकारी ने जिले के सभी युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर खेल क्लब की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान का हिस्सा बनें। सदस्यता हेतु https://club.biharsports.org/auth/member-register पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।

# डॉ प्रेम कुमार ने किया कई पर्यटन परियोजनाओं का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया जिले में पर्यटन और शहरी आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में सोमवार को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया गया। इस दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार गया स्थित गांधी मैदान पार्क के 4.31 करोड़ रुपये की लागत से हुए पुनर्विकास कार्य के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गांधी मैदान पार्क का पुनर्विकास गया शहर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। परियोजना के तहत पार्क में पैदल पथ, गजीबो, शौचालय तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निर्माण किया गया है। इससे स्थानीय लोगों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षक वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गया को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक धार्मिक-पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में जिले की अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी शुरुआत की गई है। इनमें वैष्णो माता मंदिर में प्रकाश व्यवस्था और एलईडी लाइट लगाने के लिए लगभग 47.44 लाख रुपये, फतेहपुर स्थित सूर्यकुंड तालाब एवं शिव मंदिर के विकास के लिए लगभग 1.29 करोड़ रुपये तथा बोधगया में 165.44 करोड़ रुपये की लागत से विश्वस्तरीय ध्यान एवं अनुभव केंद्र के निर्माण की परियोजना शामिल है। ध्यान एवं अनुभव केंद्र में ध्यान केंद्र, वाहन पार्किंग, लिफ्ट, भोजनालय, प्रदर्शनी कक्ष, सूचना प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से गया और बोधगया की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, व्यापार को गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक परिसंपत्तियों के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की।

## गौतम हत्याकांड : पुलिस पर संदिग्ध को छोड़ने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गयाजी के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र में सोमवार को भारी बवाल हुआ। विष्णुगंज गांव के गौतम यादव की हत्या मामले में परिजनों का गुस्सा पुलिस पर फूट पड़ा। न्याय की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया। मुख्य सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि पुलिस इस हत्याकांड की जांच में घोर लापरवाही बरत रही है। साथ ही पक्षपात कर रही है। मृतक के चाचा वीरू यादव ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शुरुआत में पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया था। बाद में सांठगांठ कर उनमें से चार लोगों को छोड़ दिया गया जबकि उन चार की भी हत्या मामले में संलिप्तता है।

## जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं

### समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

# गयाजी में नए नगर आयुक्त ने संभाला पदभार

### नालियों की सफाई के बाद गाद को हटाने के निर्देश, अधूरे काम जल्द पूरा करने को कहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी नगर निगम को सोमवार को नया नगर आयुक्त मिल गया। आईएएस अधिकारी डॉ. गगन ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के विकास कार्यों में अब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पदभार संभालने के तुरंत बाद, उन्होंने अधिकारियों के साथ प्रारंभिक समीक्षा बैठक की। अधूरे पड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। डॉ. गगन इससे पहले पटना में सहकारिता विभाग में कार्यरत थे। नगर आयुक्त का पदभार संभालने के बाद उन्होंने सबसे पहले शहर के विभिन्न इलाकों में नालों की सफाई के बाद गाद के उठाव पर ध्यान दिया। अधिकारियों को तत्काल गाद हटाने और पूरे शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। आगामी पितृपक्ष मेले की तैयारियों को लेकर भी नए नगर आयुक्त ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मेला क्षेत्र की सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, कचरा प्रबंधन, यातायात और अन्य नागरिक सुविधाओं की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। इसका उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना है। नगर आयुक्त डॉ. गगन ने यह भी कहा कि इस बार पितृपक्ष मेले में साफ-सफाई की व्यवस्था को आधुनिक तकनीक के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। नगर निगम का प्रयास रहेगा कि मेला क्षेत्र के साथ-साथ पूरे शहर में स्वच्छता, कचरा निष्पादन और नागरिक सुविधाओं का स्तर बेहतर हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि गया आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण करने के साथ ही नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुशासन का भी स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय और फील्ड में उपस्थित रहें।

## वन विभाग की कार्रवाई में 19.5 किलो पौगलीन छाल के साथ चार तस्कर हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के केके पैलेस होटल में छापेमारी कर लगभग 19.5 किलोग्राम पौगलीन छाल के साथ चार कथित तस्करों को हिरासत में लिया। बरामदगी के बाद वन विभाग ने छाल को जब्त कर सभी आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। शेरघाटी के वन क्षेत्र पदाधिकारी नीतिकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित वन उपज की तस्करी के उद्देश्य से होटल में ठहरे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने होटल में छापा मारा जहां से पौगलीन छाल बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि इस प्रतिबंधित सामग्री को विदेश भेजने की तैयारी की जा रही थी। हिरासत में लिए गए आरोपियों की पहचान मो. आफताब (इमामगंज), मो. नवाब घोसी (जहानाबाद), मो. शरफू घोसी (जहानाबाद) तथा मो. मुमताज (शेरघाटी) के रूप में हुई है। सभी से वन विभाग की टीम गहन पूछताछ कर रही है। वन क्षेत्र पदाधिकारी नीतिकेश कुमार ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि बरामद छाल कहां से लाई गई थी, इसे किसके माध्यम से विदेश भेजा जाना था तथा इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। वन विभाग ने कहा कि पूछताछ और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि तस्करी के किसी बड़े गिरोह का खुलासा होता है तो उससे जुड़े सभी लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वन विभाग की इस कार्रवाई को अवैध वन उत्पादों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# अपहरण कांड के मुख्य आरोपित को जमानत मिलने पर परिजनों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** चर्चित अपहरण एवं हत्या मामले में मुख्य आरोपी राहुल कुमार को न्यायालय से जमानत मिलने के बाद मृतका के परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। परिजनों ने जमानत दिए जाने पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार एसीजेएम-1 की अदालत ने आरोपी राहुल कुमार को जमानत प्रदान की है। जमानत की सूचना मिलते ही अपहृता के परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए वरीय अधिकारियों को शिकायत भेजी है। उनका आरोप है कि मामले की जांच में कई महत्वपूर्ण पहलुओं की अनदेखी की गई है। बताया जाता है कि अपहृता डोभी थाना क्षेत्र के अछमा गांव की रहने वाली थीं। वह शेरघाटी में रहकर कानून की पढ़ाई करने के साथ-साथ एक अधिवक्ता के यहां मुंशी का कार्य भी करती थीं। 26 जून को उनके अपहरण का मामला शेरघाटी थाना में दर्ज कराया गया था। इसके बाद झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र स्थित एक तालाब से उनका शव बरामद हुआ था। शव मिलने के बाद हंटरगंज थाना में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार अपहरण मामले में राहुल कुमार के खिलाफ जमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके आधार पर अदालत ने उन्हें जमानत प्रदान की। इधर मृतका के परिजनों का कहना है कि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करेंगे। जमानत के बाद क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# कोंच की नई अंचलाधिकारी बनीं ऋतु सोनी, मुखिया ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच अंचल में सोमवार को नए अंचलाधिकारी के रूप में ऋतु सोनी ने योगदान दिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ बैठक कर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इस अवसर पर गरारी पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी ने बुके भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुखिया ने नई अंचलाधिकारी से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में सहयोग की अपेक्षा जताई। योगदान के बाद ऋतु सोनी ने कहा कि राजस्व से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और आम जनता की सुविधा उनकी प्राथमिकता रहेगी। जनता की समस्याओं का निपटारा समय पर किया जाएगा। कार्यालय के कर्मियों ने भी नए अंचलाधिकारी का स्वागत किया।

## मगध विश्वविद्यालय 27-28 जुलाई को लगाएगा विशेष शिकायत निवारण शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मियों के लंबित वेतन, बकाया भुगतान और सेवांत लाभ से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष पहल की है। राज्यपाल सचिवालय पटना के निर्देश पर विश्वविद्यालय मुख्यालय तथा इसके अधीनस्थ अंगीभूत एवं घाटानुदानित महाविद्यालयों के कर्मियों की शिकायतों के समाधान हेतु 27 व 28 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय भवन में विशेष शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में संबंधित कर्मचारी अपने दावों से संबंधित आवश्यक अभिलेखों के साथ स्वयं, अधिकृत प्रतिनिधि, ई-मेल अथवा डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य वर्षों से लंबित मामलों का पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता नंदनी कुमारी उर्फ आनंदी कुमारी, उम्र–करीब 15 वर्ष)



गढ़वा थाना कांड सं0–387/26 दिनांक–14.06.2026 धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता नंदनी कुमारी उर्फ आनंदी कुमारी, उम्र करीब–15 वर्श, पिता–स्व0 विनोद कुमार चन्द्रवंशी, पता–सहिजना वार्ड नं0–11 थाना व जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कांड के वादिनी रीना देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया किया गया कि इनकी पुत्री नंदनी कुमारी उर्फ आनंदी कुमारी दिनांक–19.12.2025 से लापता है, जो अबतक अपने घर वापस नहीं आई है। तथा थाना से प्राप्त आवेदन में यह भी उल्लेख है कि नंदनी कुमारी उर्फ आनंदी कुमारी को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में कांड प्रतिवेदित किया गया है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**

नाम–नंदनी कुमारी उर्फ आनंदी कुमारी, लम्बाई–करीब 04 फीट,
चेहरा–सामान्य, बाल–काला, ऑख–समान्य, रंग–सॉवला,
पहनावा–छिंट वाला हल्का पिंक सूईटर, काला फाक, टोपी एवं चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 384789 Police(26-27)#D


# बंद घर से लाखों की चोरी, 15 लाख के जेवर व नकदी ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित दलदला रोड में बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने के जेवर और 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना रविवार की रात योगेंद्र केशरी के घर में हुई। पीड़ित योगेंद्र केशरी ने टिकारी थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि वे रविवार को घर में ताला लगाकर एक शादी समारोह में शामिल होने बैदराबाद गए थे। सोमवार सुबह लौटने पर घर का ताला खोलते ही अंदर का सामान बिखरा मिला। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने घर के पीछे ऊपरी मंजिल की खिड़की तोड़कर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार घर से करीब 85 ग्राम सोने के विभिन्न आभूषण तथा 15 हजार रुपये नकद चोरी हो गई है। चोरी गए जेवरों की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही टिकारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। चोरी की घटना का जल्द उद्भेदन करने और चोरी गए सामान

# कोंच में बीडीओ को दी गयी विदाई, जनप्रतिनिधियों ने सराहा कार्यकाल, नए पदाधिकारी से जताई विकास की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी बिपुल भारद्वाज के स्थानांतरण पर विदाई-सह-सम्मान समारोह तथा नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मणि देवी ने की जबकि संचालन रामजय सिंह ने किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड कर्मियों ने निवर्तमान बीडीओ बिपुल भारद्वाज के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सहयोगात्मक एवं जनहितैषी कार्यशैली की प्रशंसा की। साथ ही नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार का स्वागत करते हुए उनसे विकास योजनाओं को और गति देने की अपेक्षा व्यक्त की। मुखिया संघ के अध्यक्ष शिव कुमार चौहान ने कहा कि बिपुल भारद्वाज के कार्यकाल में प्रखंड की कई विकास योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हुईं। उनके सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार से पंचायत प्रतिनिधियों को हमेशा सहयोग मिला। उन्होंने विश्वास जताया कि नए बीडीओ के नेतृत्व में भी विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने कहा कि निवर्तमान बीडीओ ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान का लगातार प्रयास किया। उन्होंने नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार का स्वागत करते हुए जनहित में बेहतर कार्य करने की उम्मीद जताई। विदाई के अवसर पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने कहा कि कोंच की जनता, जनप्रतिनिधियों और प्रखंड कर्मियों का सहयोग उन्हें हमेशा याद रहेगा। यहां कार्य करने के दौरान मिले अनुभव और सीख उनके प्रशासनिक जीवन की अमूल्य धरोहर रहेंगे। वहीं नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। जनप्रतिनिधियों और कर्मियों के सहयोग से प्रखंड के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायती राज पदाधिकारी, बीस सूत्री अध्यक्ष, कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी, मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, कलावती कुमारी, शशि कुमार, प्रखंड नाजिर जयंत कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में निवर्तमान बीडीओ बिपुल भारद्वाज को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया जबकि नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# हेलीकॉप्टर से बिहार दर्शन, पर्यटन को मिली नई रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के प्रमुख पर्यटक स्थलों का सैर-सपाटा हेलिकॉप्टर से करने की सुविधा की शुरुआत की है। हालांकि तमाम जनता के लिए यह सेवा 18 जुलाई से समुचित तरीके से शुरू हो जाएगी। पटना एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री ने इस सेवा की औपचारिक शुरुआत कर दी है। इससे सूबे के प्रमुख खूबसूरत स्थलों तक पर्यटक हवाई मार्ग से पहुंच सकेंगे। इसके अलावा पटना शहर के नजारे को हेलिकॉप्टर से निहारने के लिए भी विशेष सुविधा शुरू हो गई है। इसके लिए राज्य सरकार ने खासतौर से उन्नत किस्म के आरामदायक हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की है। इस सेवा को सुचारू तरीके से संचालित करने के लिए हेलिकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली एक निजी कंपनी से सरकार ने करार भी किया है। राज्य में पहली बार इस तरह की हेली-टूरिज्म सेवा सभी वर्ग के लोगों के लिए शुरू होने की गई है। इसका उपयोग देशी या विदेशी दोनों तरह के पर्यटक कर सकेंगे। हेलिकॉप्टर और छोटे वायुयान के माध्यम से सूबे की वादियों, नदियों और ऐतिहासिक धरोहरों का हवाई मार्ग से अवलोकन करते हुए राजगीर, कैमूर और वाल्मिकीनगर तक का सफर कर सकेंगे। इन सेवाओं रोजाना शुरू होने जा रही हैं। पटना एयरपोर्ट के पास से इसका परिचालन किया जाएगा। सभी हवाई सेवाएं फिलहाल सप्ताह में दो दिन सिर्फ शनिवार और रविवार को संचालित होगी।

**राजधानीवासियों के लिए विशेष सुविधा**

राजधानी पटना के लोगों के लिए हेलिकॉप्टर से जॉय राइड या पटना परिदर्शन की विशेष सुविधा शुरू होने जा रही है। 2100 रुपये में 10 मिनट की हवाई यात्रा में पर्यटक गंगा नदी, जेपी गंगा पथ, तख्त श्री हरिमंदिरजी पटना साहिब गुरुद्वारा समेत शहर के सभी प्रमुख स्थलों का ऊपर से हवाई अवलोकन करने का लुफ्त उठा सकेंगे। प्राप्त सूचना के अनुसार पटना एयरपोर्ट से प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार को हेलिकॉप्टर जॉय राइड यानी पटना परिदर्शन की व्यवस्था शुरू होने जा रही है। दोपहर 3 बजे के बाद इसकी उड़ान शुरू होगी और हर 30 मिनट के अंतराल पर फिलहाल चार राइड आयोजित करने की योजना तैयार की गई है। इस हेलिकॉप्टर पर अधिकतम पांच लोग एक बार में बैठ सकेंगे। इसके अच्छे परिणाम मिलने पर इसकी समयसीमा और राइड की संख्या में बदलाव किया जाएगा।

**वाल्मीकिनगर के लिए छोटी विमान सेवा**

इको टूरिज्म और बेहद मनोरम स्थलों में शुमार वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व तक अब बेहद आरामदायक शानदार छोटे वायुयान से सफर कर सकते हैं। इसमें अधिकतम 20 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। यह विमान पटना एयरपोर्ट से सुबह 10 बजे और दोपहर 3 बजे वाल्मीकिनगर के लिए उड़ान भरेगी तथा उधर से इसकी वापसी की व्यवस्था सुबह 11 बजे और शाम 4:30 बजे होगी। इसका एक तरफ का किराया 5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति है। यह सेवा सप्ताह में सिर्फ दो दिन शनिवार और रविवार को निर्धारित समय पर रहेगी।

**राजगीर और कैमूर के लिए विशेष हेलीकॉप्टर सेवा**

दो बेहद ऐतिहासिक और मनोरम पर्यटक स्थलों में शामिल राजगीर एवं कैमूर की वादियों तक के लिए विशेष हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होने जा रही है। इस पर अधिकतम 5 लोगों के बैठने की सुविधा होगी। राजगीर के लिए प्रति व्यक्ति 4 हजार रुपये और कैमूर का प्रति व्यक्ति 6 हजार रुपये किराया निर्धारित किया गया है। राजगीर के हेलिकॉप्टर की उड़ान सेवा सुबह 9:30 बजे पटना एयरपोर्ट से शुरू होगी और वापसी सुबह 10:30 बजे होगी। वहीं कैमूर के लिए सुबह 11 बजे सेवा शुरू होगी और इसकी वापसी 12:45 बजे कैमूर से पटना के लिए होगी। हेलिकॉप्टर से पर प्रति व्यक्ति अधिकतम 4 से 5 किलो वजन का सामान प्रति व्यक्ति ले जाने की अनुमति होगी।

**इस तरह करवा सकते बुकिंग**

विभाग की ओर से केवल हेलिकॉप्टर या विमान का हवाई टिकट शुल्क लिया जाएगा। पर्यटन स्थलों पर ठहरने, खाने-पीने और स्थानीय स्तर पर घुमने सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं पर्यटकों को स्वयं वहन करनी होगी।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**मछली–सह–बत्तख पालन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 15 रा0 (वि0) दिनांक 23.06.2026 के आलोक में गढ़वा जिले के मत्स्य कृषक/RFF समूह को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मूख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत मछली–सह–बतख पालन की योजना है, इस योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले को प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कोटि | भौतिक लक्ष्य (युनिट में) | इकाई लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन) | सामान्य | 01 | 153350/– प्रति 0.4 हे0 जलक्षेत्र। | अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदन 80% (अधिकतम 122680 रुपये होगी) एवं अन्य कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 107345 रुपये होगी ) तथा शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। |
| | | अ0ज0जा0 | 02 | | |
| | | अनु0जा0 | 02 | | |
| | | **कुल–** | **05** | | |

**नियम व शर्ते :–**

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक युनिट (160 डकलिंग) ही स्वीकृत किया जायेगा। 0.2 हे0 जलक्षेत्र पर मछली–सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रुप से लागू होगी।
2. आर0एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकतम दो इकाई की परियोजना होगी एवं लाभुक अंशदान वहॉ कार्यरत लाभुक समूह/म0जी0स0स0 द्वारा वहन किया जायेगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2026–27 से तीन वर्षो के लिए लीज पर होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं जिला मुख्यालय के नजदीक के आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. लाभुक के अंशदान तथा अनुदान की प्रथम किस्त की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Duckling के क्रय किये जायेंगे। (Duck House) लाभुकों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जायेगा।
6. आवेदक को NFDP पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

**उपर्युक्त विवरण एवं शर्तो के अधीन इच्छुक मत्स्य पालक/RFF समूह से विहित प्रपत्र में दिनांक 31.07.2026 अप0 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 384784 Fish(26-27)#D

संपादकीय

## कैसे रुक पाएंगे नाबालिगों से हो रहे यौन अपराध?

अपराधों को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान कानून पर्याप्त हैं, बशर्ते कि उन्हें ईमानदारी, निष्पक्षता व सख्ती से लागू किया जाए। इसके लिए आवश्यक है कि पुलिस विभाग को स्वायत्तता प्रदान करते हुए उसे जवाबदेह व प्रोफेशनल बनाया जाए। सत्तारूढ़ दल के अधीन होने के कारण पुलिस पर अधिकतर मामलों में राजनीतिक दबाव होता है, जिससे वह निष्पक्षता से काम नहीं कर पाती। सत्तारूढ़ दलों से जुड़े अपराधियों को लगता है कि उन्हें राजनीतिक शरण प्राप्त है, इसलिए कुछ भी कर लें उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। फिर पुलिस का गैर-पेशेवर रवैया भी काफी हद तक अपराधों के लिए जिम्मेदार है। पुलिस सुधार के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि ट्रायल तेजी से समाप्त हों, लेकिन अदालतों में इतने अधिक मामले लंबित पड़े हैं कि ऐसा दुर्लभ ही होता है। गवाहों की सुरक्षा विश्वसनीय नहीं है और अदालती कार्यवाही भी लंबी चलती रहती है, जिससे असरदार आरोपी अपने आपको कानून के शिकंजे में आने से बचा लेते हैं। राजस्थान के श्रीगंगानगर में पुलिस ने एक होटल में छापा मारकर 13 वर्षीय बालिका को मुक्त कराया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक रिक्शा चालक ने उसे अगवा करके होटल ऑपरेटर्स को बेचा था, जिन्होंने विभिन्न होटलों में कई दिनों तक उसका 32 व्यक्तियों से जबरन यौन शोषण कराया। इन अधेड़ उम्र के लोगों को, जो पैसे से भी संपन्न होंगे कि अपनी बेटी या पोती की आयु की नाबालिग लड़की का जबरन यौन शोषण करते हुए जरा भी शर्म नहीं आई। उन्होंने ऐसे कुकर्म पहले भी किए होंगे और होटल ऑपरेटर्स से इनकी सांठगांठ होगी, वर्ना यह कैसे संभव है कि एक नाबालिग लड़की को खरीदा जाए और फिर चंद दिनों में 3 होटलों में उसे 32 दरिंदों के सामने फेंक दिया जाए। यह संगठित अपराध का मामला प्रतीत होता है, जिसकी जांच होना आवश्यक है। वैसे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसआईटी (विशेष जांच दल का गठन किया गया है। 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक होटल का मालिक व 2 होटल मैनेजर भी शामिल हैं। अन्य गिरफ्तारियां भी जल्द होने का अनुमान है। 3 होटलों खुनगर, जॉय इन व सफायर पर बुलडोजर कार्रवाई करते हुए उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। होटल में जो दुकानें थीं, उन्हें पहले ही खाली करा लिया गया था। शहर की जिन अन्य होटलों में इस किस्म के धंधे होने का शक है, उन्हें सील कर दिया गया है। इस नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में पुलिस के अनुसार उसके पास तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, साइट जांच, पीड़िता द्वारा आरोपियों की पहचान आदि सभी आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए यह पर्याप्त है। बेहतर होगा कि इनके खिलाफ खुली अदालत में मुकदमा चलाया जाए, ताकि यह पूरे शहर के सामने शर्मसार हों, जनता को सबक मिले और कोई भी ऐसे घिनौने अपराध करने की हिम्मत न करे। इसके अतिरिक्त पीड़िता के पुनर्वास के लिए इन्हीं आरोपियों से बतौर जुर्माना मोटी रकम वसूल की जाए। इस अपराध का फैसला अधिक से अधिक 10 दिनों के भीतर आ जाना चाहिए, क्योंकि देर से मिला न्याय भी न्याय नहीं होता है। हैदराबाद में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना के बाद सड़क से संसद तक हो रहे विरोधों का तेलंगाना राज्य सरकार पर जबरदस्त दबाव पड़ रहा था, नतीजतन 6 दिसंबर 2019 की सुबह 3 बजे चारों संदिग्धों को 'मुठभेड़' में मार गिराया गया। इस 'मुठभेड़' की प्रक्रिया पर अनेक प्रश्न खड़े किए जा सकते हैं (पुलिस रात में सीन क्यों रीक्रिएट कर रही थी? आदि), लेकिन यहां सवाल ही दूसरा है- क्या इस किस्म की कार्रवाई से देश में महिलाओं के खिलाफ निरंतर बढ़ रहे यौन अपराधों पर विराम लगाया जा सकेगा? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर 18 मिनट पर एक महिला के साथ दुष्कर्म होता है। 29,909 बलात्कार पीड़ितों में से एक तिहाई नाबालिग थीं। ऐसा कोई अध्ययन या रिकॉर्ड नहीं है, जिससे यह साबित होता हो कि फांसी की सजा या 'मुठभेड़' से इतना डर बैठ जाता है कि अपराध होने बंद हो जाते हैं।

# बढ़ता समुद्री जलस्तर और गर्मी...

**जलवायु परिवर्तन को वैश्विक ताप से जुड़ी समस्या के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे निपटने के लिए दुनिया भर में कई नियम-कानून बनाए गए, प्रतिबद्धताएं दिखाई गईं, लेकिन जब उन पर अक्षरशः अमल की बारी आई, तो कदम पीछे खींच लिए गए। इसका असर अब भारत समेत कई देशों के समुद्री तटक्षेत्रों में साफतौर पर दिखने लगा है। भारत की लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा के आसपास के क्षेत्र अब एक आसन्न जलवायु संकट का सामना कर रहे हैं, जो अगले कुछ वर्षों के भीतर यहां के लोगों के जीवन, आजीविका तथा पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक रूप से बदल देगा। इन क्षेत्रों में तापमान के साथ-साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। समुद्र का बढ़ता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यह समस्या इसलिए भी गंभीर और चिंताजनक है, क्योंकि देश की तटीय पट्टी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की ओर से हाल में जारी रिपोर्ट 'भारतीय तटीय क्षेत्र : जलवायु अनुमान 2021-2040' के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हमारी कल्पना से कहीं अधिक तेजी से सामने आ रहे हैं। अध्ययन में वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त सीएमआइपी-6 जलवायु माडल का उपयोग किया गया, जिसे भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप क्षेत्रीय स्तर पर संशोधित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आबादी वाले अधिकांश क्षेत्रों में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापवृद्धि की सीमा अपेक्षा से कहीं पहले छूने का खतरा पैदा हो चुका है। इसी सीमा को वैज्ञानिक पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए एक निर्णायक मोड़ मानते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि अब केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने की चर्चा पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि हमें अपने शहरों, गांवों और विकास योजनाओं को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालना होगा।



अध्ययन से पता चलता है कि देश के लगभग चालीस तटीय जिलों में गर्मी के दौरान अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि होने की संभावना है। केरल का एर्नाकुलम जिला इस परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण बन सकता है, जहां अधिकतम तापमान में लगभग 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मामूली लग सकती है, लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार, औसत तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी भी गर्मी के दबाव, ऊर्जा की बढ़ती मांग, श्रम उत्पादकता में कमी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कई गुना बढ़ा देती है। इसका सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ेगा, जिनका जीवन खुले वातावरण में श्रम पर निर्भर है। जैसे- मछुआरे, निर्माण श्रमिक, बंदरगाह कर्मी और खेतिहर मजदूर। सवाल 'वेट-बल्ब तापमान' को लेकर भी है। यह केवल गर्मी का नहीं, बल्कि गर्मी और आर्द्रता के संयुक्त प्रभाव का सूचक है। यदि यह तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच जाए, तो मानव शरीर के लिए लंबे समय तक सामान्य रूप से काम करना कठिन हो जाता है। केरल में बढ़ते 'वेट-बल्ब तापमान' से लेकर महाराष्ट्र में तीव्र होते मानसून तक, जलवायु में हो रहे विशिष्ट परिवर्तन पहले से ही पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को अविश्वसनीय बना रहे हैं। यानी जलवायु परिवर्तन अब केवल मौसम का नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और श्रम सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुका है। तापमान के साथ-साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में मानसून की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, मुंबई उपनगर में गर्मियों के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जो गर्मी के अनुकूल शहरी नियोजन की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करती है। वहीं भारी वर्षा की अवधि लगभग छह दिन बढ़ सकती है, जबकि सूरत और भावनगर जिलों में दक्षिण-पश्चिम मानसून क्रमशः 23 और 24 फीसद अधिक तीव्र हो सकता है।

गौरतलब है कि मुंबई में अनियमित वर्षा के कारण झींगे सुखाने का पारंपरिक व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। गोवा में नमक उत्पादकों की पूरी फसल कुछ घंटों की बेमौसम बारिश में नष्ट हो जाती है। समुद्र के बढ़ते तापमान के कारण मछलियां तट से दूर जा रही हैं, जिससे छोटी नावों वाले मछुआरों को पहले की तुलना में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है और कई बार वे खाली हाथ लौटते हैं। यानी जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा बोझ वही समुदाय उठा रहे हैं, जिनका इस संकट को पैदा करने में सबसे कम योगदान है। समुद्र का बढ़ता जलस्तर संकट को और जटिल बना रहा है। यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा परिदृश्य (एसएसपी2-4.5) के अनुरूप जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक वैश्विक समुद्र स्तर लगभग 15 सेंटीमीटर तक बढ़ सकता है। जबकि तटीय भूगोल में कुछ सेंटीमीटर का बदलाव भी तटरेखा, कृषि, जलस्रोत और मानव बस्तियों पर गहरा असर डालता है। समुद्र का बढ़ता पानी तटीय कटाव को तेज करेगा, भूजल में खारेपन को बढ़ाएगा और अनेक क्षेत्रों को स्थायी रूप से रहने योग्य नहीं रहने देगा।

एक और गंभीर पक्ष चक्रवातों की बढ़ती तीव्रता है। विभिन्न अध्ययनों के मुताबिक, समुद्री सतह का तापमान प्रति दशक लगभग 0.27 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। गर्म समुद्र उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है, जिस कारण वे अधिक शक्तिशाली और विनाशकारी बनते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बार-बार आए भीषण चक्रवात इस प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। इसलिए तटीय राज्यों के लिए अब केवल आपदा राहत की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होगी। उन्हें चक्रवात-प्रतिरोधी आवास, सुरक्षित आश्रय, चेतावनी प्रणाली और स्थानीय स्तर पर अनुकूलन योजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी। सबसे संवेदनशील पक्ष सुंदरबन से जुड़ा है। बार-बार तटबंध टूटने के कारण समुद्र का खारापन खेतों, तालाबों और पेयजल स्रोतों तक पहुंच रहा है। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी नई समस्याएं पैदा हो रही हैं। यानी जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी प्रश्न है।

भारत की तटीय पट्टी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। करोड़ों लोगों की आजीविका सीधे समुद्र से जुड़ी है। यदि तटीय क्षेत्रों की जलवायु सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो इसका प्रभाव केवल तटीय राज्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और रोजगार पर भी इसका असर पड़ेगा। प्रश्न यह है कि हमारी विकास नीतियां इस चुनौती के लिए कितनी तैयार हैं? अब तक हमारा दृष्टिकोण मुख्यतः आपदा आने के बाद राहत पहुंचाने का रहा है, लेकिन जलवायु परिवर्तन ऐसी चुनौती है, जहां राहत से अधिक महत्त्व अनुकूलन का है। ऐसे में प्रत्येक तटीय क्षेत्र के लिए स्थानीय जलवायु कार्ययोजना तैयार करनी होगी। तटीय शहरों में गर्मी से बचाव की योजना, माकूल जल निकासी व्यवस्था और बाढ़-प्रतिरोधी आधारभूत ढांचे विकसित करने होंगे। मैंग्रोव, तटीय आर्द्रभूमि और प्राकृतिक तटीय सुरक्षा तंत्र के संरक्षण को विकास परियोजनाओं के समान ही प्राथमिकता देनी होगी। अगर अभी भी विकास की दिशा और प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में समुद्र केवल तटरेखा ही नहीं बदलेगा, बल्कि तटीय भारत की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और सामाजिक संरचना को भी गहराई से प्रभावित करेगा।

अध्यात्म

## हर स्थिति में विनम्रता बनाए रखनी चाहिए

एक लोक कथा है। किसी राज्य में एक अत्यंत कुशल व्यापारी था। उसकी बुद्धिमानी, ईमानदारी और प्रबंधन क्षमता अद्भुत थी। राजा भी उसकी योग्यता से प्रभावित था, इसलिए उसने उसे पूरे राज्य का प्रशासक बना दिया। व्यापारी ने अपनी कार्यशैली से न केवल राजा का विश्वास जीता, बल्कि आम जनता का जीवन भी बेहतर बना दिया। उसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती गई। कुछ समय बाद व्यापारी की पुत्री का विवाह हो रहा था। व्यापारी ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए भव्य भोज रखा, जिसमें राजपरिवार से लेकर सामान्य नागरिक तक सभी को आमंत्रित किया गया। हर अतिथि का सम्मानपूर्वक स्वागत हुआ और उन्हें उपहार भेंट किए गए। भोज में राजमहल का एक साधारण सेवक, जो महल में सफाई का कार्य करता था, अनजाने में उस आसन पर बैठ गया जो राजपरिवार के लिए था। यह देखकर व्यापारी का क्रोध फूट पड़ा। उसने सबके सामने सेवक की गर्दन पकड़कर उसे अपमानित किया और धक्के देकर बाहर निकलवा दिया। अपमान की आग सेवक के मन में गहराई तक उतर गई। कुछ दिनों बाद वही सेवक राजा के कक्ष की सफाई कर रहा था। राजा अर्धनिद्रा में था। तभी सेवक धीरे-धीरे बड़बड़ाने लगा कि व्यापारी ने रानी के साथ अनुचित व्यवहार किया है। ये सुनते ही राजा चौंक उठा और उससे सत्य पूछा। सेवक ने तुरंत माफी मांगते हुए कहा कि रातभर जागने के कारण वह नींद में कुछ भी बोल रहा था। राजा ने बात वहीं समाप्त कर दी, लेकिन उसके मन में संदेह का बीज पड़ चुका था। परिणामस्वरूप व्यापारी के अधिकार सीमित कर दिए गए और महल में उसके प्रवेश पर रोक लगा दी गई। अगले दिन जब व्यापारी महल में आया तो उसे सैनिकों ने रोक दिया। यह देख कर व्यापारी बहुत हैरान हुआ। पास ही वही सेवक खड़ा हुआ था, उसने मजे लेते हुए कहा कि सैनिकों, जानते नहीं ये कौन हैं? और तुम्हें इस राज महल से बाहर फिंकवा सकते हैं, जैसा इन्होंने मेरे साथ किया था। यह बात सुनते ही व्यापारी को पूरी बात समझ आ गई। जब व्यापारी को इसका कारण समझ आया, तो उसने अहंकार छोड़कर उसी सेवक को अपने घर बुलाया। उसका आदर-सत्कार किया, उपहार दिए और सार्वजनिक अपमान के लिए विनम्रता से क्षमा मांगी। व्यापारी की सच्ची पश्चाताप भावना देखकर सेवक का मन बदल गया। उसने व्यापारी से कहा कि चिंता मत कीजिए, मैं आपको आपका सम्मान फिर से दिला दूंगा। अगले दिन उस सेवक ने फिर राजा की अर्धनिद्रा के समय वही पुराना तरीका अपनाया और इस बार राजा के बारे में एक हास्यास्पद बात बड़बड़ाई। राजा तुरंत समझ गया कि जैसे यह मेरे बारे में झूठ बोल सकता है, वैसे ही व्यापारी के बारे में भी झूठ ही बोला होगा। राजा को अपनी भूल का एहसास हुआ। अगले ही दिन उसने व्यापारी की प्रतिष्ठा और अधिकार पूरी तरह फिर से लौटा दिए।

**सीख:** किसी का पद छोटा हो सकता है, लेकिन उसका आत्मसम्मान कभी छोटा नहीं होता। यदि हम लोगों का सम्मान करते हैं, तो वे भी हमारा साथ देते हैं।

# उम्मीद की डोर थामिए, मुश्किलें हार जाएंगी

**हर हाल में मिजाज ठंडा रख कर हर संभव प्रयास करते जाना ही निराशा की काट का जरिया बनता है। निराशा के भाव को घेरने नहीं देना चाहिए। आशा करते-करते ही निराशा छंटती है। वैज्ञानिक तथ्य है कि उम्मीदी की प्रबल सोच से दो-तिहाई समस्याओं के समाधान खुद-ब-खुद निकलते जाते हैं। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि कोई विपदा इतनी बड़ी नहीं होती, जितनी विपरीत सोच है कि अब कुछ नहीं हो सकता। इसलिए सदा सुलझाने की उम्मीद जगाना लाजमी है। उम्मीद की मलहम लगाते रहने के दौरान समस्या का कोई न कोई कारगर इलाज या हल निकल ही आता है। 'जीवन चलने का नाम' का भाव हमेशा दिलोदिमाग में संजोए रखने से उम्मीद बंधी रहती है, आस नहीं टूटती। पीपल के पेड़ से बखूबी सीख मिलती है कि मरुभूमि हो या बंजर स्थान, दलदल हो या दीवार, पीपल कहीं भी अपनी जड़ें जमा लेता है। वह नाउम्मीदी को भी उम्मीद से पार ले जाता है।**

**सुधांशु माहेश्वरी**


कथाकार ओ हेनरी की एक लोकप्रिय लघुकथा है- 'द लास्ट लीफ'। इसे कई जगहों पर अंग्रेजी स्कूलों के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है। यह दरअसल, उम्मीद को पकड़ कर मौत के मुंह से बच निकलने की सबसे प्रेरक कहानियों में से एक है। इसकी कहानी यह है कि कड़ाके की ठंड के दिनों में शहर में जानलेवा निमोनिया फैला था। एक लड़की इसकी चपेट में आ गई। रोग इतना गंभीर हुआ कि दवाइयों का असर होना बंद हो गया।

लड़की बिस्तर से खिड़की के बाहर झांकती रहती और सोचती रहती कि सामने की बेल का जब आखिरी पत्ता गिर जाएगा, तो वह भी नहीं बचेगी। मगर इसी के समांतर एक विचित्र अनहोनी हो गई! आखिरी पत्ता सही-सलामत रहा- न गिरा, न मुरझाया। बावजूद इसके कि इस दौरान तेज आंधी भी चली और पानी भी खूब बरसा। देख-देख लड़की एकदम चंगी हो गई। बाद में यह जाहिर हुआ कि दीवार पर चढ़ी बेल का आखिरी पत्ता एक माहिर चित्रकार ने अपने रंगों की कूची से बनाया था। यानी आखिरी पत्ता बेशक नकली था, लेकिन उससे बच्ची के भीतर उपजी जीने की उम्मीद असली थी, जिसने रंग दिखा दिया।

इसी प्रकार, गुलजार की कविता 'एक अकेला पत्ता' में एक पेड़ बाढ़ के पानी में आधा डूबा हुआ है, लेकिन पानी से बाहर निकली पेड़ की टहनी से जुड़ा एक अकेला पत्ता उससे धीरे से कहता है, 'डरो मत, मैं हूं न!' डूबते व्यक्ति के मन की यही भावना कमाल कर दिखाती है। किसी शायर ने हर हाल में उम्मीद का दामन थामे रखने पर फरमाया है कि 'उम्मीद कीजिए, अगर उम्मीद कुछ नहीं...', बेशक जिंदगी में दुश्वारियां कम नहीं हैं। इसीलिए जिंदगी और मौत में से जिंदगी को ही चुना जाता है, या हर व्यक्ति को यही चुनना चाहिए।

दुखों के बीच भी आशा की किरण टिमटिमाती रहती है कि एक दिन दुख खत्म होगा और सुख की सुबह आएगी। यही उम्मीद है कि सबसे गहरे दुख से गुजरते व्यक्ति के भीतर भी जीने के बहाने लाखों हैं। उम्मीद की डोर थामने से इंसान अंदरूनी ताकत से लबालब हो उठता है। मुश्किल से मुश्किल दौर में भी अपने भीतर की शक्ति के दम पर इंसान जीवन के उतार-चढ़ाव में डांवाडोल नहीं होता, बल्कि डटा रहता है और इसी से मिले हौसले की वजह से आखिर जीत कर निकलता है। बेहतर जीवन जीने में भी लोग महारत हासिल करते हैं। परिवार, किताबें, प्रवचन, सिनेमा, कला- कृतियां, दोस्त- गुरु वगैरह ही नहीं, दिलोदिमाग को खोल कर घूमने से अपने भीतर बखूबी उम्मीद के बीज बोए जा सकते हैं।

सच यह है कि उम्मीद के साथ जीने से नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। महात्मा बुद्ध इसे यों समझाते हैं कि अगर हम मान लें कि कल ज्यादा बेहतर होगा, तो आज हम ज्यादा



शक्तिपूर्वक और प्रभावी ढंग से विपदाओं को सह सकते हैं। नाउम्मीदी से मनोबल घटता है, जबकि उम्मीद को जिंदा रखने से बढ़ता है। उम्मीद कमजोर हो, तो कई बार जीती जाने वाली लड़ाई भी हार जाई जाती है और उम्मीद कायम हो, तो हारी हुई लड़ाई भी इंसान जीत सकता है। विकट से विकट परिस्थिति कभी पूरी तरह खराब नहीं होती, केवल हमें उनसे निपटना नहीं आता। तो उम्मीद, कोशिश और प्रार्थना में से पहले क्या चुना जाए? सयाने बताते हैं कि पहले उम्मीद पैदा कीजिए, फिर कोशिश में जुटिए और आखिर में प्रार्थना कीजिए।

उम्मीद के साथ बचाव में किए छोटे-छोटे प्रयास भी वाकई बड़े साबित होते हैं। एक कहानी है कि एक दफा जंगल धू-धू कर जलने लगा। कुछ भयभीत जानवर जंगल से निकल कर भागने लगे। ज्यादातर गहरे सदमे और अफसोस में डूबे मूकदर्शक बन कर ताकने लगे। मगर एक नन्ही-सी गौरैया जुट गई। वह उड़ती, नदी किनारे जाती और पानी की चंद बूंदें अपनी चोंच में भर कर ले आती। फिर ऊपर आकाश से अपनी चोंच खोल कर जलते पेड़ों पर उड़ेल देती। वह चक्कर पर चक्कर लगातार घंटों ऐसा करती रही। कोई जानवर या पक्षी उसके साथ नहीं लगा, उल्टा कई नाउम्मीदी के भाव से उसे ताने कसने लगे कि 'इतना विशाल जंगल और तुम नन्ही-सी?' दूसरा कहता, 'अरे! बचना। कहीं तुम्हारे पंख ही न जल जाएं।' तीसरे ने चेताया, 'पगली, तेरी बूंदों से आग की लपटें कहां शांत होने वाली हैं?' गौरैया जान गई कि उसके सभी साथी पूरे निराशावादी हैं। पानी की बूंदें ले जाने के लिए उड़ान भरते-भरते गौरैया ने पीछे मुड़कर कर दोटूक जवाब दिया- 'मैं जो कर सकती हूं, वह कर रही हूं।'

हर हाल में मिजाज ठंडा रख कर हर संभव प्रयास करते जाना ही निराशा की काट का जरिया बनता है। निराशा के भाव को घेरने नहीं देना चाहिए। आशा करते-करते ही निराशा छंटती है। वैज्ञानिक तथ्य है कि उम्मीदी की प्रबल सोच से दो-तिहाई समस्याओं के समाधान खुद-ब-खुद निकलते जाते हैं। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि कोई विपदा इतनी बड़ी नहीं होती, जितनी विपरीत सोच है कि अब कुछ नहीं हो सकता। इसलिए सदा सुलझाने की उम्मीद जगाना लाजमी है। उम्मीद की मलहम लगाते रहने के दौरान समस्या का कोई न कोई कारगर इलाज या हल निकल ही आता है। 'जीवन चलने का नाम' का भाव हमेशा दिलोदिमाग में संजोए रखने से उम्मीद बंधी रहती है, आस नहीं टूटती। पीपल के पेड़ से बखूबी सीख मिलती है कि मरुभूमि हो या बंजर स्थान, दलदल हो या दीवार, पीपल कहीं भी अपनी जड़ें जमा लेता है। वह नाउम्मीदी को भी उम्मीद से पार ले जाता है। यानी हर इंसान में पीपल जैसी जिजीविषा होनी चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज भावनाओं के बजाय व्यवहारिकता को अपनायें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृषभ**

बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। गले में इन्फेक्शन जैसी समस्या हो सकती है। शाम के समय मूड बदलने के लिये कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन**

आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा फोकस करेंगे।

**कर्क**

आप नये विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी योग्यता पर सन्देह न करें। योजनाओं के अनुसार काम पूरे हो जायेंगे। पारिवारिक मामलों को शान्तिपूर्वक निपटायें।

**सिंह**

जीवनसाथी को आज आप पर्याप्त समय देंगे। जिससे आपके निजी-सम्बन्ध काफी रोमान्टिक हो सकते हैं। कम मेहनत के बावजूद आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

**कन्या**

कार्यक्षेत्र में किसी कारण विवाद होने की सम्भावना है। किसी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर दुविधा की स्थिति उत्पन्न होगी। अपनी दिनचर्या को सदैव व्यवस्थित रखें।

**तुला**

आपका आर्थिक पक्ष कुछ कमजोर रहने वाला है। अतिरिक्त जिम्मेदारियों को अपने ऊपर न लें। इससे आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**वृश्चिक**

लेन-देन में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। भावनात्मक सम्बन्धों को लेकर अत्यधिक सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों से झगड़ा हो सकता है।

**धनु**

जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों में आप हाथ बँटायेंगे। प्रेम-सम्बन्धों के लिये दिन अनुकूल है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। लौह उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**मकर**

अपने अधिकारियों की किसी भी बात को न टालें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर करें। प्रेम-सम्बन्धों को लेकर कुछ तनाव रहने की सम्भावना है। जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा।

**कुंभ**

कारोबार में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। विदेश में निवास कर रहे लोग अपने घर वापस लौट सकते हैं। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**मीन**

व्यवसायी अपने प्रोडक्ट्स की अच्छी मार्केटिंग कर सकते हैं। फाइनेन्स के क्षेत्र से जुड़े लोगों को नयी कम्पनी से जॉब ऑफर हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### धनरूआ में हाईस्कूल से मार्कशीट लाने गई 16 वर्षीय छात्रा लापता, अपहरण का आरोप

**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के भेड़गांव गांव से हाईस्कूल से मार्कशीट लाने गई एक 16 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने तीन लोगों पर अपहरण कर जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता आशुतोष कुमार, पिता सुरेन्द्र सिंह, निवासी भेड़गांव ने बताया कि उनकी बेटी शिवानी कुमारी, उम्र 16 वर्ष, दिनांक 07/07/2026 को करीब 11:00 बजे दिन में राज प्रताप कुमार हाईस्कूल साईं से इंटर का मार्कशीट लाने के लिए घर से निकली थी। शाम 3:00 बजे तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। आशुतोष कुमार का आरोप है कि खोजबीन के दौरान पता चला कि राज प्रताप कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता आनंद कुमार, निवासी कुकुरबांधा ने अपने पिता आनंद कुमार, उम्र 40 वर्ष, पिता रामबालक प्रसाद और मां के साथ मिलकर शिवानी को स्कूल के पास से जबरन फोरव्हीलर गाड़ी में बैठाकर कहीं ले गया है।पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी का नाबालिग है। उन्हें अपनी बेटी के साथ अनहोनी की आशंका है। घटना की सूचना पर धनरूआ थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि छात्रा की बरामदगी और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर भी जांच शुरू कर दी है।

### मोकामा में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, युवक गिरफ्तार

**मोकामा, नवबिहार संवाददाता।** नगर के चिंतामणिचक टीओपी अंतर्गत कोयला सिटी में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से 62 वर्षीय जोगिंदर पासवान की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात कोयला सिटी निवासी जोगिंदर पासवान सड़क किनारे खड़े थे।इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन तुरंत उन्हें मोकामा ट्रामा सेंटर ले गए, जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया।इलाज के दौरान रात करीब ढाई बजे जोगिंदर पासवान ने दम तोड़ दिया।हादसे के बाद मोकामा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइक जब्त कर ली है।इस हादसे में बाइक सवार युवक बंटी कुमार और सवार एक युबक को भीड़ ने बुरी तरह पिटाई कर दिया।मौके पर मोकामा पुलिस ने भीड़ से युबक को छुड़ाया गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद पूरे कोयला सिटी इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

### 8 वर्षीय बच्ची दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर मुख्यालय के एक मोहल्ले में सोमवार को तकरीबन 4 बजे घर के बाहर खेल रही 8 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने बताया कि बच्ची मोहल्ले में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान 55 वर्षीय लाल बाबू, पेशा- इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री, है जिसने उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाते हुए अपने घर आकर अपने मम्मी को सारी बात बताई, आसपास के लोग जुट गए। हल्ला होने पर आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### डिजायर कार से 3 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** पालीगंज थाना पुलिस ने नगर बाजार स्थित महाराजगंज मुसहरी के पास वाहन जांच अभियान के दौरान एक सफेद रंग की डिजायर कार से 3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने कार चालक रविंदर कुमार उर्फ रविंदर यादव (पिता-तपेश्वर यादव) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 4,180 रुपये नकद भी बरामद किए। बरामद शराब एवं कार को जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में पालीगंज थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बालू घाट से 21 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, नकद राशि भी बरामद

**पालीगंज (पटना), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** पालीगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के महमदपुर स्थित बालू घाट पर छापेमारी कर 21 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महमदपुर निवासी सीताराम चौधरी (पिता- जयराम चौधरी) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से शराब बिक्री के 1,490 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। इस संबंध में पालीगंज थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद शराब को जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### डकैती कांड में 26 वर्षों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार, कुर्की वारंट के आधार पर भेजा गया जेल

**पालीगंज (पटना), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** पालीगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सियारामपुर ताड़ी डकैती कांड संख्या-28/2000 में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त तंजू राम (पिता- मोहन राम) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की वारंट जारी था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# तारेगना स्टेशन पर बम निरोधक दस्ते की सघन जांच

**●कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली**

**पेल्टफॉर्म से लेकर टिकट काउंटर तक हर जगह ली गई तलाशी**



**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह बम निरोधक दस्ते ने सघन जांच अभियान चलाया। सुबह के समय हुई इस कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा।
बम निरोधक टीम ने प्लेटफार्म संख्या-1, टिकट काउंटर, इंक्वायरी काउंटर, यात्रियों के बैठने वाले स्थान, पार्किंग और स्टेशन परिसर के कोने-कोने की बारीकी से जांच की। साथ ही बैग, संदिग्ध सामान और स्टेशन पर खड़ी गाड़ियों की भी तलाशी ली गई। जांच का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारी उस्मान खान और ओसामा खान ने बताया कि भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर सुरक्षा को लेकर इस तरह की कार्रवाई नियमित की जाती है। उन्होंने कहा कि त्योहारों और भीड़ के मौसम में इस तरह के अभियान और तेज किए जाते हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।
इस दौरान तारेगना थाना अध्यक्ष सोनू कुमार, रेलवे के अधिकारी और जवान भी मौजूद रहे। करीब एक घंटे तक चली जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। रेल अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों से अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें।
पुलिस ने कहा कि स्टेशन की सुरक्षा को लेकर आगे भी इस तरह की जांच जारी रहेगी।

# पुनपुन स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड पर सोमवार सुबह पुनपुन स्टेशन पर चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग अभियान में 217 बेटिकट और अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए। पकड़े गए यात्रियों से 1 लाख 48 हजार 395 रूपया का जुमार्ने के रूप में रेल राजस्व वसूला गया।वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर यह अभियान सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से 10 बजे तक चलाया गया। इसके लिए वाणिज्य विभाग की 23 टीटीई और प्ढत्रकी 6 संयुक्त टीम ने विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के साथ पुनपुन स्टेशन पर जांच की।अभियान की शुरूआत पटना-सिंगरौली पलामू एक्सप्रेस से की गई। इसके बाद 63241 सहित करीब 8 से 10 जोड़ी ट्रेनों में चार घंटे तक सघन जांच की गई।
अभियान का असर पूरे रेलखंड पर दिखा। परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना और जहानाबाद समेत सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई और टिकट बिक्री में प्रत्यक्ष वृद्धि दर्ज की गई।

# गोसाई टोला प्राथमिक विद्यालय जलमग्न

**दानापुर, नवबिहार संवाददाता**



नगर परिषद क्षेत्र में स्थित गोसाई टोला प्राथमिक विद्यालय बरसात आते ही पठन पाठन बच्चों की ठप पड़ जाती। शनिवार को हुए मुसलाधार बारिश से विद्यालय के कक्षा जलमग्न हो गया है। जिसके कारण सभी बच्चे व शिक्षक पास के मंदिर के पास मौजूद पेड़ के नीचे बैठने को मजबूर हैं।
समाजसेवी पीटी गजेन्द्र कुमार ने बताया कि बारिश की पहली फुहार आते ही गोसाई टोला प्राथमिक विद्यालय की तस्वीर बदल जाती है। शिक्षा का मंदिर एक जलमग्न टापू में तब्दील हो जाता है। यह कोई नई समस्या नहीं है, पिछले साल भी विद्यालय के बच्चों ने इसी लाचारी और अव्यवस्था का सामना किया था। हमने पिछले साल के सबक से कुछ नहीं सीखा और प्रशासन की उदासीनता आज भी बरकरार है।
विद्यालय परिसर न कक्षा पूरी तरह पानी से भरा हुआ है। घुटने भर पानी के कारण न तो बच्चे स्कूल पहुँच पा रहे हैं और न ही शिक्षक कक्षाएं संचालित कर पा रहे हैं। पास स्थित मंदिर के पास एक पेड़ के नीचे बच्चे और शिक्षक बैठे रहते हैं बारिश आ जाने पर वह सब मंदिर के अंदर छुप जाते हैं उन्होंने और स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि विद्यालय परिसर को ऊंचा किया जाए या नए बिल्डिंग बनाकर सुपुर्द किया जाए।

# भारत रत्न डॉ. अंबेडकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी का मामला

**●थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग**



**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में भगवानगंज थाना क्षेत्र में तनाव का माहौल है। इस मामले में बहुजन समाज पार्टी के नेता सह नदौल निवासी रविरंजन भारती ने भगवानगंज थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में रविरंजन भारती ने कहा है कि उन्हें सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से एक संदेश प्राप्त हुआ। इसमें दावा किया गया है कि मसौढ़ी प्रखंड के भगवानगंज थाना क्षेत्र के नरहट गांव निवासी सौरभ राजपूत, पिता अर्मेंद्र सिंह ने डॉ. अंबेडकर के संबंध में अपमानजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया है।शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी से समाज में आक्रोश फैल सकता है और सामाजिक सौहार्द तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। आवेदन के साथ उन्होंने फेसबुक लिंक और यूट्यूब शॉर्ट्स का लिंक भी संलग्न किया है। आवेदन के साथ बीएसपी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल बनकर मसौढ़ी विधानसभा के महसचिव मितरंजन कुमार, विधानसभा प्रभारी संजीत कुमार, एवं अन्य बीएसपी नेताओं में संजय कुमार,सकलदेव प्रसाद, जगन्नाथ दास,पप्पु कुमार सहित कई लोगों ने पुलिस पदाधिकारी से मिल कर आवेदन दिया है।भगवानगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त कर लिया गया है। वीडियो की जांच की जा रही है और तथ्यों के सत्यापन के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# फतुहा-हिलसा-इस्लामपुर रेलवे लाइन के हिलसा स्टेशन के पास मालगाड़ी हुई बेपटरी



**● रेलवे क्रॉसिंग बाधित,पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अधिकारी व तकनीकी कर्मी परिचालन सामान्य करने के लिए जुटे**

**दनियावां(पटना), नवबिहार संवाददाता।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के फतुहा-दनियावां-हिलसा-इस्लामपुर रेल लाइन के हिलसा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह करीब 9.20 बजे एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब इस्लामपुर की ओर जा रही एक मालगाड़ी की चार बोगियां पटरी से उतर गईं।
हादसे में चारों बोगियां क्षतिग्रस्त हो गईं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय स्टेशन पर कोई पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेन मौजूद नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी फतुहा से हिलसा होते हुए इस्लामपुर जा रही थी। हिलसा रेलवे स्टेशन पर खड़ी होने के दौरान अचानक उसकी चार खाली बोगियां पटरी से उतर गईं। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।
हादसे के कारण चिकसौरा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग को बंद करना पड़ा, जिससे सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही दानापुर रेल मंडल के अधिकारी और तकनीकी कर्मी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कर दिया।रेल अधिकारियों ने बताया कि फतुहा की ओर से एक स्पेशल इंजन मंगाया जा रहा है। इसकी सहायता से मालगाड़ी की कुछ बोगियों को अलग कर हटाया जाएगा, ताकि दूसरे ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से शुरू कराया जा सके। फिलहाल रेलवे कर्मी युद्धस्तर पर ट्रैक को दुरुस्त करने और परिचालन बहाल करने में जुटे हैं। घटना के कारणों की जांच भी की जा रही है।

# देसी शराब के खिलाफ बड़ा अभियान, पुनपुन और लहसुना पुलिस ने नष्ट की हजारों लीटर शराब



**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत पुनपुन और लहसुना पुलिस ने सोमवार तड़के सुबह विभिन्न गांवों में सघन छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने हजारों लीटर जावा-महुआ शराब नष्ट की।पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि मनोरा में शराब बनाने वाले तड़के सुबह करीब 3:00 बजे से शराब बनाने का कार्य शुरू कर देते हैं।
सूचना के सत्यापन के बाद टीम गठित कर सुबह 3:00 बजे ही भट्ठियों पर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुनपुन पुलिस ने 500 लीटर जावा-महुआ शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद कर नष्ट किए। वहीं लहसुना पुलिस ने गुरपततिचक में 500 लीटर जावा-महुआ शराब को नष्ट किया। पुलिस के पहुंचते ही अंधेरे का फायदा उठाकर शराब बनाने वाले कारोबारी मौके से फरार हो गए। मौके पर जल रही भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। लहसुना थानाध्यक्ष ने बताया कि कुछ घरों में भारी मात्रा में जावा-महुआ रखा हुआ था जिसे भी मौके पर नष्ट किया गया। दोनों थाना अध्यक्षों ने बताया कि शराब माफियाओं के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। गांवों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर शराब बनाने और बेचने वालों पर निगरानी रखी जा रही है।

### मसौढ़ी के सगुनी में वारंटी दंपती के घर साटा गया इश्तेहार

**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** मसौढ़ी थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ग्राम सगुनी निवासी वारंटी सतीश सिंह, पिता नरेश सिंह एवं उनकी पत्नी नीरू देवी के घर पर इश्तिहार का तामिला किया।पुलिस के अनुसार दोनों लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया में हाजिर नहीं हो रहे थे। इसी कारण न्यायालय ने उनके विरुद्ध इश्तिहार जारी किया था। शनिवार को पुलिस टीम ने सगुनी गांव पहुंचकर उनके आवासीय भवन पर इश्तिहार चिपकाया और मुनादी कराई।थानाध्यक्ष ने बताया कि निर्धारित अवधि में न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डिजिटल तकनीक और शोध नैतिकता से ही तैयार होंगे विश्वस्तरीय वैज्ञानिक : प्रो. तपन कुमार शांडिल्य




**पटना, नवबिहार संवाददाता।** ठाकुर प्रसाद सिंह (टी.पी.एस.) कॉलेज, पटना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को "डिजिटल केमिस्ट्रीः पब्लिकेशन रेडीनेस इन केमिकल साइंसेज झ्र फ्रॉम सॉफ्टवेयर, डेटा एनालिसिस टू साइंटिफिक राइटिंग" विषयक छह दिवसीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारम्भ कौटिल्य सभागार में हुआ।
यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शोध-प्रबंध, शोध-पत्र लेखन तथा आधुनिक डिजिटल शोध उपकरणों के प्रभावी उपयोग में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज उत्कृष्ट अनुसंधान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल तकनीक, वैज्ञानिक डेटा विश्लेषण, प्रभावी वैज्ञानिक लेखन तथा शोध नैतिकता के समन्वय से ही विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता का शोध संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से साहित्यिक चोरी, डेटा मिथ्याकरण एवं शोध परिणामों की भ्रामक प्रस्तुति जैसी अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहने तथा मौलिकता, पारदर्शिता और अकादमिक ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।
पाठ्यक्रम समन्वयक एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुषोवन पलाधी ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए आधुनिक रासायनिक सॉफ्टवेयर, वैज्ञानिक डेटा विश्लेषण, रेफरेंस मैनेजमेंट, शोध-साहित्य की खोज तथा वैज्ञानिक लेखन में दक्षता अनिवार्य हो गई है। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम ने इसे विद्यार्थियों की शोध क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रकाशन कौशल को नई दिशा देने वाली पहल बताया। वहीं डॉ. उमेश कुमार एवं डॉ. सोनू प्रताप चौधरी ने भी कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को प्रत्येक शैक्षणिक एवं व्यावहारि कार्यक्रम के अंत में डॉ. शशि प्रभा दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। छह दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 जुलाई तक चलेगा।
इस अवसर पर डॉ. देबारती घोष, डॉ. विनय भूषण कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, मीडिया प्रभारी डॉ. मुकुंद कुमार, डॉ. हंस कुमार सिंह, डॉ. शशि शेखर कुमार सिंह, डॉ. रवि प्रभाकर सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मसौढ़ी में विवाहिता की दहेज के लिए हत्या

**●पहले करंट लगाया, फिर गला दबाकर मार डाला, पति समेत 4 पर केस दर्ज**



**मसौढ़ी, नवबिहार संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के गुलरिया बीघा गांव में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने नवविवाहिता की हत्या कर दी। मामला बिते रविवार की है। गौरतलब है की मृतका पूजा कुमारी के चाचा रामध्यान प्रसाद यादव के बयान पर सभी ससुराल पक्षों में पति रवि रंजन कुमार, ससुर अरविंद कुमार, ननद प्रीति कुमारी और सास फूलमती देवी पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। आवेदन में कहा गया है कि 2024 में शादी के बाद से ही ससुराल वाले अपाचे बाइक और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते थे। आरोप है कि पहले करंट लगाकर फिर गला दबाकर पूजा की हत्या कर दी गई।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से सभी फरार हैं। इस घटना के बाद मृतक के परिजन ऑन का रो रो कर बुरा हाल है दरअसल शादी से पहले ही मृतक पूजा के पिता अजय कुमार एक बीमारी से निधन हो गया था

### थानाध्यक्ष बमबम कुमार को सामाजिक कार्यकर्ता ने किया सम्मानित

**दनियावां(पटना) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहजहांपुर थाना में हाल ही में नवपदास्थापित थानाध्यक्ष बमबम कुमार को सरथुआ गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व वरीय मीडिया कर्मी डॉ. राजीव कुमार नयन ने रविवार को थाना के हरियाली युक्त प्राकृतिक प्रांगण में शॉल, पुष्पगुच्छ,स्मृति चिन्ह व प्रज्ञा पुस्तक व अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व में शहीद विजय स्मारक क्लब के मुख्य सदस्य मुकेश कुमार(खेल प्रेमी व जीवनबीमा अभिकर्ता) और अम्बर पटेल भी मोमेंटो, अंगवस्त्रम व माला देकर उन्हें सम्मान दिया।श्री बमबम जो मूलरूप से भागलपुर जिले के निवासी हैं कोतवाली थाना,पटना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।उनकी छवि एक युवा व कुशल नेतृत्व कर्ता के रूप में रही है।

# मोकामा में मानसून की बेरुखी से धान की खेती पर संकट

**लक्ष्य से काफी पीछे रोपनी**



**मोकामा, नवबिहार संवाददाता।** मानसून के सक्रिय रहने के बावजूद कम बारिश ने मोकामा और घोसवरी टाल क्षेत्र में धान की खेती की कमर तोड़ दी है। बारिश नहीं होने से रोपनी बुरी तरह प्रभावित है और किसान चिंतित हैं।
सोमवार तक घोसवरी प्रखंड की 8 पंचायतों में मात्र 11 प्रतिशत भूमि पर ही धान की बोआई हो पाई है। सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए यहां 4,077 हेक्टेयर में धान आच्छादन का लक्ष्य रखा है। कृषि पदाधिकारी कुमार आकाश के मुताबिक, वर्षा के अभाव में किसान खेतों में उतर नहीं पा रहे। उर्वरक और अन्य सुविधाएं मौजूद होने के बावजूद रोपनी की रफ्तार काफी धीमी है।मोकामा प्रखंड में भी स्थिति बेहतर नहीं है। यहां अब तक सिर्फ 32 प्रतिशत भूमि पर धान की रोपाई हो सकी है।
मोकामा के 15 पंचायत और 28 वार्डों के लिए सरकार ने इस फसल सत्र में 1,675 हेक्टेयर में धान की बोआई का लक्ष्य तय किया है।कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई का अंतिम सप्ताह धान रोपनी का सही समय माना जाता है। मानसून अच्छा रहने के बावजूद बारिश न होना किसानों के मंसूबों पर पानी फेर रहा है। टाल क्षेत्र में तो हालात और खराब है।कृषि पदाधिकारी कुमार आकाश ने कहा कि वर्षा होने के बाद ही धान की रोपाई में तेजी आने की उम्मीद है।
फिलहाल किसान आसमान की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं।
प्रगतिशील किसान प्रणव शेखर शाही के अनुसार अगर अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो मोकामा और घोसवरी प्रखंड में धान की बोआई निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे छूट जाएगी, जिसका सीधा असर खरीफ उत्पादन पर पड़ेगा।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति राख

**छपरा/मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन पोखरा स्थित एक मोबाइल स्टोर में सोमवार सुबह भीषण आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दुकान संचालक डुमरसन गांव निवासी नीतेश कुमार ने बताया कि रविवार रात वह अपनी नीतेश मोबाइल स्टोर बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह दुकान के समीप रहने वाले लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, जहां दुकान धू-धू कर जल रही थी। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, नए मोबाइल फोन, मोबाइल स्पेयर पार्ट्स समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। कर्ण कुदरिया के उपमुखिया रोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अग्निकांड में करीब पांच लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोग शॉर्ट सर्किट की आशंका जता रहे हैं। पीड़ित दुकानदार ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।



### आतंक का पर्याय बना पागल बंदर पकड़ा गया

**छपरा/मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड की अरना पंचायत अंतर्गत बड़वाघाट बाजार में पिछले कई दिनों से लोगों के लिए आतंक का कारण बने पागल बंदर को आखिरकार जाल की मदद से सुरक्षित पकड़ लिया गया। बंदर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, यह बंदर राहगीरों, घरों की छतों पर मौजूद लोगों तथा बाहर निकलने वाले ग्रामीणों पर अचानक हमला कर देता था। उसके हमले में करीब एक दर्जन लोग घायल हो चुके थे। लगातार हो रहे हमलों के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल था और लोग घरों से निकलने में भी भय महसूस कर रहे थे। समाजसेवी मुन्ना साह ने बताया कि बंदर के आतंक की सूचना वन विभाग को दी गई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद सिवान से बंदर पकड़ने में विशेषज्ञ निजी टीम को बुलाया गया। विशेषज्ञों ने काफी मशक्कत के बाद जाल की सहायता से बंदर को सुरक्षित पकड़ लिया। बंदर के पकड़े जाने के बाद बाजार और आसपास के गांवों में लोगों ने राहत व्यक्त की तथा वन विभाग और विशेषज्ञ टीम के प्रयासों की सराहना की।



### पिस्तौल के बट से मारकर मजदूर को जख्मी किया

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दाउदपुर मोहल्ले में रंगदारी नहीं देने पर पिस्तौल के बट से मारपीट कर एक मजदूर को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। पीड़ित के आवेदन पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मुन्ना कुमार पिता शिव शंकर प्रसाद दादपुर निवासी है जो सोनपापड़ी की दुकान में काम करता है। उसने बताया कि रविवार को मोहल्ले के बिट्टू और रंजन ने उससे जबरदस्ती पैकेट से पैसे छीन लि थी। विरोध कर उसके घर पर जाकर उसके परिवार को बोल दिये थे,सोमवार को दुबारा जब हम होटल में नाश्ता कर रहे थे, तभी दोनों वहां पहुंचे और फिर से पैसे मांगने लगे। मना करने पर पिस्तौल के बट से उस पर हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### हत्या मामले में दो आरोपित ने किया सरेंडर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा ओपी क्षेत्र के चंदन नगर के पास प्रेमी-प्रेमिका की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुनपुन थाना कांड संख्या 279/25, दिनांक 12.09.2025 के अभियुक्त चंदन कुमार उर्फ घनश्याम पिता राजदेव प्रसाद, निवासी सिगरामपुर, थाना धनरूआ ने गिरफ्तारी और कुर्की के भय से न्यायालय में सरेंडर किया है। इस कांड में मृतक सुबोध कुमार उर्फ लोहा की मां सुशीला देवी, निवासी सिंगरामपुर धनरूआ के बयान पर कुल 21 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोप है कि लवली कुमारी के चाचा ने दोनों के प्रेम संबंध से नाराज होकर महाकाल गैंग को सुपारी दी थी। इसके बाद दोनों को पटना से अपहरण कर हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया था। अब तक इस मामले में 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### 200 लाभार्थियों को मिली परिवार नियोजन सामग्री

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसंख्या नियंत्रण और परिवार कल्याण को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में सोमवार को जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मेला का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आई लगभग 200 लाभार्थी महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन की अस्थायी सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। इसमें गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम और अन्य अस्थायी साधन शामिल थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाभार्थियों को छोटे परिवार के लाभ, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और गर्भनिरोध के सुरक्षित तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, बम चंद्रभूषण प्रसाद, राकेश पटेल,, अस्पताल के सभी जीएनएम एएनएम अस्पताल कर्मचारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने अलग-अलग स्टॉल के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि छोटे परिवार से ही स्वस्थ समाज और बेहतर भविष्य संभव है। अस्पताल प्रबंधन ने मेले को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कर्मियों का आभार जताया।



# इरिमी में आईआरएमएस लेखा अधिकारियों का पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू

**देशभर से पहुंचे 14 प्रशिक्षु अधिकारी, वित्तीय प्रबंधन एवं रेलवे प्रशासन की बारीकियों से होंगे रूबरू**



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान (इरिमी), जमालपुर में सोमवार से भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लेखा संवर्ग के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संघ लोक सेवा आयोग (सीएसई) 2022 एवं 2023 बैच के कुल 14 प्रशिक्षु अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस बावत इरिमी के महानिदेशक एके सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नवचयनित आईआरएमएस (लेखा) अधिकारियों को भारतीय रेलवे की वित्तीय व्यवस्था, लेखा प्रणाली, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा विभिन्न विभागों के समन्वित कार्य संचालन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को रेलवे के वित्तीय प्रबंधन, बजट प्रणाली, लेखा परीक्षण, संसाधन प्रबंधन, निर्णय प्रक्रिया तथा आधुनिक प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। इधर, इरिमी डीन प्रेम प्रकाश ने बताया कि यह सीटीआई एप्रिसिएशन कोर्स विशेष रूप से आईआरएमएस (लेखा) अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे रेलवे के तकनीकी एवं परिचालन तंत्र को भी करीब से समझ सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं तथा रेल इंजन निर्माण एवं अनुरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षु अधिकारियों में श्रुति उत्तम श्रोते, निखिल शर्मा, तुम्माला मनोज कुमार, स्नेहा अनमोल, अंकश वर्मा, नवाले प्रांजली प्रमोद, बिपिन कुमार सिंह, रवुरी साई अलेख्या, अभिषेक नापा, सुरभि जैन, हिमांशु, अर्जुन गुप्ता, पवन कुमार सहित कुल 14 अधिकारी शामिल हैं।

## इंडिया गठबंधन का हस्ताक्षर अभियान, नप जमालपुर की जनता की आवाज



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर क्षेत्र की आम जनसमस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन ने चरणबद्ध आंदोलन का आगाज कर दिया है। जन आंदोलन के पहले चरण के तहत सोमवार को सदर बाजार स्थित बराट चौक पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।अभियान में इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस, राजद, कम्युनिस्ट, सपा, आईआईपी सहित तमाम विपक्षी दलों के कार्यकताओं ने सड़कों पर उतरकर जनता से सीधा संवाद किया। कार्यकताओं ने आम लोगों को हस्ताक्षर अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया और बताया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे पानी, स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़क, सफाई आदि को लेकर एकजुट होकर प्रशासन और सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।जनता की आवाज को और मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। इन हस्ताक्षरों को एक ज्ञापन के रूप में संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा।इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जमालपुर की सम्मानित जनता से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इस अभियान में शामिल हों और जनहित के इस आंदोलन को सफल बनाएं।कार्यक्रम में कम्युनिस्ट अंचल अध्यक्ष कामरेड मुरारी प्रसाद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष साई शंकर, राजद नगर अध्यक्ष बम बम यादव, आईआईपी नगर अध्यक्ष अमित रंजन, आईआईपी युवा जिला अध्यक्ष मयंक राज,सपा नेता रविकांत झा, कमलेश्वरी मंडल, अरविंद कुमार, मोहम्मद बरकत कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे।

## शहर के समग्र विकास और जनसमस्याओं के समाधान पर हो प्राथमिकता से कार्य : मुख्य पार्षद




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद कार्यालय जमालपुर में सोमवार को शहर के विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों की समीक्षा को लेकर मुख्य पार्षद पार्वती देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड पार्षदों,नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने नगर परिषद क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं, सफाई व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर बल दिया।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि नगर परिषद से शहरवासियों की अपेक्षाएं काफी बढ़ी हैं। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधि और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करें ताकि नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जमालपुर का प्रमुख आकर्षण काली पहाड़ी क्षेत्र है। इसके सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर बड़े स्तर पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है, जिससे शहर को नई पहचान मिल सके।बैठक में वार्ड पार्षद कैलाश सिंह एवं आलोक कुमार ने भी शहर के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद अंजली कुमारी, वार्ड पार्षद मधु कुमारी, सोनम राज, नीलू कुमारी, प्रेम शंकर, राजा कुमार सहित नगर परिषद के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एचआईवी एड्स के बारे में लोगों में गलत भ्रांतिया

**संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क मात्र में आने से नहीं फैलता एच.आई.वी : डॉ. सुनील कुमार दूबे**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक ;गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञद्ध डॉ. सुनील कुमार दूबे ने कहा है कि दुनिया भर के लोगों में एड्स के बारे में कई गलत धरणाएँ है। ये भ्रांतियाँ केवल अनपढ़ लोगों तक ही सीमित नहीं है । बल्कि दुनिया भर के शिक्षित लोग में भी एड्स के बारे में विभिन्न मिथकों में विश्वास करते हैं। जिसके परिणामस्वरूप एड्स से पीड़ित लोगों के साथ अनुचित भेदभाव किया जाता है। 2018 तक दुनिया भर में 37 मिलियन लोग एच.आई.वी. से ग्रसित थे। हालाँकि एड्स का इलाज अभी तक खोजा नहीं जा सका है। लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ती प्रगति के साथ अब दुनिया भर में यह संभव है कि अच्छी चिकित्सा के साथ मरीज लंबे समय तक और स्वस्थ जीवन जी सकता है । एच.आई.वी. या एड्स दोनों को एक दूसरे से जोड़ा जा सकता है, लेकिन दोनों निश्चित रूप से अलग है। जब रोगी एच.आई.वी. के साथ जी रहा है तो इसका मतलब है कि उसने शरीर में एच.आई.वी. 'मानव प्रतिरक्षा विकार' है, जबकि एड्स 'एक्क्वायर्ड इम्यून डेफिफसिएंसी सिंड्रोम' एच.आई.वी. संक्रमण का उन्नत चरण है। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर या विपफल कर देता है। एच.आई.वी. एक वायरस है और इसे छूने से संक्रमण नहीं हो सकता । डॉ. दूबे ने आगे कहा कि यदि आप किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, तो संक्रमित होने की कोई संभावना नहीं है, यही बात पानी और हवा पर भी लागू होती है, क्योंकि वायरस उनके माध्यम से नहीं पफैलता है। इसलिए संक्रमित व्यक्ति की मौजूदगी में हवा में साँस लेने या पानी में तैरने से वायरस नहीं पफैलता है । एक ही वॉशरुप, टॉयलेट, कटलरी यहाँ तक कि खाँसने, छींकने या थूकने से वायरस नहीं पफैलता है। चुंबन के माध्यम से एच.आई.वी. पफैलने का एकमात्रा संभावित तरीका यह है कि अगर दोनों में से किसी के मसूढ़े में खून बह रहा हो, और दोनों के बीच खून का आदान-प्रदान हो । एच.आई.वी. पसीना, मूत्रा या मल से भी नहीं पफैलता है। मौखिक सेक्स के माध्यम से एच.आई.वी. के प्रसार की संभावना उतनी ही कम है, जितनी चुंबन से है चूँकि वायरस शरीर के बाहर जीवित नहीं रह सकता, इसलिए हस्तमैथुन भी सुरक्षित है। कंडोम एच.आई.वी. और अन्य एस.टी.डी. यौन संचारित रोगोंद्ध को रोकने में प्रभावी होते है। यदि उचित तरीके से सुरक्षा ली जाती है तो एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संबंध भी बनाए जा सकते हैं। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति के साथ माँ से भ्रूण तक एच.आई.वी. के संचरण को रोका जा सकता है, इसलिए यह कहना सही नहीं होगा कि संक्रमित माँ हमेशा शिशु को एच.आई.वी. संक्रमित करेगी ।



## फतुहा-हिलसा-इस्लामपुर रेलवे लाइन के हिलसा स्टेशन के पास मालगाड़ी हुई बेपटरी

**रेलवे क्रॉसिंग बाधित,पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अधिकारी व तकनीकी कर्मी परिचालन सामान्य करने के लिए जुटे**


**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के फतुहा-दनियावां-हिलसा-इस्लामपुर रेल लाइन के हिलसा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह करीब 9.20 बजे एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब इस्लामपुर की ओर जा रही एक मालगाड़ी की चार बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसे में चारों बोगियां क्षतिग्रस्त हो गईं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय स्टेशन पर कोई पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेन मौजूद नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी फतुहा से हिलसा होते हुए इस्लामपुर जा रही थी। हिलसा रेलवे स्टेशन पर खड़ी होने के दौरान अचानक उसकी चार खाली बोगियां पटरी से उतर गईं। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के कारण चिकसौरा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग को बंद करना पड़ा, जिससे सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही दानापुर रेल मंडल के अधिकारी और तकनीकी कर्मी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। रेल अधिकारियों ने बताया कि फतुहा की ओर से एक स्पेशल इंजन मंगाया जा रहा है। इसकी सहायता से मालगाड़ी की कुछ बोगियों को अलग कर हटाया जाएगा, ताकि दूसरे ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से शुरू कराया जा सके। फिलहाल रेलवे कर्मी युद्धस्तर पर ट्रैक को दुरुस्त करने और परिचालन बहाल करने में जुटे हैं। घटना के कारणों की जांच भी की जा रही है।



### 217 बेटिकट यात्री पकड़े गए, 148,395 जुर्माना वसुल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड पर सोमवार सुबह पुनपुन स्टेशन पर चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग अभियान में 217 बेटिकट और अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए। पकड़े गए यात्रियों से 1 लाख 48 हजार 395 रूपया का जुमार्ने के रूप में रेल राजस्व वसूला गया।वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर यह अभियान सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से 10 बजे तक चलाया गया। इसके लिए वाणिज्य विभाग की 23 टीटीई और प्फ्रक्की 6 संयुक्त टीम ने विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के साथ पुनपुन स्टेशन पर जांच की।अभियान की शुरूआत पटना-सिंगरौली पलामू एक्सप्रेस से की गई। इसके बाद 63241 सहित करीब 8 से 10 जोड़ी ट्रेनों में चार घंटे तक सघन जांच की गई।अभियान का असर पूरे रेलखंड पर दिखा। परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना और जहानाबाद समेत सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई और टिकट बिक्री में प्रत्यक्ष वृद्धि दर्ज की गई।रेल प्रशासन ने बताया कि बिना टिकट और अनियमित यात्रा के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। दानापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही यात्रा करें।

## हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव पर आरएसएस का भव्य पथ-संचलन, शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का आह्वान






**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मोतिहारी नगर इकाई के तत्वावधान में रविवार को नगर स्थित वी.के. गार्डन में हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव (छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस) श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के तहत पांच सौ से अधिक स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित पथ-संचलन निकालकर राष्ट्रभक्ति और संगठन की भावना का परिचय दिया। पथ-संचलन वी.के. गार्डन से प्रारंभ होकर मीना बाजार एवं रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह ने कहा कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के दिन वर्ष 1674 ईस्वी में रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने अदम्य साहस, संगठन शक्ति और राष्ट्रनिष्ठा के बल पर विदेशी साम्राज्यवादी शक्तियों को चुनौती दी तथा हिंदवी स्वराज की स्थापना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख उत्सवों में हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव मनाने का उद्देश्य समाज में आत्मविश्वास, संगठन, स्वाभिमान और राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि यदि हिन्दू समाज संगठित रहे, नेतृत्व राष्ट्रहित के प्रति समर्पित हो और प्रत्येक नागरिक अपने सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक हो, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। शिवाजी महाराज ने केवल एक राज्य की स्थापना नहीं की, बल्कि भारतीय समाज के आत्मविश्वास और स्वाभिमान को भी नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में प्रांत टोली के सदस्य विजय जायसवाल, जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय, नगर संघचालक उदय नारायण सिंह, श्याम सुन्दर राम, जिला प्रचारक शिवम सोनू, कृष्ण कुमार, जितेन्द्र त्रिपाठी, प्रो. शिवेन्द्र सिंह, प्रो. नरेन्द्र सिंह, प्रो. अरुण कुमार दूबे, रविशंकर वर्मा, अजीत प्रकाश, मनोज क्याल, डॉ. ददन राम, सतीश टंडन, राकेश तिवारी, अभिषेक कुमार, चन्द्रशेखर प्रसाद, सुनील त्रिपाठी, वीरेन्द्र साहू, प्रतीक बर्नवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने व पुरानी पेंशन समेत लंबित मांगों पर मानसून सत्र में विधायकों-सांसदों का घेराव करेगा शिक्षक संघ



**पटना/छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर आगामी मानसून सत्र के दौरान राज्य के क्षेत्रीय विधायकों एवं सांसदों का घेराव कर ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। यह निर्णय संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू के नेतृत्व में लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा अन्य लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमावली में स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति, स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति, प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति तथा ऐच्छिक स्थानांतरण जैसी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है, जो विभागीय अधिकारियों की मनमानी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि विभागीय आदेश के अनुरूप सभी जिलों में विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक का वेतन संरक्षण करते हुए वेतन स्लैब निर्धारित करने, विशिष्ट शिक्षकों को सेवा निरंतरता का लाभ देने, मृत शिक्षकों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने की भी मांग की जाएगी। संघ ने हिंदी विद्यालयों में शनिवार तथा उर्दू विद्यालयों में गुरुवार को हाफ-डे घोषित करने, शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा सभी श्रेणी के शिक्षकों के लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है। इन सभी मांगों को लेकर मानसून सत्र के दौरान स्थानीय विधायक एवं सांसदों का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन की रूपरेखा तय करने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ की राज्यस्तरीय बैठक 19 जुलाई

# पत्रकारिता, सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण पर मंथन

**एकमा में जेपी सेनानी व वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार श्रीवास्तव का हुआ स्वागत**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देर शाम नवबिहार टाइम्स अखबार के उप संपादक एवं वरिष्ठ जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव अपने पैतृक जिले के भ्रमण के दौरान सड़क मार्ग से एकमा पहुंचे। इस दौरान वे एकमा बस स्टैंड के समीप समाजसेवी योगेंद्र शर्मा के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर कुछ देर के लिए रुके, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व नवबिहार टाइम्स अखबार के सारण जिला ब्यूरो चीफ एवं शिक्षाविद के. के. सिंह सेंगर व समाजसेवी योगेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मोतीचंद प्रसाद, संजीत कुमार अकेला, कामरेड विक्रमा मांझी, समाजसेवी लाल बाबू सिंह, पीयूष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर पत्रकारिता की बदलती चुनौतियों, समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक सरोकारों तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। यहां मौजूद सभी ने निष्पक्ष और जनपक्षीय पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल देते हुए समाज के विकास में मीडिया की सकारात्मक भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सरकार की महत्वाकांक्षी जल-जीवन-हरियाली योजना पर भी चर्चा हुई। पर्यावरण संरक्षण के लिए सारण जिले में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियानों की सराहना की गई। विशेष रूप से वर्तमान में दैनिक भास्कर द्वारा संचालित पौधारोपण अभियान की पहल को अनुकरणीय बताते हुए इसे जनभागीदारी से और व्यापक बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और जनहित के कार्यों में मीडिया एवं सामाजिक संगठनों की संयुक्त भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, समाजसेवी एवं पत्रकार भी मौजूद रहे।

**एक नजर**

## सदर अस्पताल में शुरू हुआ आठ बेड का आईसीयू-एचडीयू वार्ड

**सर्पदंश पीड़ित छात्रा बनी पहली मरीज**

**बिहारशरीफ।** जिले के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे इंतजार के बाद सोमवार से सदर अस्पताल में 8 बेड वाले अत्याधुनिक आईसीयू एवं एचडीयू वार्ड की शुरुआत हो गई। अब गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पतालों या पटना रेफर करने की मजबूरी काफी हद तक कम होगी। वार्ड के शुभारंभ के पहले ही दिन हरनौत थाना क्षेत्र के पचैर गांव की 13 वर्षीय छात्रा रिया कुमारी, जो सर्पदंश की शिकार हुई थी, को पहली मरीज के रूप में भर्ती किया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है और उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। नए आईसीयू-एचडीयू वार्ड में सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण, सांस संबंधी बीमारियों समेत अन्य गंभीर मरीजों को आधुनिक जीवनरक्षक सुविधाओं के साथ उपचार मिलेगा। इससे मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध होगा और रेफरल की संख्या में भी कमी आएगी। अस्पताल में आईसीयू-एचडीयू सेवा शुरू होने से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## गोस्वामी चेतना महासम्मेलन में संगठन विस्तार पर जोर

**इसलामपुर।** बिहार दुर्गा स्थान स्थित गोस्वामी मार्केट में गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन (भारत) के तत्वावधान में गोस्वामी चेतना महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज की एकजुटता, संगठन के विस्तार और सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से फाउंडेशन की नालंदा जिला इकाई का गठन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज गोस्वामी ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव दुर्गा दास गोस्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यनाथ गोस्वामी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव गिरि, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गोस्वामी तथा प्रदेश महासचिव वैजनाथ गोस्वामी ने संबोधित किया। कहा कि समाज को प्रगति के लिए संगठनात्मक एकता, शिक्षा और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।जिला कार्यकारिणी में उमेश गिरी को जिला अध्यक्ष, दीपक गिरी को उपाध्यक्ष, सूरज मणि भारती को महासचिव, भीम गोस्वामी को सचिव, चंद्रशेखर गिरी को संगठन मंत्री, लाल केसर गिरी को मीडिया प्रभारी, कमला देवी को महिला प्रमुख तथा मनोज गोस्वामी को कानूनी सलाहकार मनोनीत किया गया।वक्ताओं ने बताया कि फाउंडेशन का युवा वाहिनी विभाग रक्तदान, आपातकालीन सहायता और जरूरतमंद परिवारों की मदद करता है, जबकि शिक्षा एवं संस्कार विभाग मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बिहार प्रदेश सचिव दीपक गोस्वामी (इसलामपुर) की सराहना की गई।समापन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव गिरि ने संगठन को बिहार के सभी जिलों में मजबूत करने तथा भविष्य में पटना के गांधी मैदान में विशाल गोस्वामी महासम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने गोस्वामी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में आरक्षण, मठ-मंदिरों एवं समाज की समाधियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग भी दोहराई। सम्मेलन में नालंदा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## जेल से पुलिस अभिरक्षा में पहुंचा नीट सॉल्वर गैंग का आरोपी दी एमबीबीएस परीक्षा

**बिहारशरीफ।** नीट सॉल्वर गैंग मामले में न्यायिक हिरासत में बंद भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी के 2022 बैच के एमबीबीएस छात्र रंजीत कुमार ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस अभिरक्षा में अपनी परीक्षा दी। उसे लखीसराय मंडल कारा से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केंद्र लाया गया और परीक्षा समाप्त होने के बाद वापस जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार, रंजीत कुमार ने एमबीबीएस की चल रही परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यायालय से अनुमति मांगी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने पुलिस अभिरक्षा में परीक्षा देने की अनुमति प्रदान की। इसके बाद पुलिस उसे निर्धारित समय पर बीमिम्स लेकर पहुंची, जहां सुरक्षा के बीच उसने अन्य परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा दी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद पुलिस उसे पुनः लखीसराय मंडल कारा ले गई।बीमिम्स की प्राचार्य डॉ. सर्विल कुमारी ने बताया कि छात्र को केवल न्यायालय के आदेश के आधार पर परीक्षा में शामिल कराया गया।

## पेंशनर समाज ने संगठन मजबूत करने और प्रखंड स्तर पर भवन निर्माण की उठाई मांग

**गिरियक।** बिहार राज पेंशनर समाज की मासिक बैठक पावापुरी में पेंशनर समाज के अध्यक्ष अवधेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक शिक्षकों एवं पेंशनरों को जोड़ने तथा उनकी लंबित समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।अध्यक्ष अवधेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन की शक्ति सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा संघे शक्ति कलियुगे की भावना को आत्मसात करते हुए सभी पेंशनरों और शिक्षकों को संगठन से जुड़कर उसे मजबूत बनाना चाहिए, ताकि उनकी समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान कराया जा सके। बैठक में सर्वसम्मति से मांग उठाई गई कि 1 जनवरी 2009 से प्राथमिक शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं अन्य कर्मियों की तरह 10, 20 और 30 वर्ष की सेवा पूरी करने पर मिलने वाले लाभ का लंबित मामला शीघ्र लागू किया जाए। साथ ही वर्ष 2006 से लंबित वेतनमान पुनरीक्षण का कार्य भी जल्द पूरा करने की मांग की गई।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पेंशनरों की नियमित बैठकों एवं समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक प्रखंड में पेंशनर समाज का अपना भवन होना चाहिए। भवन के अभाव में हर बार अलग-अलग स्थानों पर बैठक करने की मजबूरी बनी रहती है। इस संबंध में सरकार से प्रत्येक प्रखंड में पेंशनर भवन निर्माण कराने की मांग की गई। बैठक में देवश्रय सिंह, हरिनंदन प्रसाद, केदार सिंह, रामरतन सिंह, लालबाबू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# समस्या समाधान में नही हो अनावश्यक विलंब




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## मेंटेनेंस कार्य को लेकर आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मदनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 14 जूलाई मंगलवार को 11 बजे से 1 बजे तक 33 केवी पुराने और नए उचौली फिडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस अवधि में मेंटेनेंस का कार्य लुमिनो एजेंसी द्वारा किया जाएगा। विद्युत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि उचौली एवं देव पावर हाउस का विद्युत आपूर्ति उक्त अवधि में बंद रहेगी। विद्युत उपभोक्ताओं से अपील कि वे अपने अपने पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक कार्यों का समय से निष्पादन कर लेंगे।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओडियाचक में नवनिर्मित भवन में पूजा-अर्चना के साथ पढ़ाई शुरू




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओडियाचक में सोमवार को नवनिर्मित विद्यालय भवन में पूजा-अर्चना के बाद पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। प्रधान शिक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. तुलसी यादव, रंजीत कुमार, सतीश पाठक, विद्यालय के भूमिदाता दिवंगत कौलेश्वर यादव के पुत्र रामनरेश यादव, विमल यादव, शालीकराम यादव, शिक्षक सह समाजसेवी कपिल कुमार, शिक्षिका सुनैना कुमारी, हुमेरा खातून तथा शिक्षक नरेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं, ग्रामीण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नवनिर्मित भवन में शिक्षण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई और कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। वहीं वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में पोषण मेला, संतुलित आहार का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में सोमवार को प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता के निर्देशन में एक दिवसीय पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संतुलित आहार एवं बेहतर पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। शिक्षिका सुनीता कुमारी (प्रथम) ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। उन्होंने कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज एवं पर्याप्त



पानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन और बेहतर विकास के लिए सभी पोषक तत्वों का संतुलित सेवन जरूरी है। मेले में बच्चों को दाल-अनाज का संयुक्त सेवन, हरी पत्तेदार सब्जियों एवं मौसमी फलों को दैनिक भोजन में शामिल करने, दूध-दही जैसे डेयरी उत्पादों के सेवन, तली-भुनी चीजों से परहेज तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक बसंत नारायण ज्योति, सांसद कुमार राम, प्रशांत कुमार तिवारी, यतीश पाठक, प्रीति ऊषा, अतुल अनुराग, सुनीता कुमारी (द्वितीय) सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मदनपुर में खुली जीविका दीदी की रसोई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में जीविका दीदी की रसोई घर का उद्घाटन प्रमुख सोनी देवी, उप प्रमुख अस्मिता कुमारी, एसडीपीओ आदित्य कुमार, बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, बीपीएम ममता कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। एसडीपीओ व बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार जीविका दीदियों को सशक्तीकरण के लिए बहुत सारे कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिसमें जीविका आजीविका मिशन भी शामिल हैं। जीविका दीदियों के आर्थिक, सामाजिक राजनैतिक और शैक्षणिक रूप से विकास के दीदी रसोईघर के माध्यम से शुद्ध पेयजल, शुद्ध रूप से खाने पीने की सामग्रियां सस्ती और उचित



मूल्य पर लोगों को उपलब्ध होंगा। खासियत यह होगा कि जीविका दीदियों के द्वारा हाथों से निर्मित खाध पदार्थों का उपयोग होगा जो शुद्धतता का प्रतिक होता है। रसोई घर का संचालन महिलाएं द्वारा ही किया जा रहा है। संचालन की जिम्मेदारी जीविका दीदी खुशबू सहाय को दी गई है। जीविका रसोईघर में लोगों को सुस्वादु भोजन, चाय, पकौड़ा, मिठाईयां सहित अन्य खाने पीने की सामान उपलब्ध रहेगी। प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सैकड़ों महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जागरूक हुई हैं। राजनीतिक क्षेत्र में ही न बल्कि सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी परचम लहरा रहीं हैं। इस अवसर पर बीएओ आकृति तिवारी, पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया उपस्थित थे।

# प्रभावी शिक्षा के लिए पंचपदी अधिगम पद्धति का महत्व बताया




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में "पंचपदी अधिगम पद्धति" पर पांच दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला में प्रशिक्षकों को पंचपदी अधिगम पद्धति का महत्व बताकर इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव प्रदीप कुशवाहा ने कहा कि पंचपदी अधिगम पद्धति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की प्रभावी पद्धति है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में व्यवहारिक रूप से लागू कर शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाये। इस अवसर पर रोहतास विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे, सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, प्राथमिक खंड प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह, विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार, डॉ. शिवपूजन सिंह तथा कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव रंजन मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निरंतर प्रशिक्षण से ही शिक्षक अपने ज्ञान एवं शिक्षण कौशल को समयानुकूल विकसित कर सकते हैं। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए प्रशिक्षक एवं आचार्य उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान पंचपदी अधिगम पद्धति के विभिन्न चरणों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा, जिससे कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सके।

# एक ही गुलदस्ते में महत्वपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण पांडुलिपियां

**सम्मानित किये गए आठ लोगों ने उपलब्ध करायी 26086 पांडुलिपियां**
**जिले से कुल 26158 पांडुलिपियां उपलब्ध**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** ज्ञान भारतम् मिशन के तहत 15 मार्च से 15 जून तक हुए सर्वेक्षण में बिहार में छठे स्थान पर औरंगाबाद रहा। सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के एक सभागार में उन आठ लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सर्वाधिक महत्वपूर्ण, गुणवत्तापूर्ण और संख्या में पांडुलिपियां उपलब्ध कराई थी। जिला पदाधिकारी अभिलाष शर्मा ने कहा कि एक ऐसा गुलदस्ता औरंगाबाद के लोगों ने सजाया जिसमें पारसी, अरबी, उर्दू, संस्कृत, तमिल, उड़िया भाषा में लिखी पांडुलिपि शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण पांडुलिपियां उपलब्ध कराई गई। जिससे जिले का मान बढ़ा। सभागार में अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया कि आरंभिक समय में तो यह लगा के जिला में शायद ही कोई महत्वपूर्ण अभिलेख उपलब्ध हो लेकिन अधिकारियों ने श्रम किया और लोगों ने सहयोग किया, नतीजा काफी प्राचीन प्राचीन पांडुलिपियां उपलब्ध हुई। डीडीसी कुमारी अनुपम सिंह ने काफी प्रशंषा



की। जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद ने कहा कि एक से बढ़कर एक पांडुलिपि लोगों ने उपलब्ध कराया है जिसके लिए किसी भी तरह की परेशानी का सामना किया जा सकता है। जिले से कुल 26158 पांडुलिपि उपलब्ध हुई है। इसमें 26086 पांडुलिपि सिर्फ आठ व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिनको सम्मानित किया गया। इसमें दाउदनगर अनुमण्डल के सात व्यक्तियों द्वारा 8865 और मदनपुर के दो व्यक्ति द्वारा 17221 पांडुलिपि उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर जिन आठ लोगों को सम्मानित किया गया उन्होंने काफी महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराया है। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार अमझर शरीफ से कुल 7195 पांडुलिपियां प्राप्त हुई है। जिसमें दाउदनगर शरीफ से मोहम्मद शबा कादरी द्वारा 142, मनोरा शरीफ खानकाह से पीर सैयद शाह मंजर अली कादरी द्वारा 2062 एवं शहीद सैयद मसूद कादरी द्वारा 1182 अमझर शरीफ खानकाह के अब्दुल कादिर जिलानी से 309 और सैयद हसनैन कादरी से 3500 पांडुलिपि उपलब्ध कराए गए हैं। बताया गया कि 1200 वर्ष पुरानी अब्दुल कादिर जिलानी द्वारा हस्तलिखित कुरान, पैगंबर मोहम्मद साहब का पद चिन्ह, दाढ़ी का बाल एवं ताड़ पत्र, भोजपत्र, कपड़ा, धातु पर लिखा कुरान, इस्लामी ग्रंथ, जादू टोना टोटके बीमारी का उपचार से संबंधित दस्तावेज एवं इस्लामी आयतें उपलब्ध कराई गई हैं। जिनकी भाषा अरबी, फारसी एवं उर्दू है। दाउदनगर के गुरुद्वारा बाबा बिहारी दास संगत में रखे हुए गुरु ग्रंथ साहिब उपलब्ध कराया गया। यह लगभग 1402 पांडुलिपि है। डॉ राजेंद्र प्रसाद सर्राफ द्वारा यह उपलब्ध कराया गया। बताया गया है कि यह गुरु तेग बहादुर जी द्वारा हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब है। जिसकी लिपि गुरुमुखी है। पत्रकार डॉ.उपेंद्र कश्यप द्वारा 268 पांडुलिपियां उपलब्ध कराई गई हैं। यह संस्कृत भाषा में है, जिसमें कई संस्कृत ग्रंथ हैं और विभिन्न बीमारियों और उसके उपचार से संबंधित इसमें जानकारी दी गई है। यह लगभग 1400 साल पुरानी बताई जाती है। मदनपुर के घटराईन निवासी सत्येंद्र नारायण सिंह द्वारा 14630 और नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा 2591 दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें ताड़पत्र, भोजपत्र एवं पन्नों पर हस्तलिखित गीता, रामायण, सभी देवी देवताओं पर्व से संबंधित पूजा पाठ की विधि और मंत्र मंत्र लिखे हैं। उनकी भाषा संस्कृत, ओड़िया एवं तमिल बताई जा रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर माले ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाकपा माले की टाउन कमेटी ने सोमवार को शहर में प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना दिया। भाकपा माले टाउन सचिव बिरजु चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने टाउन हॉल परिसर से प्रदर्शन निकाला, जो मुख्य बाजार होते हुए नप कार्यालय परिसर पहुंच कर धरना में तब्दील हो गया। धरना की अध्यक्षता टाउन सचिव बिरजू चौधरी एवं संचालन कयुम अंसारी ने किया। मुख्य पार्षद एवं ईओ के नाम से संबोधित ज्ञापन में नगर पर्षद क्षेत्र में बढ़ाए गए होल्डिंग टैक्स को वापस लेने, प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित दूसरी किस्त का भुगतान सुनिश्चित करने तथा पात्र वंचित गरीबों को आवास उपलब्ध कराने रिंग रोड निर्माण की उच्च स्तरीय जांच, सड़क पर मानक के अनुरूप छह इंच मोटी कालीकरण कराने, सम्राट अशोक भवन निर्माण की जांच, नगर पर्षद कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने,डस्टबिन खरीद में हुई कथित अनियमितता की जांच कराने, बालूगंज, गुलजारपुर, गौ घाट एवं पूर्वी रामनगर में प्राथमिकता के आधार पर पीसीसी सड़क एवं नाला का निर्माण कराने, अधूरी नल जल योजना को पूर्ण कर शेष वार्डों मुहल्ले में इसका विस्तार कर जलापूर्ति ठीक कराने ,सभी वार्डों में विवाह भवन का निर्माण कराने, अमृत बिगहा में अतिक्रमण के नाम पर दलितों- गरीबों का घर उजाड़ने की कोशिश को बंद करने,पचकठवा बी टीम फील्ड पर हो रहे पार्क के निर्माण में स्थानीय निवासियों के लिए रास्ते की व्यवस्था करने की मांग की गई है। काराकाट सांसद, भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजाराम सिंह ने कहा कि नगर पर्षद का दरवाजा बंद कर देने की राजनीति नहीं चलेगी। जनता जब धरना -प्रदर्शन पर आई है तो नगर पर्षद को सुनना चाहिए। लोकतंत्र में जनता मालिक है और जब जनता अपनी शिकायतों जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी को अवगत कराएगी और उसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो गरीब वर्षों व सदियों से जिस जमीन पर बसे हैं, उन्हें अब खाली करें। उन्होंने भाकपा माले टाउन कमिटी की 12 सूत्री मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि नगर पर्षद के अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेते हुए समाधान करना चाहिए। धरना को भाकपा माले के जिला सचिव मुनारिक राम, प्रखंड सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य चंद्रमा पासवान, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि राजकुमार भगत, नगर कमेटी सदस्य महेंद्र राम, गणेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, बसंती देवी ,मीना सिंह, रामचंद्र चौहान, राम सकल मेहता, विनय पासवान आदि ने प्रमुख रूप से संबंधित किया। मौके पर काराकाट सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, मिट्ठू कुमार, मनोज प्रजापति ,सुनील चंद्रवंशी, रामरूप राम ,शारदा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात कासमा थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान में बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने 75 लीटर देशी शराब बरामद करते हुए तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश यादव (पिता–धनेश्वर यादव, ग्राम पथनौर), महेश पाल (पिता–रामनंदन भगत,



ग्राम भेउड़ी) तथा अजीत कुमार (पिता–स्व. रामप्रवेश सिंह, ग्राम चंदौली) के रूप में हुई है। तीनों कासमा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि बीती रात विशेष छापेमारी अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से कुल 75 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। सभी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त अभियान जारी रहेगा।

## आम गैरमजरूआ भूमि पर मिट्टी भराई का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**कुटुंबा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सिमरी कला गांव में आम गैरमजरूआ भूमि पर मिट्टी भराई किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर कार्य पर तत्काल रोक लगाने, मामले की जांच कराने तथा सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार खाता संख्या-99, प्लॉट संख्या-963 आम बांध की भूमि है, जिसकी पूर्व में अंचल कार्यालय के निर्देश पर मापी कराई जा चुकी है। मापी के आधार पर उक्त भूमि पर सड़क का निर्माण भी कराया गया था। वहीं खाता संख्या-99, प्लॉट संख्या-938 ग्रामीणों की सामूहिक नाली निकासी के लिए आरक्षित आम गैरमजरूआ भूमि है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विभीषण राम एवं बालेश्वर राम द्वारा अंचल कार्यालय के पूर्व आदेश की अनदेखी करते हुए उक्त भूमि पर मिट्टी भराई कराई जा रही है। इससे नाली की निकासी बाधित होने और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण की आशंका उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान नाली अवरुद्ध होने से गांव में जलजमाव की गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। आवेदन पर राकेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, सुरेश राम, रामाधार राम, अरुण राम सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण अथवा आदेश की अवहेलना की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दस वर्ष पुराने रंगदारी व आर्म्स एक्ट मामले में जगनारायण कुमार निराला बरी, साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** करीब 10 वर्ष पुराने बहुचर्चित रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले में औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए रफीगंज के पिपराही गांव निवासी आरोपी जगनारायण कुमार निराला को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश अष्ठम मनीष कुमार जायसवाल की अदालत ने 6 जुलाई 2026 को निर्णय सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के विरुद्ध आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में पूरी तरह असफल रहा।

यह मामला रफीगंज थाना कांड संख्या 38/2016 से संबंधित था, जिसमें आरोपी पर धारा 212, 353, 386, 120बी, 420, 124 भारतीय दंड संहिता (तत्कालीन आईपीसी), सीएलए एक्ट की धारा 17 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 38, 39 एवं 40 के तहत आरोप लगाए गए थे।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त एवं विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। ऐसे में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। साथ ही न्यायालय ने मामले के सभी जमानतदारों को उनके बंधपत्र के दायित्व से भी मुक्त कर दिया।

यह फैसला लगभग एक दशक तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद आया है, जिसमें अंततः साक्ष्य के अभाव में आरोपी को राहत मिली। इस संदर्भ में जगनायण कुमार निराला ने औरंगाबाद न्यायालय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुझे न्यायालय पर पूर्ण विश्वास था कि मुझे न्याय मिलेगा।

## अवैध बालू खनन पर पौथू पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

रफीगंज (औरंगाबाद)। अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम भेटनियां के समीप मदार नदी में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध बालू का खनन किया जा रहा था। पुलिस टीम को देखते ही ट्रैक्टर चालक, मालिक और मजदूर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। ट्रॉली में करीब 30 सीएफटी बालू लदा हुआ पाया गया। पौथू थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट तैयार कर जिला खनन पदाधिकारी, औरंगाबाद को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गाली-गलौज व मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित एक होटल में गाली-गलौज एवं मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में बड़गांव निवासी रामेश्वर साव ने कासमा रोड निवासी बीरेंद्र शर्मा को नामजद आरोपित बनाया है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि वह बस स्टैंड स्थित एक होटल में दूध देने गए थे। इसी दौरान उन्होंने दुकान में रखी थोड़ी-सी भुजिया-सेव खा ली, जिस पर बीरेंद्र शर्मा गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपित ने उनके हाथ की उंगली दांत से काट ली, जिससे खून बहने लगा। घायल रामेश्वर साव का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना कांड संख्या 63/26 (BNS एवं पॉस्को Act) के नामजद अभियुक्त नीरज कुमार, पिता सूबेदार यादव, ग्राम ईटार ने न्यायालय में पुलिस की लगातार दबिश और सख्त कार्रवाई के चलते आत्मसमर्पण कर दिया। पौथू थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस की लगातार कार्रवाई और गिरफ्तारी के प्रयासों के कारण अभियुक्त ने कोर्ट में सरेंडर किया। मामले में विधि सम्मत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम, तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई, नशा मुक्ति अभियान तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रभारी डीसीबी शाखा द्वारा बताया गया कि मई के दौरान जिले के विभिन्न थानों में मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित कुल छह मामले दर्ज किए गए। इस अवधि में 70 ग्राम गांजा, 149.79 ग्राम स्मैक, 239 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप तथा बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए तथा आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों से संबंधित लंबित 93 मामलों के शीघ्र अनुसंधान एवं स्पीडी ट्रायल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जानकारी दी कि सूखे नशे की आपूर्ति में मालदा एवं पश्चिम बंगाल के अपराधियों की संलिप्तता सामने आई है। इस पर जिलाधिकारी ने एनसीबी, पटना को पश्चिम बंगाल स्थित संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना का आदान-प्रदान करने तथा अंतरराज्यीय नेटवर्क के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिले में अवैध गांजा अथवा अफीम की खेती की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को ड्रोन कैमरों के माध्यम से नियमित निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि मई माह के दौरान 103 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें 19 प्रतिष्ठानों की रिपोर्ट प्रतिकूल पाई गई। इनमें से आठ औषधि प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। जिला पदाधिकारी ने रेलवे स्टेशन, गुमटी एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश भी दिया। सिविल सर्जन ने बैठक में अवगत कराया कि सदर अस्पताल में नशा मुक्ति के मरीजों के लिए चार बेड का विशेष वार्ड आरक्षित किया गया है तथा आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा समन्वित कार्रवाई के माध्यम से जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बारिश देखकर बहियारों में कूदे किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर**। प्रखण्ड क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद हुई बारिश से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। शुक्रवार और शनिवार को हुई झमाझम बारिश से प्रखंड क्षेत्र के धूल उड़ रहे खेतों में नमी आ गई। रविवार-सोमवार को बारिश नहीं हुई, लेकिन बादल छाए रहने और मिट्टी के थोड़ा रुखाने से किसान धैर्य नहीं रख सके और मकई की बुआई के लिए बहियारों में उतर गए। सोमवार सुबह करीब 10 बजे से ही चुरामनचक, बसही, भगवानपुर पाली, अतरुआ, दादपुर, सतराजेपुर सहित अन्य बहियारों में ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी। दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ खेत जोतते और बुआई करते नजर आए। किसान अनिल प्रसाद और रामबाबू साह , रामाकांत मिश्र ने बताया कि मकई की मुख्य बुआई का समय 15 जून से 30 जून तक होता है। अब समय हाथ से निकल रहा है। 15 जुलाई तक हर हाल में बुआई पूरी करनी होगी, वरना देर से की गई बुआई की फसल अच्छी नहीं होती। किसानों का कहना है कि मौसम का कोई भरोसा नहीं है। आसमान में अभी भी बादल छाए हुए हैं और उमस बढ़ गई है। कहीं फिर से बारिश हो गई तो खेतों में ट्रैक्टर उतरना मुश्किल हो जाएगा और बुआई लेट हो जाएगी। इसी डर से किसान मौका मिलते ही बुआई निपटाने में जुट गए हैं।किसानों ने बताया कि पिछली बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जो मकई के बीज अंकुरण के लिए आदर्श है। अब अगर समय पर बुआई हो गई तो अच्छी उपज की उम्मीद है। कृषि जानकारों का भी मानना है कि इस बार समय पर हुई बारिश से मकई, धान और अन्य खरीफ फसलों की बुआई के लिए अनुकूल स्थिति बनी है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखते हुए युद्धस्तर पर बुआई पूरी करें।

## गीधा में 16 जुलाई को लगेगा मेगा सरकारी सेवा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर** । सरकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कोईलवर प्रखंड के गीधा पंचायत में विशेष सरकारी सेवा शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर 16 जुलाई (गुरुवार) को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गीधा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में यह शिविर लगाया जाएगा। विदित हो कि नई आशा के एक कार्यक्रम में एसडीएम शिप्रा विजय कुमार चौधरी (भाप्रसे) गई हुई थी। उनसे महादलित परिवारों ने अपनी समस्याएं बताई थीं। उन्होंने आश्वस्त किया था कि यहां शीघ्र शिविर आयोजित कर आवश्यक प्रपत्र तैयार कराकर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और पात्र लाभुकों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कोईलवर को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। शिविर में आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन, जन्म प्रमाणपत्र के लिए आवेदन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत बैंक खाता खोलना, राशन कार्ड की त्रुटियों का सुधार, नए राशन कार्ड के आवेदन, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र लाभुकों का पंजीकरण तथा आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अधिकारियों को

# जमुई को स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा से रोशन करने के लिए आगे आएं जिलेवासी : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जमुई**। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें राज्य के विकास और आम जनता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराया गया। बैठक के दौरान पीएम सूर्य घर योजना को धरातल पर उतारने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली, स्थानीय बैंकिंग तंत्र के माध्यम से ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया तथा अब तक आए आवेदनों की बारीकी से समीक्षा की गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जिले में इस दिशा में की गई प्रगति और अद्यतन प्रतिवेदन से मुख्य सचिव को अवगत कराया तथा जिलेवासियों के नाम एक विशेष संदेश व अपील जारी की।डीएम ने जमुई के नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' पूरी तरह से उपभोक्ता केंद्रित, सुरक्षित और भविष्य के अनुकूल है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मूल ध्येय आवासीय भवनों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर पारंपरिक बिजली पर निर्भरता को कम करना, स्वच्छ व हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना और सबसे महत्वपूर्ण रूप से मध्यम व निम्न वर्गीय परिवारों के बिजली बिल को शून्य के स्तर पर लाना है। योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता को बेहद आकर्षक बताते हुए उन्होंने साझा किया कि सरकार द्वारा 1 किलोवाट के सोलर प्लांट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट के प्लांट पर 78,000 रुपये तक की भारी सरकारी सब्सिडी सीधे तौर पर दी जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं पर शुरुआती वित्तीय भार न के बराबर रह जाता है। आम नागरिकों की सहूलियत के लिए इस योजना को बैंकिंग लोन से भी जोड़ा गया है, जिसकी प्रक्रिया बेहद सरल और किफायती रखी गई है। डीएम ने स्पष्ट किया कि लोन की अदायगी के लिए उपभोक्ताओं को अपनी जेब से कोई अतिरिक्त राशि खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। उपभोक्ता अगले चार से पांच वर्षों तक अपने पुराने सामान्य बिजली बिल के बराबर की रकम को ही मासिक किश्त के रूप में देकर इस ऋण को आसानी से चुकता कर सकते हैं, जिसके बाद वे आने वाले कई दशकों तक मुफ्त बिजली का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस जनकल्याणकारी योजना से जुड़ने की अंतिम समय-सीमा मार्च 2027 तक निर्धारित है, इसलिए जिलेवासी समय रहते जागरूक होकर इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं।इसके साथ ही, योजना की सफलता में बैंकों की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए जिलाधिकारी ने जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों और प्रबंधकों से भी अपील किया कि इस योजना से संबंधित वे लोन आवेदनों को प्राथमिकता पर रखें और उनका सकारात्मक व त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। आम जनता को आश्वस्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि यदि किसी भी उपभोक्ता को बैंक के स्तर पर आवेदन प्रक्रिया या ऋण स्वीकृति में किसी भी प्रकार की परेशानी या अनावश्यक देरी का सामना करना पड़ता है, तो वे तुरंत जिला प्रशासन को इससे अवगत कराएं। जिला प्रशासन जनता से प्राप्त ऐसी शिकायतों का संज्ञान लेकर उनका तत्काल और त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा, ताकि किसी भी नागरिक को इस कल्याणकारी योजना का लाभ लेने में कोई बाधा न आए। अंत में, जिलाधिकारी ने पूरे जमुई वासियों से पुनः अपील करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान का हिस्सा बनें, अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाएं, स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएं और बिजली बिल की परेशानी से हमेशा के लिए मुक्ति पाकर आर्थिक बचत का सीधा लाभ उठाएं।

# टीबी मुक्त बनाने की कवायद तेज, डीएम ने की आम जनमानस से सक्रिय भागीदारी की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जमुई**। मुख्य सचिव, बिहार सरकार प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'टीबी मुक्त बिहार' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में डीएम ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया तथा जिले में 24 मार्च से संचालित इस महाअभियान की प्रगति, उपलब्धियों एवं कार्ययोजना की विस्तृत रिपोर्ट से मुख्य सचिव को अवगत कराया। जिले को टी.बी जैसी गंभीर बीमारी से पूरी तरह मुक्त करने के संकल्प के साथ जिले में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत "टी.बी मुक्त जमुई" का संचालन पूरी सक्रियता से किया जा रहा है। गत 24 मार्च से प्रारंभ हुआ यह विशेष अभियान आगामी 14 अगस्त 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। जिले में इस महाअभियान के सफल क्रियान्वयन और शत्-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है, ताकि जिले के स्वास्थ्य तंत्र पूरी सजगता के साथ धरातल पर कार्य कर सके।"इस अभियान के तहत जिले में कुल 1,72,000 लोगों की स्क्रीनिंग का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 12 जुलाई 2026 तक कुल 58,388 लोगों का विवरण निक्षय पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। इस दौरान व्यापक चिकित्सा जांच करते हुए 1,049 संदिग्धों की TrueNAAT/ Microscopy जांच तथा 3,152 लोगों का चेस्ट एक्स-रे कराया गया, जिसके आधार पर अब तक कुल 429 टीबी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। वहीं, अगर पिछले एक सप्ताह (6 से 12 जुलाई) की प्रगति की बात करें तो स्वास्थ्य टीमों ने 43,085 लोगों की स्क्रीनिंग कर 40,147 का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण किया तथा 376 TrueNAAT/ Microscopy टेस्ट व 641 एक्स-रे के माध्यम से 25 नए मरीजों को चिन्हित कर तत्काल उपचार के दायरे में लाया है। इस महत्वपूर्ण अभियान की सफलता को लेकर जिला पदाधिकारी ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील है। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी अवश्य है, लेकिन यह पूरी तरह से साध्य है और सही समय पर पहचान व नियमित उपचार से व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। सरकार द्वारा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की मुफ्त जांच, दवाइयां और मरीजों के बेहतर खान-पान के लिए वित्तीय सहायता (निक्षय पोषण योजना) भी प्रदान की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने आम जनता से आग्रह किया है कि यदि उनके परिवार या आस-पास किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, लगातार बुखार रहने, वजन घटने या रात में अत्यधिक पसीना आने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें बिना किसी संकोच के तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नजदीकी शिविरों ले जाएं और मुफ़्त में जांच करवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीमारी को छुपाना इसका समाधान नहीं है, बल्कि समय पर सामने आकर इलाज कराना ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इसीलिए आइए, हम सब मिलकर इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं और अपने जिले को पूरी तरह टीबी मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# नर्सिंग शपथ ग्रहण समारोह में सांसद को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई/सिमुलतला**। स्वामी विवेकानंद नर्सिंग स्कूल एवं केएसएस कॉलेज, सिमुलतला में आयोजित जीएनएम और बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे जमुई सांसद अरुण भारती को सिमुलतला सिविल सोसाइटी की ओर से सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव एवं यात्री सुविधाओं को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। सिविल सोसाइटी के चेयरमैन मुकेश कुमार सिंह ने सांसद को ज्ञापन देते हुए क्षेत्र की लंबे समय से लंबित रेल संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया कि सिमुलतला एक प्रमुख पर्यटन, शैक्षणिक एवं धार्मिक केंद्र होने के बावजूद यहां कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों, छात्रों, पर्यटकों एवं मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के नियमित ठहराव की मांग करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का आधुनिकीकरण किया गया है, लेकिन यात्रियों को अब भी कई बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में स्टेशन पर शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था, महिला यात्रियों के लिए अलग शौचालय, अप प्लेटफॉर्म पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) लगाने, प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र शुरू करने तथा निर्माणाधीन एस्केलेटर को जल्द चालू कर यात्रियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा रेल फाटक संख्या-36 बंद होने के बाद उत्पन्न हो रही समस्याओं का भी उल्लेख किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान सबवे में अक्सर स्कूली बसें, एंबुलेंस, पुलिस वाहन और ट्रक फंस जाते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके समाधान के लिए स्टेशन के पीडब्ल्यू गोदाम के समीप एक छोटे सबवे के निर्माण की मांग भी सांसद के समक्ष रखी गई। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद सांसद अरुण भारती ने सिमुलतला की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि रेलवे मंत्रालय एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष इन मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने सोमवार को समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन, राशन, पुलिस प्रशासन सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों की शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई कर आवेदकों को राहत उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# शहरी क्षेत्रों में सहयोग शिविर आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सहयोग शिविर एवं नगर सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी समस्याओं के समाधान हेतु एक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सहयोग शिविर के अंतर्गत बरौनी प्रखंड के महना, बलिया प्रखंड के ताजपुर, बेगूसराय प्रखंड के कैथ, कुसमौत एवं लाखो, भगवानपुर प्रखंड के जोकिया, साहेबपुर कमाल प्रखंड के रघुनाथपुर बरारी, चेरिया बरियारपुर प्रखंड के शाहपुर एवं मंझौल-1, छौड़ाही प्रखंड के परोड़ा, तेघड़ा प्रखंड के धनकौल, नावकोठी प्रखंड के समसा तथा बछवाड़ा प्रखंड के कादराबाद पंचायत में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में संचालित नगर सहयोग शिविर के तहत नगर निगम, बेगूसराय के वार्ड संख्या 35, 36, 37, 38, 39 एवं 40, नगर परिषद बीहट के वार्ड संख्या 17, 18, 23, 24 एवं 25, नगर परिषद बरौनी, तेघड़ा, बलिया एवं बखरी के वार्ड संख्या 21, 22, 23 एवं 24 में शिविर लगाए गए हैं।जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का तत्काल ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदकों को कंप्यूटर जनित पावती उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायतों एवं आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित करना है।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक शिविर में सभी विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय पर उपस्थित रहें तथा प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निष्पादन करें। साथ ही शिविर स्थलों पर शुद्ध पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, पंखा सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।जिला प्रशासन ने संबंधित पंचायतों एवं वार्डों के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर/नगर सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा जिला प्रशासन की इस जनहितकारी पहल का अधिकतम लाभ उठाएं।

# वीजा पर निवासित नरगिस ने मांगी भारतीय नागरिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई**। डीएम नवीन ने समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर 36 व्यथितों की व्यथा को गंभीरता से सुना और उनके आवेदन पर यथोचित कार्रवाई की। सोमवार को आयोजित जनता दरबार में हितकारी कार्य, राजस्व, विकास, प्रशासनिक विभाग आदि से जुड़े मामले उपस्थापित किए गए। इसी संदर्भ में अलीगंज प्रखंड अंतर्गत आढ़ा गांव में 28 सालों से वीजा पर निवासित पाकिस्तानी मूल की महिला नरगिस बानो समाहरणालय पहुंची और जनता दरबार में उपस्थित होकर भारतीय नागरिकता दिए जाने की गुहार लगायी। मोहतरमा बानो ने इसके लिए जरूरी दस्तावेज समर्पित कर इसे अग्रसारित किए जाने की गुजारिश की। डीएम ने महिला नरगिस की मांग को गंभीरता लेते हुए संबंधित विभाग को संचिका उपस्थापित किए जाने का निर्देश दिया। वहीं गिद्धौर प्रखंड के बंझूलिया ग्राम से आई पूजा देवी के आपदा राहत से जुड़े आवेदन पर समाहर्ता ने त्वरित निर्णय लिया। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर आवेदिका को चार लाख रुपये का आपदा राहत चेक सौंपा। झाझा प्रखंड के चांय पंचायत से आए अनुकंपा नियोजन के एक संवेदनशील मामले में सामान्य शाखा के प्रभारी को तुरंत संचिका आगे बढ़ाने और नियमों के आलोक में अविलंब कार्रवाई करने का आदेश दिया। लक्ष्मीपुर प्रखंड के नवाडीह और खिलार से आए 21 भूमि पर्चा धारकों की इस शिकायत पर कि उनकी विहित भूमि पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है , जिला पदाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी को जांच पूरी होने तक वृक्षारोपण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही लक्ष्मीपुर के अंचल अधिकारी को भूमि के किस्म का वास्तविक जांच कर अविलंब रिपोर्ट भेजने हेतु आदेशित किया। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन का प्राथमिक ध्येय आम जनता को 'सुगम जीवन' की वास्तविक अनुभूति कराना है। लोक-शिकायतों का निवारण केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं , बल्कि हमारा नैतिक और आधिकारिक कर्तव्य है। जनता दरबार में आने वाले हर पीड़ित की समस्या का समयबद्ध , पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# तीन बच्चों के साथ महिला फरार, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर**। थाना क्षेत्र के वीरपुर पुर्वी वार्ड संख्या पांच से तीन बच्चों के साथ मां के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता ने थाने में आवेदन देकर अपने पुत्री और बच्चे की बरामदगी को लेकर गुहार लगाई है। साथ ही बताया है कि मेरी पुत्री अपने तीन बच्चों के साथ 25 जून को निजी अस्पताल जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन अब तक वापस नहीं लौटी है। अपने साथ नगद 60 हजार और सोने की जेवरात भी ले गई। इसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि आवेदन में थाना क्षेत्र के ही वीरपुर पश्चिम वार्ड संख्या 8 निवासी मुकेश पासवान के पुत्र नीतीश कुमार, घनश्याम पासवान के पुत्र रामसुंदर पासवान, स्व मंतोष पासवान के पुत्र सुबोध पासवान और राम उदगार पासवान के पुत्र अवधेश पासवान को नामजद आरोपित किया गया है। आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।




बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु

पशु चारा वितरण कार्यक्रम

आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

चारा मात्रा/अनुमान्यता

- निर्धारित सहाय्य मानकदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 70 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 35 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

वितरण प्रक्रिया :

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर



PR No- 007733 (Animal) D. 2026-27

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

@BiharDFARD

# तीन दिवसीय शिल्पोत्सव का उप विकास आयुक्त ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, हजारीबाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिल्पोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ आज हजारीबाग झील स्थित ओपन एम्फीथिएटर में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। 13 से 15 जुलाई तक आयोजित इस शिल्पोत्सव में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों के 33 स्टॉल लगाए गए हैं। उद्घाटन के प्रथम दिन ही प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में खरीदारों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति देखने को मिली। आगंतुकों ने स्थानीय हस्तशिल्प, हस्तकरघा, बांस एवं जूट उत्पाद, मिट्टी शिल्प, कलात्मक चित्रकारी



सहित विभिन्न पारंपरिक उत्पादों की सराहना की तथा खरीदारी भी की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन जिले के कलाकारों एवं शिल्पकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ उनके उत्पादों के विपणन का सशक्त मंच उपलब्ध कराते हैं। जिला प्रशासन स्थानीय कारीगरों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों एवं अन्य मंचों के माध्यम से कलाकारों और शिल्पकारों को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में इस तीन दिवसीय शिल्पोत्सव में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें तथा जिले के कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन करें। शिल्पोत्सव में हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों के विपणन की व्यवस्था, कला प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नाट्य कला एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी। यह आयोजन स्थानीय शिल्प एवं कौशल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पलामू पुलिस में फेरबदल: कई थानों व ओपी में नए प्रभारियों की तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में पुलिस प्रशासन को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने के उद्देश्य से कई थानों, ओपी तथा ट्रैफिक शाखा में पदस्थापन एवं प्रभार में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, सब इंस्पेक्टर रूद्रानंद सरस को ट्रैफिक प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सब इंस्पेक्टर राजेश रंजन को तरहसी थाना प्रभारी, सब इंस्पेक्टर चंद्रशेखर यादव को किशुनपुर ओपी प्रभारी तथा बिरेन्द्र मेहता को दंगवार ओपी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, बीडीओ-सीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हैदरनगर (पलामू)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सोमवार को हैदरनगर प्रखंड में प्रशासनिक गतिविधियां तेज रहीं। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने अभियान की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को निर्धारित



समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में भाई बिगहा स्थित मतदान केंद्र संख्या 97 एवं 98 पर चल रहे एसआईआर कार्य का प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह एवं जनसेवक अमरेश कुमार ने निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण, मतदाता सूची के अद्यतन कार्य और बूथ स्तर पर चल रही प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा त्रुटियों के शीघ्र सुधार पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करना, त्रुटियों का सुधार करना तथा मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज एवं सही जानकारी उपलब्ध कराकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने तथा जिन मतदाताओं के नाम, पता अथवा अन्य विवरण में त्रुटि है, उनसे विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान उसका सुधार कराने का आग्रह किया। बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों, सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से भी अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय पर प्रपत्र भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जा सकता है, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और मजबूत लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे सड़क मरम्मत, 14 से 17 जुलाई तक बदलेगा रूट

**हुसैनाबाद/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जपला से दंगवार जाने वाले मुख्य मार्ग पर हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत को लेकर प्रशासन ने चार दिनों के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) हुसैनाबाद ने इस संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे सड़क अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष के अनुरोध पर 14 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक सड़क मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इस दौरान उक्त मार्ग पर वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से बंद रखते हुए वैकल्पिक मार्ग से परिचालन कराया जाएगा।प्रशासन ने बताया कि जपला से दंगवार जाने वाले वाहनों का परिचालन कोरियाडीहझनवीनगर मार्ग तथा जपला नहर मोड़झपथरा रोड होते हुए बभनडीझदोबटिया मार्ग से कराया जाएगा। एसडीओ ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि दंगवार ओपी एवं नहर मोड़ के समीप पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर वैकल्पिक मार्ग पर यातायात सुचारु रूप से संचालित कराया जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और मरम्मत कार्य भी सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सके।प्रशासन ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### 12 वर्षीय भतीजे की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद में चाचा ने अपने ही 12 वर्षीय भतीजे रोशन बैठा की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक साधु बैठा का पुत्र था। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल रोशन को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा अनिल बैठा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### निर्माण कार्य में निर्धारित समय एवं गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं : डीएम


**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की उच्चस्तरीय बैठक समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमें जिले में चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक, बुनियादी ढांचा, भू-अर्जन, सड़क, पुल, विद्युत आपूर्ति सहित जनकल्याणकारी अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।



निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंताओं एवं विभागीय पदाधिकारियों को सभी परियोजनाओं के निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने का निर्देश दिया। भूमि विवाद या स्थानीय बाधाओं को लेकर उन्होंने विभाग को समन्वय स्थापित बाधा दूर करने का निर्देश दिया। इस क्रम में भू-अर्जन, औद्योगिक क्षेत्र स्थापना कोढा ग्रीड निर्माण कार्य, स्टेट हाईवे-98 निर्माण, रेल लाइन दोहरीकरण,एन.एच. 131ए अमदाबाद-मनिहारी), ग्रामीण अवसंरचना, पंचायत सरकार भवन,मदरसा सुदृढीकरण, महादलित विकास मिशन के तहत सामुदायिक भवन-सह- वर्कशेड निर्माण, आरओबी निर्माण ,हर खेत तक सिंचाई को लेकर लघु सिंचाई एवं नलकूप योजना,विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण कार्य विभाग आदि विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भाजपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक


**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला बैठक में मुख्य रूप से आये



खान एवं भूतत्व मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रमोद कुमार का जिला अध्यक्ष मनोज राय सहित कार्यकताओं ने पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज राय द्वारा संगठन मजबूती को लेकर एवं पार्टी द्वारा दिया गया आगामी कार्यक्रम को जिला स्तर पर मंडल पंचायत एवं बूथ स्तर पर बेहतर रूप से कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर करने को कहा। इस अवसर पर बैठक में जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, महेंद्र झा नगर के सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता जिला बैठक में शामिल हुए।

### जिला विद्युत समिति की बैठक में विधायक ने रखी बात

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जिला विद्युत समिति की बैठक में जिला अंतर्गत कटिहार विधानसभा क्षेत्र के सिरनिया दलन एवं महानंदा कॉलोनी के निकट कटिहार में निमार्णाधीन पावर सब स्टेशन को नियत अवधि में पूरी करने को कहा। जिससे कि कटिहार विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि कटिहार जिला अंतर्गत ग्रिड स्टेशन के




निर्माण में काफी विलंब हो रहा है। जिससे अपेक्षित लाभ कटिहार को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारी से ग्रिड स्टेशन के निर्माण हेतु भू-अर्जन का कार्य जल्द करने का आग्रह किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के पूर्व जनवरी से मार्च के बीच वृक्षों के टहनियां की कटाई वन विभाग के सहयोग से पूर्ण कर लिया जाए, जिससे कि वर्षा एवं आंधी के समय वृक्ष के गिरने से विद्युत उपकरणों की क्षति के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति भी बाधित नहीं हो।

## एसआईआर में जनसहयोग जरूरी, 95% गणना प्रपत्र अब भी मतदाताओं के पास : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि अभी भी लगभग



95 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाताओं के पास ही हैं, जिन्हें भरकर संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के पास जल्द से जल्द जमा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं, समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे मंगलवार को अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाकर जमा कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बिना जनसहयोग के इतने बड़े स्तर के इस महत्वपूर्ण अभियान को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना संभव नहीं है। एसडीओ ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए प्रत्येक पात्र मतदाता की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सहयोग सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## जपला जाने निकली महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत, टूटा दुखों का पहाड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के करडंडा गांव निवासी अनिता देवी (48), धर्मेन्द्र मेहता की पत्नी, की सोमवार सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वह इलाज कराने के लिए जपला जाने निकली थीं और डीजीआर ट्रेन पकड़ने के लिए काशी स्रोत रेल पुल पार कर रही थीं। इसी दौरान पोल संख्या 347/13-15 के बीच डाउन दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गईं। बताया जाता है कि उन्हें कान से कम सुनाई देता था, जिससे ट्रेन आने की भनक नहीं लगी और



हादसा हो गया। घटना की सूचना पर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका अपने पीछे पति धर्मेन्द्र मेहता, दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गई हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## 900 सीटों का सरकारी डिग्री कॉलेज, पढ़ाने को सिर्फ एक शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) ।** करोड़ों रुपये की लागत से बने सरकारी डिग्री कॉलेज का भवन अब चालू हो चुका है और नामांकन भी शुरू हो गया है, लेकिन शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों की भारी कमी ने पूरे संस्थान की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हुसैनाबाद अनुमंडल के इस एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज में 900 सीटों की क्षमता है, लेकिन वर्तमान में केवल 191 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। इसका सबसे बड़ा कारण नियमित शिक्षकों का अभाव माना जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि पूरे कॉलेज में इतिहास विषय के केवल एक नियमित शिक्षक चंदन कुमार पाण्डेय कार्यरत हैं। उनके अलावा एक प्राचार्य और दो टीचिंग असिस्टेंट के भरोसे पूरे कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था संचालित हो रही है। अधिकांश विषयों में नियमित शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई विषयों की कक्षाएं नियमित नहीं चल पा रही हैं और छात्रों को स्वाध्याय के सहारे परीक्षा की तैयारी करनी पड़ रही है। यह वही सरकारी डिग्री कॉलेज है, जिसके भवन का वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और तत्कालीन विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शिलान्यास किया था। करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण के बावजूद वर्षों तक हैंडओवर नहीं होने से पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी। अब भवन विभाग को सौंपा जा चुका है और नामांकन भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कॉलेज में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होते तो बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं निजी कॉलेजों की बजाय सरकारी कॉलेज में नामांकन लेते। शिक्षकों की कमी के कारण आज भी कई विद्यार्थी मजबूरी में अधिक फीस देकर एके सिंह डिग्री कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर इसका अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।शिक्षा से जुड़े लोगों का कहना है कि केवल भवन बन जाने से उच्च शिक्षा की व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी विषयों में नियमित शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता अनिवार्य है। यदि शीघ्र नियुक्तियां नहीं हुई तो सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा और इसका सबसे अधिक नुकसान ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि कॉलेज में अविलंब नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस संस्थान का वास्तविक लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिल सके और उन्हें निजी कॉलेजों में अधिक फीस देकर पढ़ने की मजबूरी से राहत मिल सके।

## चंदौरी रोड-कालीबाड़ी मोड़ के खुले नाले से बढ़ी परेशानी, चैंबर ने नगर आयुक्त व महापौर से की त्वरित कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरिडीह ने शहर के चंदौरी रोड से कालीबाड़ी तक मिलने वाले सड़क मोड़ पर खुले नाले के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात समस्या, दुर्घटना की आशंका और दैनिक जाम को लेकर नगर आयुक्त एवं महापौर को पत्र सौंपकर अविलंब समाधान की मांग की है चैंबर के अध्यक्ष राहुल कुमार वर्मन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि उक्त मोड़ पर स्थित खुला नाला स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। नाले के खुले रहने और किनारों के क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन सड़क के बीच से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे सुबह और शाम के समय अक्सर आधे से एक घंटे तक लंबा जाम लग जाता है। इस दौरान एंबुलेंस, स्कूली बसें और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अंधेरा होने या जलजमाव की स्थिति में खुला नाला दिखाई नहीं देता, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं नाले से उठने वाली दुर्गंध और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से आसपास के लोग भी परेशान हैं चैंबर ने नगर निगम से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए खुले नाले को आरसीसी स्लैब से तत्काल ढंकने, नाले के आसपास के अस्थायी अतिक्रमण को हटाने तथा सड़क को चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाया जाए चैंबर ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम इस गंभीर समस्या पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए आम जनता को राहत प्रदान करेगा।

## संगठन की मजबूती को लेकर तीन दिवसीय गिरिडीह प्रवास पर जिला प्रभारी डॉ. संजय सिंह, पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी, गिरिडीह महानगर के जिला प्रभारी डॉ. संजय सिंह तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर गिरिडीह पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। रात्रि विश्राम भी गिरिडीह में किया डॉ. संजय सिंह ने जिला स्तरीय एवं विभिन्न मंडलों की बैठकों में भाग लेते हुए कार्यकताओं से संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके अथक परिश्रम से संगठन लगातार मजबूत हो रहा है बैठकों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, नए सदस्यों को जोड़ने, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रमुख कार्यकताओं से सुझाव भी लिए गए उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक ले जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी पहचान है और प्रत्येक कार्यकर्ता इसकी मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तीन दिवसीय प्रवास के दौरान कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया इस आशय की जानकारी भाजपा गिरिडीह महानगर के जिला मीडिया सह-प्रभारी राजेश जायसवाल ने दी।

## भौतिक-कामनाओं की पूर्ति हेतु हुई थी 'मां मनोकामना' की स्थापना : मां विजया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साकेत (दिल्ली)।** मनुष्य की भौतिक-कामनाओं की पूर्ति के लिए ही 'माँ मनोकामना देवी की स्थापना ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी द्वारा की गयी थी। श्रद्धापूर्वक यहाँ प्रार्थना करने वालों की सदकामनाएँ अवश्य पूर्ण होती है। किन्तु मानव-जीवन का लक्ष्य यह नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति है, जिसके लिए साधना का मार्ग ही आवश्यक है। यह बातें सोमवार को पर्यावरण कंपलेक्स स्थित माँ मनोकामना मंदिर में, अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में आयोजित, 'माँ मनोकामना देवी' की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ और संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार के अवतरण दिवस समारोह में, अपना आशीर्वचन देती हुई, संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रह्मनिष्ठ सदगुरुमाता माँ विजया जी ने



कही। माताजी ने कहा कि व्यक्ति प्रत्येक क्षण बदल रहा है। आज से २५ साल पहले व्यक्ति जैसा था, आज वैसा नहीं दिखता। कुछ वर्षों के पश्चात आज जैसा भी नहीं दिखेगा। शरीर में अनेक कोशिकाएँ हैं, समस्याएँ भी तनी ही हैं। इनसे मुक्ति का मार्ग 'इस्सयोग' की साधना है, जिसका प्रवर्त्तन ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी ने किया। 'इस्सयोग' संसार को दिया गया, उनका अनुपम उपहार है। माताजी ने कहा कि साधना और गुरुसेवा से मानसिक विकार दूर होते हैं। विकार दूर होने से कष्ट दूर होते हैं। यह जानकारी देते हुए, संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि समारोह का उद्घाटन, पूर्वाह्न १० बजे, श्रीमाँ के निदेशानुसार, संस्था के संयुक्त सचिव-सह-कोषाध्यक्ष ई उमेश कुमार ने दीप-प्रज्वलित कर किया। सदगुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने किया। पं प्रभात झा द्वारा किए गए 'गुरु शतनाम स्तोत्र' के पाठ से कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ हुआ। इसके पश्चात एक घंटे के अखंड संकीर्तन, आधे घंटे की आह्वान की साधना, पूज्य गुरुदेव की आरती और फिर माँ मनोकामना के विधिवत पूजन और आरती की गयी। इस अवसर पर इस्सयोगियों ने अपने भावोदगार व्यक्त किए, जिनमें लंदन से आए अभिषेक आनन्द, लुधियाना के सुधांशु सुमन, उड़ीसा से दुगार्दास पण्डा, भुवनेश्वर से दा गीता जेना, लखनऊ से दुष्यंत यादव, बोकारो से कैलाश सुहासरिया, बंगलुरु से हरि पण्डा, फरीदाबाद से वंदना कर्ण, बिहार से शैल कुमारी, ऋतुबाला, हरियाणा से श्रीकांत कुमार, मनीषा अग्रवाल, अल्पना श्रीवास्तव, सविता कुमारी के नाम सम्मिलित है। संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने अपने संबोधन में माँ मनोकामना मंदिर की स्थापना का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया तथा पूज्य सदगुरुदेव और गुरुमाँ की कृपाओं के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर शक्तिपात-दीक्षा का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें ५१ नव-जिज्ञासुओं को माताजी द्वारा, इस्सयोग की आंतरिक साधना आरंभ करने हेतु आवश्यक 'शक्तिपात-दीक्षा' दी गयी। समारोह में, संस्था के संयुक्त सचिव लक्ष्मी प्रसाद साहू, संगीता झा, शिवम् झा, सरोज गुटगुटिया, दीनानाथ शास्त्री, सी एल प्रसाद, वंदना वर्मा, डा जेठानंद सोलंकी, डा दार्शनिका पटेल, माया साहू, विजय मालिनी, योगेन्द्र प्रसाद, डा जेठानंद सोलंकी, राधेश्याम पाण्डेय, गिरिजेश गुप्ता, वीरेन्द्र राय, ललन प्रसाद, आर सी तिवारी, विजय रंजन, ममता जमुआर, मंजिता अंजलि तथा विनोद तकियावाला समेत देश के विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों की संख्या में

# टीबी मुक्त अभियान में बिहार के टॉप-पांच जिलों में औरंगाबाद ने बनाई जगह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला की उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की गई। बैठक में सभी जिलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत औरंगाबाद जिला राज्य के शीर्ष-5 जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 61,137 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जो निर्धारित साप्ताहिक लक्ष्य का 258 प्रतिशत है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य टीम, जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। बैठक में बताया गया कि 14 अगस्त तक जिले में कुल 1,48,838 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि अभियान के प्रथम सप्ताह में जिले में लगभग 15,000 स्क्रीनिंग ही हो सकी थी, जबकि निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप अब स्क्रीनिंग का आंकड़ा एक लाख से अधिक तक पहुंच चुका है। मुख्य सचिव ने इस उल्लेखनीय प्रगति की सराहना करते हुए अभियान की गति एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि औरंगाबाद जिले की यह उपलब्धि सभी स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, जीविका दीदियों, संबंधित विभागों तथा निक्षय मित्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अभियान की निरंतर निगरानी कर रहा है और 14 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के साथ-साथ औरंगाबाद को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

# बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत कोसडिहरा गांव निवासी 24 वर्षीय बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बिट्टू रविवार को अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहा था जिसमें वह हादसे का शिकार हो गया। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया लेकिन परिजन जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज लेकर गए। वहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल बिट्टू को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बिट्टू धबौल गांव अपने बड़े भाई हरिद्वार पासवान के साढू को मोबाइल देने गया था। मोबाइल देकर घर लौटने के दौरान ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह गांव में रहकर स्कूल वाहन चलाता था और परिवार को आर्थिक सहयोग करता था। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया हैं। वहीं हादसें में दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर लिया गया है तथा दूसरे बाइक चालक की तलाश की जा रही हैं।

# जिले में जारी होंगे 48,241 नए राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत 13 अगस्त मिशन के तहत नए राशन कार्ड निर्गत करने की प्रगति की राज्यस्तरीय समीक्षा की। बैठक में सभी जिलों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान औरंगाबाद जिले की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि जिले में एनएफएसए के अंतर्गत कुल 18,90,221 लाभार्थियों की सीमा निर्धारित है, जिसके विरुद्ध वर्तमान में 16,85,195 लाभार्थी आच्छादित हैं। जिले में शेष पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए 48,241 नए राशन कार्ड जारी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को 13 अगस्त, 2026 तक पूरा करने के लिए प्रतिदिन 1,608 राशन कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र परिवारों का शीघ्र सत्यापन कर समयबद्ध तरीके से नए राशन कार्ड निर्गत किए जाएं, ताकि कोई भी पात्र परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अभियान की नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान में और अधिक गति लाते हुए सभी पात्र परिवारों तक राशन कार्ड की सुविधा समय पर पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जाए तथा पात्रता रखने वाले किसी भी परिवार को योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। साथ ही उन्होंने इस अभियान में विकास मित्र के माध्यम से सभी टोलों में प्रचार प्रसार कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि जिन परिवारों का राशन कार्ड अभी तक नहीं बना है अथवा पात्र होने के बावजूद वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में शामिल नहीं हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित प्रखंड कार्यालय अथवा ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर अभियान का लाभ उठाएं।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से छोटे भाई की मौत, बड़ा घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दाउदनगर थाना क्षेत्र में एनएच 139 पर पसवा मोड़ के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें उसपर सवार छोटे भाई की मौत हो गई जबकि बड़ा घायल हो गया। मृतक की पहचान नौडीहा गांव निवासी रामचंद्र पासवान के 29 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार जबकि घायल युवक की पहचान मृतक के बड़े भाई पिंटू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गोलू कुमार हिमाचल प्रदेश की एक फैक्ट्री में काम करता था। वह कुछ दिन पहले छुट्टी पर अपने गांव आया था। सोमवार सुबह छुट्टी खत्म होने के बाद वह अपने बड़े भाई के साथ बाइक से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित सब्जी लदे पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और दोनों भाइयों को रौंद दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को दाउदनगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद गोलू कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि पिंटू कुमार का प्राथमिक इलाज किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में सीओ समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को बुलाने की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशितों को समझा बुझाकर शांत करवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# अपहरण मामले में दोषी को बीस साल की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मीकांत मिश्रा ने ओबरा थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के चिड़िया बिगहा निवासी राजा कुमार उर्फ राजा हिन्दुस्तानी को भादंवि धारा - 87 में सात साल की सजा और बीस हजार रुपए जुर्माना लगाया है और पोक्सो एक्ट की धारा-4(2) में बीस साल कारावास की सजा और तीस हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन मास अतिरिक्त कारावास होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद को कोर्ट द्वारा निर्देशित किया गया है कि पीड़िता को एक लाख रुपए प्रतिकर दिलाने का प्रयास करें। अभियुक्त को 06 जुलाई 2026 को इस वाद में दोषी करार दिया गया था। प्राथमिकी सूचक ने 19 सितंबर 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 27 अगस्त 2024 को मेरी नाबालिग लड़की प्रतिदिन के भांति स्कूल गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई तो रिस्तेदारो से पता चला कि अभियुक्त ने बहला-फुसलाकर मेरी नाबालिग लड़की को अपहरण कर लुधियाना ले गया है और प्रवेशन लौगिक हमले किये है। अभियोजन की ओर से 07 गवाही हुई थी। अभियुक्त इस वाद में इसके पहले छह माह 15 दिन जेल में रह चुका है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपित दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मी कांत मिश्रा ने नवीनगर थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को इस वाद में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि थाना क्षेत्र के धनौती निवासी अभियुक्त कुंदन कुमार उर्फ सचीन को बीएनएस की धारा -79 और 351 में दोषी करार दिया है। अभियुक्त पूर्व से ही इस वाद में जेल में बंद हैं। अभियुक्त को 17 जुलाई को सज़ा सुनाई जाएगी। प्राथमिकी सूचक ने 18 जून 2025 को अभियुक्त पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर हमेशा अश्लील हरकत करता था। इन हरकतों का वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करने लगा। जब लड़की ने विरोध किया तो उसने वीडीयो वायरल कर पीड़िता के परिवार को जान से मारने कीधमकी देने लगा। इसके बाद अभियुक्त पर कानूनी कार्यवाही हेतु पीड़िता के परिवार ने थाना में आवेदन दिया।

# विभिन्न मामलों में 19 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 14, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 205 लीटर देसी शराब एवं दो बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1006 वाहनों की जांच की गई जिसमें 31500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पांच कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पीएम सूर्य घर योजना : ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया में लाएं तेजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऋण आवेदनों की अस्वीकृति न्यूनतम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वास्तविक एवं अपरिहार्य कारणों में ही आवेदन अस्वीकृत किए जाएं। यदि किसी आवेदन में त्रुटि अथवा दस्तावेजों की कमी हो तो आवेदक का मार्गदर्शन करते हुए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाए ताकि आवेदन स्वीकृत हो सके। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि योजना का उद्देश्य अधिकाधिक पात्र उपभोक्ताओं तक सौर ऊर्जा का लाभ पहुंचाना है। इसलिए बैंक ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाएं तथा अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत करने की दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को सभी बैंकों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों की निरंतर समीक्षा करने तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना राज्य एवं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके सफल क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराएं ताकि जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की गति तेज हो सके और अधिकाधिक परिवार स्वच्छ ऊर्जा के साथ बिजली बिल में राहत का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में डीडीसी अनुपम सिंह, एलडीएम, बैंक प्रतिनिधि एवं विद्युत विभाग के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आमलोगों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सात निश्चय-3 अंतर्गत ल्लसबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब नहीं हो।

# पांडुलिपियों के संरक्षकों को डीएम ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत जिले में पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जिले में 75 वर्ष अथवा उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेजों एवं पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन कराया गया। इनमें कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु तथा अन्य पारंपरिक माध्यमों पर लिखित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की पांडुलिपियां शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, ऐतिहासिक अभिलेखों एवं प्राचीन ग्रंथों का संरक्षण कर उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है ताकि उनमें निहित ज्ञान का शोध, अनुवाद एवं प्रकाशन के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रसार किया जा सके। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 15 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक संचालित इस विशेष अभियान के दौरान जिले में 26,158 हस्तलिखित दस्तावेजों एवं पांडुलिपियों का सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ औरंगाबाद जिला राज्यस्तरीय सर्वेक्षण में छठे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि जिले में ऐतिहासिक धरोहरों, अभिलेखों एवं पांडुलिपियों के संरक्षण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता एवं सामूहिक प्रयासों का परिचायक है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही जिले में उपलब्ध दुर्लभ एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने वाले निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें 13वें सज्जादा नशीन सैयद शाह हसनैन कादरी, सैय्यद मोहम्मद हुसैन कादरी, सज्जादा नशीन, पत्रकार डॉ. उपेन्द्र कश्यप, डॉ. प्रो. राजेन्द्र प्रसाद सर्राफ, एसएमए सबा कादरी, पीर सैयद शाह मंजर अली कादरी, सत्येन्द्र नारायण सिंह एवं नरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल है।

# झारखंड से आए दंपति ने बच्ची को लिया गोद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मानवीय संवेदनाओं और सरकारी नियमों के संगम का परिचय देते हुए एक बालिका को झारखंड से आए एक दंपति को सौंपा। यह सुपुर्दगी 'दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण' के लिए स्थायी रूप से की गई है। जिलाधिकारी ने बालिका को दंपति की गोद में सौंपते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह पूरी प्रक्रिया औरंगाबाद की दत्तक ग्रहण समिति की अनुशंसा और विधिक प्रावधानों के तहत संपन्न हुई है। जिलाधिकारी ने बताया कि दत्तक ग्रहण करने वाले अभिभावक झारखंड राज्य से आए थे जिन्होंने बालिका को अपने परिवार का हिस्सा बनाने की इच्छा व्यक्त की। जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण एवं देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को प्रेम, सुरक्षा, शिक्षा एवं बेहतर भविष्य का अधिकार है।

# आशा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के सभी प्रखंडों सहित जिला मुख्यालय में सोमवार को आशा कार्यकर्ताओं और फैसिलिटेटरों ने अपनी 13 सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय में जिला मंत्री सुधा सुमन और वरीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रमेश चौक से समाहरणालय मार्ग होते हुए दानी बिगहा स्थित धरना स्थल तक मार्च निकाला। प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने केंद्र-राज्य सरकार से लंबित मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन आज भी उन्हें उनके कार्य के अनुरूप सम्मान, वेतन, सुरक्षा और सामाजिक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सभा को संबोधित करते हुए जिला मंत्री सुधा सुमन, वरीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ प्रसाद सिंह, मदनपुर अध्यक्ष कुसुमलता देवी और देव अध्यक्ष बिंदु कुमारी ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य योजनाओं के सफल संचालन में आशा कार्यकर्ताओं पर निर्भर है लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने संसद में घोषित बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि का एरियर सहित तत्काल भुगतान करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद आशा संघ की ओर से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को छह सूत्री और बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग को 7 सूत्री मांगपत्र भेजा गया। प्रदर्शन में शिल्पा कुमारी, प्रभा कुमारी, रंभा देवी, संजू कुमारी, आरती कुमारी, बीना देवी, ललमनी देवी, सुषमा कुमारी, नेहा कुमारी आदि शामिल रहीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# छात्रों को मिली उद्योग जगत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** युवाओं को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी दक्षता एवं रोजगारपरक कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड एवं इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) के संयुक्त तत्वावधान में स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उद्योग जगत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यशाला के दौरान आईडीटीआर के प्रशिक्षक सोनू कुमार एवं मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को आधुनिक ऑटोमोबाइल उद्योग में हो रहे तकनीकी परिवर्तनों, स्किल डेवलपमेंट, रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं, उद्योगों की अपेक्षाओं, कार्यस्थल पर अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, सुरक्षा मानकों तथा व्यावसायिक दक्षताओं के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल और सकारात्मक कार्य संस्कृति ही विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

